सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-19 अंक-79 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 07 सितम्बर 2025
14 रबीउलअव्वल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**■ एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के बाद पहुंचे राष्ट्रपति भवन**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

यह मुलाकात प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में जापान और चीन की यात्रा से लौटने के बाद हुई है। पीएम मोदी ने 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 25वीं बैठक में हिस्सा लिया था। इस शिखर सम्मेलन में एससीओ की विकास रणनीति, वैश्विक शासन सुधार, आतंकवाद-निरोध, शांति और सुरक्षा, आर्थिक और वित्तीय सहयोग तथा सतत विकास जैसे अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में पहलगाम आतंकी हमले को उठाया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि एससीओ को आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को स्पष्ट रूप से और सर्वसम्मति से खारिज करना चाहिए।

प्रधानमंत्री की यह भेंट उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई है। उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान 9 सितंबर को होने हैं। इस चुनाव में एनडीए और विपक्ष, दोनों ने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। एनडीए ने महाराष्ट्र के मौजूदा राज्यपाल और तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जीएसटी सुधारों के लिए किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, सूत्रों ने बताया है कि भाजपा सांसदों की कार्यशाला बैठक में जीएसटी सुधारों के लिए पीएम मोदी को सम्मानित करने की योजना है। इस कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसकी योजना तो जीएसटी में सुधार होने से कई दिन पहले ही बन गई थी, लेकिन अब मोदी भी इसमें भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि नए जीएसटी स्लैब की घोषणा के लिए सांसदों द्वारा पीएम का सम्मान किए जाने की संभावना है। जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवंबर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजित की जाएगी। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा, और सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी।

## पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय सत्र में नहीं होंगे शामिल

**संयुक्त राष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च-स्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। यहां जारी वक्ताओं की संशोधित अनंतिम सूची से यह जानकारी मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र नौ सितंबर को शुरू होगा।

उच्च स्तरीय सत्र 23 से 29 सितंबर तक होगा जिसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा उसके बाद अमेरिका दूसरे स्थान पर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को यूएनजीए के मंच से वैश्विक नेताओं को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र सत्र में यह उनका पहला संबोधन होगा। सत्र में शामिल होने वाले वक्ताओं की जारी संशोधित अनंतिम सूची के अनुसार भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। वह 27 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे। इससे पहले जुलाई में जारी वक्ताओं की अनंतिम सूची में यह जानकारी दी गई थी कि प्रधानमंत्री मोदी 26 सितंबर को सत्र को संबोधित करेंगे।

# बिहार के बाद पूरे देश में होगा एसआईआर

**■ तैयारियों पर चर्चा के लिए चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को बुलाई अहम बैठक**




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की नियमित बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में चुनाव से जुड़े सभी अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। मतदाता सूची की समीक्षा, आचार संहिता का पालन, तकनीकी सुधार और पारदर्शिता जैसे विषय एजेंडे में शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बैठक का मकसद आगामी चुनावों को सुचारू और विश्वसनीय ढंग से आयोजित करना है।

बिहार के बाद अब देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) लागू करने की तैयारी है। इस प्रक्रिया की पात्रता तिथि एक जनवरी 2026 रखी गई है। आयोग ने 24 जून को आदेश जारी कर एसआईआर की घोषणा की थी। इसे पहले सिर्फ बिहार में लागू किया गया था। अब आयोग ने तय किया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस पर काम आगे बढ़ेगा।

बैठक में सभी सीईओ को अपने-अपने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति पर प्रस्तुति देनी होगी। इसमें मतदाताओं की संख्या, पिछली गहन समीक्षा की जानकारी और संशोधन की मौजूदा स्थिति शामिल होगी। चुनाव आयोग के आदेश के बाद ही अंतिम समयसीमा तय होगी। बैठक दिल्ली के द्वारका स्थित चुनाव आयोग के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित होगी। चुनाव आयोग ने कहा था कि 2003 के बाद से गहन संशोधन (इंटेंसिव रिवीजन) नहीं हुआ है। शहरीकरण और पलायन की वजह से मतदाता सूची में डुप्लीकेट नामों की आशंका बढ़ गई है। इसलिए हर व्यक्ति के नामांकन से पहले गहन सत्यापन जरूरी है।

## बिहार मॉडल बनेगा आधार

बिहार में इस प्रक्रिया को पहले ही लागू किया गया था। वहां नए एन्यूमरेशन फॉर्म और 11 दस्तावेजों की सूची जारी की गई थी। सभी मौजूदा मतदाताओं को फॉर्म भरना पड़ा और 2003 के बाद जुड़े नामों के लिए पात्रता दस्तावेज देना अनिवार्य था। अब यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए आधार बनेगा। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

## गुजरात के पावागढ़ मंदिर में रोपवे की तार टूटी छह लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहल जिले में शनिवार को पावागढ़ शक्ति पीठ में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मालवाहक रोपवे की तार अचानक टूटने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लिफ्टमैन, दो मजदूर और दो अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। यह हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। घटना की पुष्टि पंचमहल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हरेश दुधात ने की है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्रशासन की टीमें मौके पर डटी हुई हैं। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तार टूटना बताई जा रही है। फिलहाल तकनीकी कारणों की गहराई से जांच की जा रही है।

# हर तीसरे महीने होगी बस चालकों की फिटनेस जांच

**■ ट्रांसपोर्ट सेक्टर में सृजित होंगे तीन लाख रोजगार : योगी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बस चालकों की हर तीसरे माह फिटनेस जांच अनिवार्य होना चाहिए। विशेष रूप से आंखों की जांच जरूरी है ताकि दृष्टि दोष के कारण दुर्घटनाएं न हों। वह शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करें। क्योंकि हर साल सड़क हादसों में कोरोना से ज्यादा मौत होती है। इनमें अधिकतर युवा होते हैं, जिससे परिवार उजड़ जाते हैं। सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी है। यदि किसी यात्री की जान बचती है तो यह विभाग की सकारात्मक छवि बनाता है, लेकिन लापरवाही से जान जाने पर न केवल विभाग की बदनामी होती है, बल्कि आर्थिक क्षति भी होती है।

इसके लिए आईआईटी खड़गपुर जैसी संस्थाओं की तकनीकी मदद, पुलिस और अन्य विभागों का समन्वय, साथ ही स्कूलों में ट्रैफिक नियमों पर शिक्षा जरूरी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग जैसी स्थितियों पर कड़े नियम लागू करने और लोगों को जागरुक करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विकसित एक ऐप के जरिए अत्यधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों की पहचान की गई, जिससे कई स्थानों पर हादसों की संख्या घटकर महीने में 18 से घटकर 3 तक हो गई।

पर्यावरण प्रदूषण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने पर जोर दिया। कहा कि परिवहन और नगर विकास विभाग गांव-गांव कनेक्टिविटी और बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के जरिए न सिर्फ प्रदूषण कम कर सकते हैं, बल्कि 3 लाख तक नए रोजगार भी सृजित कर सकते हैं। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, परिवहन विभाग के प्रमुख अमित गुप्ता, परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवहन विभाग विकसित भारत की परिकल्पना का सारथी बनेगा। निगम के पास देश में सबसे बड़ा बेड़ा है। कोरोना काल में परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि बिहार, झारखंड और उत्तराखंड तक प्रवासियों को सुरक्षित पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## लखनऊ, गाजियाबाद, अयोध्या सहित इन शहरों के बस स्टेशन होंगे आधुनिक

**लखनऊ।** गोमतीनगर सहित प्रदेश के छह बस अड्डों को ओमेक्स ग्रुप का वेंचर बीटुगेदर पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक बनाएगा। शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओमेक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक मोहित गोयल की उपस्थिति में चार का शिलान्यास किया। एमडी मोहित गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई देने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेशभर में आधुनिक बस अड्डे बनाए जा रहे हैं। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किए जाने वाले छह बस अड्डों में चार का शिलान्यास किया गया। इनमें लखनऊ में विभूतिखंड बस अड्डा, गाजियाबाद (ओल्ड), प्रयागराज (सिविल लाइंस) और अयोध्या धाम के बस अड्डे शामिल हैं। इसके अलावा बीटुगेदर अमौसी बस अड्डे व कौशांबी (गाजियाबाद) बस अड्डे का भी विकास करेगा। लगभग 2,700 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाले ये सभी छह बस अड्डे यात्री सुविधा व वाणिज्यिक गतिविधियों से युक्त होंगे। कार्यक्रम में बीटुगेदर के प्रेसिडेंट व बिजनेस हेड सुनील कुमार सोलंकी सहित परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर, प्रमुख सचिव परिवहन अमित गुप्ता उपस्थित रहे। गोमतीनगर के विभूतिखंड में बस अड्डे का आधुनिकीकरण चार साल में पूरा होगा। यहां यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एमडी मोहित गोयल ने बताया कि गोमतीनगर सहित सभी बस अड्डे पर ऑटोमेटेड टिकटिंग, डिजिटल शेड्यूल बोर्ड, एसी लाउंज, एस्केलेटर, लिफ्ट, स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम व चार्जिंग स्टेशन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा रिटेल आउटलेट्स, फूड कोर्ट, बैंक्वेट हॉल, स्टूडियो अपार्टमेंट्स आदि भी रहेंगी।

# राष्ट्रपति ट्रंप के अच्छे दोस्त और ग्रेट प्राइम मिनिस्टर वाले बयान पर मोदी ने दिया जवाब

**■ हम ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी राय की सराहना करते हैं**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना करते हैं। इससे पहले ट्रंप ने दोनों देशों के विशेष संबंध की सराहना की थी, जिसे दोनों देशों रिश्तों में आए तनाव को खत्म करने के प्रयास के तौर पर देखा गया।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह हमेशा मोदी के मित्र रहेंगे, लेकिन मोदी इस समय जो कर रहे हैं, वह उन्हें पसंद नहीं आया। ट्रंप ने विस्तार से नहीं बताया कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं। मोदी ने कहा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। दोनों नेताओं ने 17 जून को फोन पर हुई बातचीत के बाद पहली बार एक दूसरे के बारे में बयान दिए हैं। भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था।

## पीईटी : कड़ी निगरानी में हुई परीक्षा, कई जिलों में पकड़े गए सॉल्वर

**लखनऊ।** प्रदेश में समूह ग की भर्तियों के लिए अर्हकारी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में पहले दिन शनिवार की लिखित परीक्षा में निर्धारित अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते दस दूसरे लोग (सॉल्वर) पकड़े गए। वहीं पहले दिन की परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति 76 फीसदी रही है। परीक्षा को लेकर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व जिला प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी भी रखी गई।

आयोग की ओर से परीक्षा में अनधिकृत रूप से शामिल होने वाले सॉल्वर की पहचान के लिए एआई आधारित फेश रिकॉग्निशन सॉफ़्टवेयर का प्रयोग किया। इसके माध्यम से पहली पाली में 07 और दूसरी पाली में 03 लोग वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गये।

# आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी मायावती

**■ निष्कासन रद्द कर पार्टी में लिया वापस**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान जाने-अनजाने तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया।

## मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया

सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का एलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए उनके निष्कासन का फैसला तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

**आपदा** — कृषि मंत्री ने बताया इन वजहों से आई है पंजाब में भयंकर बाढ़

# पीएम मोदी को रिपोर्ट सौंपेंगे शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली।** बाढ़ प्रभावित राज्य पंजाब का दौरा करने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य में बाढ़ की स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके सौंपेंगे। कृषि मंत्री ने कहा शिवराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, पंजाब में बाढ़ की जो स्थितियां है उससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत ही चिंतित है। उन्हें के निर्देश पर मैं वहा के हालत समझने पंजाब गया था।

कृषि मंत्री ने कहा, पंजाब में जल प्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई है। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। अब बाढ़ग्रस्त इलाकों के पुनर्निर्माण के लिए हमें योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं बनानी होगी। मैं प्रधानमंत्री को पंजाब के नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट सौंपूंगा। संकट बड़ा है, लेकिन केंद्र सरकार संकट से बाहर निकलने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राज्य सरकार को भी गंभीरता के साथ जमीनी स्तर पर काम करना होगा।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ के लिए आंशिक रूप से सतलुज, व्यास, रावी और घग्गर नदियों के तटबंधों के कमजोर होने और अवैध खनन गतिविधियों के कारण हुई क्षति को जिम्मेदार ठहराया है। शिवराज ने लिखा कि, अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे और प्रकाश सिंह बादल जब पंजाब के सीएम थे, तब फसलों को बाढ़ से बचाने के लिए सतलुज, ब्यास, रावी और घग्गर नदियों पर बांध मजबूत और उंचे किए गए थे। लेकिन अवैध खनन के कारण वे कमजोर हो गए और गांव में पानी आ गया है। अब इन ढांचों को मजबूत करना जरूरी है ताकि पंजाब को भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचाया जा सके।

गौरतलब है कि, पंजाब सरकार ने भारी बारिश और नदियों के उफान के बाद सभी 23 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। लगभग 1,48,590 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो गई है और 1,400 से ज़्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं जिससे 3.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गुरदासपुर इस बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है जिसके 324 गांव चपेट में हैं। उसके बाद अमृतसर (135 गांव) और होशियारपुर (119 गांव) का स्थान है।

## सामाजिक संगठनों की सेवा भावना की सराहना की

मंत्री शिवराज ने पीड़ितों को भोजन, कपड़े और दवाइयां उपलब्ध कराने वाले हजारों सामाजिक कार्यकर्ताओं की सेवा भावना की सराहना की। आपदा की इस घड़ी में, न केवल पंजाब, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लोगों ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है। एकता और सेवा की यही भावना हमें बड़े से बड़े संकट से भी उबरने की शक्ति देती है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के योजनाबद्ध पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें राज्य को उबरने में मदद के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियों की आवश्यकता शामिल है। बाढ़ के बाद की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री शिवराज ने पानी कम होने पर संभावित बीमारियों के प्रकोप की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मृत पशुओं का सुरक्षित तरीके से निपटान करना होगा।

# नोटबंदी के दौरान शशिकला ने पुराने नोट देकर कांचीपुरम की खरीदी चीनी मिल : सीबीआई

**■ 450 करोड़ रुपये नकदी का हुआ था इस्तेमाल**



**चेन्नई।** तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी वीके शशिकला को लेकर सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर में दावा किया गया है कि शशिकला ने 2016 की नोटबंदी के दौरान 450 करोड़ रुपये पुराने नोट देकर कांचीपुरम की एक शुगर फैक्टरी खरीदी थी।

यह मामला पद्मादेवी शुगर लिमिटेड से जुड़ा है, जिसे 2020 में भारतीय ओवरसीज बैंक ने धोखाधड़ी घोषित कर दिया था। बैंक का आरोप है कि कंपनी ने 120 करोड़ रुपये का घाटा पहुंचाया। हालांकि, शशिकला का नाम एफआईआर में आरोपी के रूप में शामिल नहीं है, लेकिन इसमें दर्ज बैंक शिकायत और आयकर विभाग के दस्तावेजों में उनकी भूमिका का जिक्र है।

सीबीआई ने जुलाई 2025 में जांच अपने हाथ में ले ली और अगस्त में तमिलनाडु के छह ठिकानों पर छापे मारे। इनमें चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तेनकासी और कुछ कंपनियों जैसे ऐपू होटल्स लिमिटेड और ओटियम वुड इंडस्ट्रीज के दफ्तर भी शामिल थे।

## पटेल ग्रुप को 450 करोड़ रुपये नकद दिए

आयकर विभाग ने 2017 में शशिकला से जुड़े मामलों में छापे मारे थे। उस दौरान मिले दस्तावेजों में यह सामने आया कि नोटबंदी के दौरान पटेल ग्रुप को 450 करोड़ रुपये नकद दिए गए थे ताकि उनकी मिल खरीदी जा सके। बैंक की शिकायत में कहा गया कि पीएसएल के वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले हितेश शिवगन पटेल ने हलफनामे में स्वीकार किया कि उन्हें कांचीपुरम स्थित शुगर फैक्ट्री की बिक्री के एवज में 450 करोड़ रुपये पुराने नोटों में मिले थे।इस सौदे के लिए हितेश शिवगन पटेल, उनके पिता शिवगन पटेल और भाई दिनेश पटेल के बीच समझौता ज्ञापन हुआ था।

# नौवापुर बिल्हौरा नाव पलटने मामले में डीएम और एसपी ने जाना पीड़ितों का हालचाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** तहसील लखीमपुर के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नौवापुर से बिल्हौरा जा रही एक बड़ी नाव अचानक टकराकर पलट गई। नाविक के अनुसार नाव पर करीब 10 से 15 लोग सवार थे। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकले। सूचना पाते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ और राहत-बचाव अभियान शुरू कराया। दो को छोड़कर शेष सभी लोग सकुशल बाहर निकाल लिए गए, जबकि दो लोग अब भी लापता हैं।घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को तत्काल खोजबीन में लगाया। राहत-बचाव दल लगातार गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश कर रहा है। मौके पर अफसरों की निगरानी में तेजी से सर्च ऑपरेशन जारी है। इस दौरान सीओ सिटी, तहसीलदार सहित राजस्व टीम मौजूद रही हादसे से प्रभावित लोगों का हालचाल जानने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा नकहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां नाव पलटने से गश खाकर प्रभावित हुई महिला माधुरी का हालचाल लिया। डीएम ने माधुरी का हाथ थामकर ढाढ़स बढ़ाया और अपने हाथों से बिस्किट, फ्रूटी और पानी की बोतल दी। उन्होंने पास मौजूद परिजनों व महिला सदस्यों से कहा कि इस कठिन समय में माधुरी को भावनात्मक सहारा दें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रभावित महिला का हर हाल में समुचित इलाज व देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि प्रशासन पूरी मजबूती से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है इस दौरान एसपी संकल्प शर्मा ने भी पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम लगातार काम कर रही है और जल्द ही सफलता मिलेगी। गांव के लोगों ने बताया कि नाव पर रोजाना ग्रामीण आवागमन करते हैं। प्रशासन वहां मौजूद रहकर हर संभव सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

## पशुओं को नहलाने गये दस वर्षीय बालक की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत



**लखीमपुर-खीरी।** पशुओं को नहलाने आए दस वर्षीय बालक की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना खमरिया के गांव खमरिया निवासी रामसनेही का दस साल का पुत्र दिवाकर सुबह करीब साढ़े दस बजे अपने पशुओं को लेकर बाढ़ के पानी में नहलाने के लिए लेकर आया था। बताते हैं कि वह एक पशु को नहला रहा था। इसी बीच एक पशु गहरे पानी में चला गया। उसकी रस्सी दिवाकर के हाथ में फंस गई, जिससे वह भी तेज धार में जाकर बह गया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया वहां मौजूद लोगों भी धार के बीच में कूद पड़े और उसे कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। हादसे की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में दिवाकर को सीएचसी नकहा लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया।

## अधूरे पुल के खड़े पिलर से टकराकर पलटी सवारियों से भरी नाव

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर सदर तहसील के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। गांव नौव्वापुर घाट पर सवारियों से भरी नाव अधूरे पुल के खड़े पिलर से टकराकर पलट गई। नाव में करीब 20 लोग सवार बताए जा रहे हैं। इनमें से पिता-पुत्री लापता हैं। अन्य को सुरक्षित निकाल लिया गया है हादसा सुबह करीब आठ बजे होना बताया जा रहा है। नाव पर सवार होकर सभी यात्री नदी के दूसरे छोड़ पर जा रहे थे। नौव्वापुर घाट पर अधूरे पड़े पुल के खंभे से अचानक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे उसने सवार लोग तेज धार में बहने लगे। हादसे के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण भी नदीं में कूद पड़े और बचाव कार्य शुरू करते हुए प्रशासन को सूचना दी सूचना पाकर एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस विवेक तिवारी, एसओ खीरी आदि कई अफसर एनडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि हादसे में गांव नौव्वापुर निवासी कैलाश और उसकी पुत्री लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। अन्य यात्रियों को सकुशल बचा लिया गया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 214/2025 धारा 64(1)/87/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आकाश पुत्र रेशम सिंह निवासी ग्राम उमरिया थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## किराया वृद्धि के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर दिया धरना

सहारनपुर। मंडी समिति रोड स्थित स्वामी तुरियानंद मार्केट के व्यापारियों ने किराया वृद्धि के विरोध में अपनी-अपनी दुकानें बंद कर चाबियां स्वामी तुरियानंद ट्रस्ट के पदाधिकारियों को सौंपी और विरोध स्वरूप धरने पर बैठ गए। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज कालड़ा ने बताया कि ट्रस्ट पदाधिकारी अपनी मनमानी करते हुए 10 से 20 प्रतिशत तक किराया बढ़ा देते हैं। अब अचानक 7 प्रतिशत किराया और बढ़ाकर सभी व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, यदि कोई दुकान बिकती है तो उसकी रसीद बदलने के लिए 5 से 7 लाख रुपये तक वसूले जाते हैं और नए दुकानदार से 120 प्रतिशत तक अधिक किराया लिया जाता है। कालड़ा ने कहा कि आज ट्रस्ट की ओर से मीटिंग बुलाई गई थी, लेकिन चर्चा के बजाए सीधे किराया वृद्धि का फरमान सुना दिया गया। उधर, ट्रस्ट के पदाधिकारी महेंद्र ने व्यापारियों के आरोपों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट केवल 7 प्रतिशत किराया बढ़ा रहा है, जो कि कानूनन हर साल बढ़ाया जाता है। नोटिस भी सिर्फ उन्हीं लोगों को भेजे गए हैं, जिन्होंने पिछले दो-दो साल से किराया रोका हुआ है। धरने पर पंकज कालड़ा, हरविंदर सिंह सेठी, निर्दोष सैनी, प्रमोद चौधरी, अनूप कुमार, गगन सिंह, सोनू, अशोक मिड्ढा, राकेश मिड्ढा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दबोचा नशा तस्कर, स्मैक बरामद

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना चिलकाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार व सतीश कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर आजम पुत्र इदरीश निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना को जंगल ग्राम दुमझेडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## डीएम एवं एसएसपी ने किया मेला गुघाल का स्थलीय निरीक्षण



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने जनपद में 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले मेला गुघाल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने मेला के लेआउट को बारीकी से देखकर सभी को दिए निर्देश। मेला गुघाल के निरीक्षण के दौरान मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री की दुकानों को स्थान चिन्हित कर एक ही जगह लगाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दुकान पर प्लास्टिक के तिरपाल का प्रयोग न हो। खाद्य सामग्री बनाने वाली दुकानों में टीन शेड का प्रयोग किया जाए। प्रसाद के विक्रेताओं को सवास्थ्य के दृष्टिगत प्रसाद को ढककर रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि दुकान का स्थान चिन्हित करते हुए यह भी ध्यान दिया जाए कि आपातकाल स्थिति में अग्निशमन सहित अन्य वाहनों की पंहुच आसानी से हो सके। जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि मौसम के दृष्टिगत कहीं पर भी जल भराव न हो, ऐसे इंतेजाम किए जाएं तथा सुरक्षा मानकों को पूरा किया जाए। उन्होने कहा कि दुकानों के बीच उचित गैप रखा जाए। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल, मजबूत बैरिकेटिंग, साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सभी विभाग सौंपी गयी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। नाले एवं नालियों की साफ-सफाई के साथ ही फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मेले में आए आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जुबली पार्क में विधि विधान के साथ किया बल्लीपूजन



**सहारनपुर।** श्रीरामलीला जुबली पार्क के तत्वावधान में श्रीरामलीला स्थल जुबली पार्क में पंडित जी ने रथ सारथी डॉ.पंकज खन्ना,प्रधान महेन्द्र तनेजा, सुनील मदान से विधिवत् पूजा अर्चना के साथ बल्ली पूजन कराया।

क्लब के प्रधान महेन्द्र तनेजा ने कहा कि श्रीरामलीला जुबली पार्क के तत्वावधान में श्रीरामलीला एवं दशहर महोत्सव नई ऊर्जा और जोर शोर से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रीराम भक्तों को रोजाना नया देखने को मिलेगा। इस अवसर पर महामंत्री विवेक दुआ, राजकुमार नरूला, रम्मी धवन, राजेंद्र लाम्बा, संजय, साजन गंगा, नीरज कामरा, विवेक मनोचा, महेन्द्र सचदेवा, चंद्रमोहन अरोड़ा, सरदार भगत सिंह भाटिया, मनोज तनेजा, अमित भसीन, राजू चनना, सुधीर मिगलानी, मनोज विज, सनी सेठी, सनी अरोड़ा, खैराती लाल चौहान, अशोक छाबड़ा, दीपक खेड़ा, सचिन छाबड़ा, जितेन्द्र चावला, सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खीरी में सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर हुई नकलविहीन, शान्तिपूर्ण पीईटी परीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में शनिवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 दो पालियों में 26 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16144 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5456 ने परीक्षा छोड़ी परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा स्वयं सुबह से ही सक्रिय रहीं। दोनों अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से



नामांकित व उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या जानी और कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने को कहा नोडल अधिकारी/एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि पहली पाली में 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7,998 उपस्थित हुए, जबकि 2,802 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 10,800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8,146 उपस्थित और 2,654 अनुपस्थित रहे। डीएम-एसपी के साथ ही एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार भ्रमणशील रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दिनभर परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद रविवार को भी जिले के सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में क्ष्क्ष्ञ परीक्षा आयोजित होगी। प्रशासन ने दावा किया है कि कल भी परीक्षा पूरी शुचिता और सुरक्षा के बीच सम्पन्न कराई जाएगी।

## वुशू खिलाड़ियों ने अपने खेल का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश वुशू कप प्रतियोगिता में कई जिलों से आये वुशू खिलाड़ियो ने प्रतिभाग कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तर प्रदेश वुशू कप (बालक-बालिका) प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ सहारनपुर वुशू संघ के अध्यक्ष अभय चौधरी, क्रीडाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहारनपुर मण्डल ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जनपदीय क्रीड़ा समिति (माध्यमिक) के सचिव प्रवीण चौधरी ने खिलाड़ियो की फाइट करवाकर किया। सहारनपुर वुशू एसोसिएशन के सचिव सोनवीर सिंह ने कहा कि वुशू खेल मार्शल आर्ट की लोकप्रिय कला है। प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य वुशू खेल को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 07 सितम्बर को द्वितीय उत्तर प्रदेश वुशू कप प्रतियोगिता का समापन, पुरस्कार वितरण के साथ किया जायेगा। प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित हुए मुकाबालो खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल मे इंटरनेशनल रेफरी अमित शर्मा, नेशनल रेफरी राजविपिन जोशीया, नेहा कश्यप, संतोष पाल, गौरव सोलंकी, अमित, आकाश मौर्य, अविनाश चोपड़ा, अमर सिंह, आकाश चौधरी शामिल रहे। इस अवसर पर संदीप बेनीवाल, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, मुकेश राही, सतीश कुमार, अविनाश चोपड़ा,अमर सिंह, शिवानी, रविकांत धीमान समेत सहारनपुर वुश संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दसंवे दिन 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म' की पूजा अर्चना की

## जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ने की गजरथ यात्रा महोत्सव की घोषणा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दस दिवसीय दशलक्षण महा मांगलिक अनुष्ठान के दसंवे दिवस 'उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म' की पूजा की गयी।

जैन बाग स्थित जैन मंदिर में प्रातःकाल मंगल बेला में विश्व शांति और समस्त प्राणियों के सुख-समृद्धि के लिए अभिषेक और शांतिधारा की गयी। उसके बाद आचार्य श्री के सानिध्य में संपूर्ण जैन समाज जैन ने फाटक पहुंचकर जैन गजरथ यात्रा की घोषणा की।

श्री 'वीरोदय तीर्थ मंडपम' में आचार्य प्रवर विमर्श सागर महाराज ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर मंगल देशना देते हुए बताया कि दश लक्षण धर्म की आराधना करते-करते संपूर्ण परिग्रह का त्याग कर देने से जब आत्मा में आकिंचन धर्म प्रकट हो जाता है, तब मानव का उपयोग अन्यत्र न जाकर अपनी आत्मा में ही स्थिर हो जाता है, वास्तव में यही



ब्रह्मचर्य है, यह सभी धर्मो का सार है और धर्म का राजा है। यदि जीवन में धर्म को फलीभूत करना चाहते हैं तो ब्रह्मचर्य में लीन रहना होगा, ब्रह्मचर्य धर्म को धारण करने के लिए सभी इंद्रियों को नियंत्रित करना होगा।

इस दौरान गजरथ यात्रा महोत्सव की घोषणा करते हुए जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने बताया कि 10 से 15 अक्टूबर तक सम्पन्न होने वाले श्री गजरथ यात्रा महोत्सव सकल जैन समाज सहारनपुर के तत्वाधान में संपन्न होंगे। नगर में आचार्य विमर्श सागर महाराज का ससंघ विराजित है। महोत्सव की भव्यता को देखते हुए इसको सम्पूर्ण जैन समाज के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें पैरामाउंट कॉलोनी,आवास विकास कॉलोनी,चंद नगर, जैन बाग, महावीर कॉलोनी, मदनपुरी, वर्धमान,बड़तला यादगार, संगियान, शौरमियान, छत्ता जम्बू दास, छत्ता बारूमल, भगवती कॉलोनी, राघवपुरम कॉलोनी और अन्य सभी क्षेत्रो के समस्त श्रावक श्राविकाओ की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

धर्म सभा मे समाज के संरक्षक पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन, संगियान और फाटक क्षेत्र के चौधरीगण अजित जैन, दिनेश जैन, महामंत्री संजीव जैन, कोषाध्यक्ष अरुण जैन, सीए अनिल जैन, चौ.संदीप जैन,चौधरी डॉ.ए.के. जैन, चौ.अनुज जैन, अवनीश जैन नाटी, पार्षद गौरव जैन, अनुज जैन, अजय जैन, नितिन जैन, अतुल जैन मिन्नी,उप चौ.संदीप जैन, मुकेश जैन, प्रवीण जैन सर्राफ, राजीव जैन आदि समेत श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसएसपी ने पीईटी परीक्षा के तहत किया केन्द्रों का औचक निरीक्षण

### गुरूनानक, इस्लामिया एवं राजकीय इण्टर कॉलेज की व्यवस्थाओं को देखा

- परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सुविधाओं तथा पारदर्शी एवं नकल विहीन परीक्षा करवाने के दृष्टिगत किया गया निरीक्षण
- परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने पीईटी परीक्षा 2025 के तहत राजकीय इंटर कॉलेज कमेला रोड, गुरूनानक इण्टर कॉलेज एवं इस्लामिया इण्टर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की व्यवस्था को भी चेक किया गया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि पीईटी परीक्षा 2025 को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये है। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गयी है। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या न हो, इसके लिये ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए, इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता कर मृदुल व्यवहार करने को कहा।

# श्रद्धालुओं ने गोगा महाराज के प्रतीक के किए दर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री गुग्गा म्हाड़ी सुधार सभा के तत्वावधान में मेला गुघाल में बाबा जाहरवीर गोगा महाराज का पूजन विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक महाराज के प्रतीक का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मेला गुघाल में बाबा जाहरवीर गोगा महाराज का पूजन विधि विधान से किया गया। इस दौरान शहर और आस-पास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की। इस दौरान शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी, संस्था के अध्यक्ष गुलशन सागर, महामंत्री ओमप्रकाश सैनी, कोषाध्यक्ष विकास सैनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला। इस अवसर पर राजेंद्र, विकास उपाध्याय, राकेश, भाजपा नेता राजकुमार, भारत भारद्वाज, मुकेश दीक्षित, सीमादेवी, शिवकुमार, नाथी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादें

## गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश

### अनुपस्थित रहे अधिकारियों से स्पष्टीकरण, हेल्प डेस्क पर मिला आमजन को लाभ

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** तहसील नौतनवा में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने लगभग 130 शिकायतें सुनीं। इनमें से 25 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सौंपा गया।



जिलाधिकारी ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रथम व द्वितीय को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। तहसीलदार नौतनवा को भी अनुपस्थित अधिकारियों से जवाब-तलब करने को कहा। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस जनसमस्याओं के निस्तारण का अहम मंच है, इसलिए सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

भूमि विवाद से जुड़े 09 मामलों की जांच के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। पात्र गृहस्थी कार्ड से वंचित आवेदक स्वामी शंकरानन्द का नाम तत्काल जोड़ने का निर्देश भी दिया गया।

इस दौरान हेल्प डेस्क, आयुष्मान डेस्क, स्वास्थ्य शिविर और यूडीआईडी शिविर लगाए गए। इसमें 35 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, 03 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 04 दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी हुए और 08 लोगों का पंजीकरण हुआ।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कुलपहाड़ तहसील में आई 76 शिकायतें, 3 का निस्तारण

**मंडलायुक्त ने संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुन निस्तारण के निर्देश**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में शनिवार को मंडलायुक्त चित्रकूट धाम अजीत कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील कुलपहाड़ से कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरतापूर्व से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कर, जिससे उन्हें इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल को निर्देश दिए कि जब वह अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

### तहसील महोबा और चरखारी में आयाजित हुआ समाधान दिवस

तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आई 41 शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शिकायतों को संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच करते हुए निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार सदर तहसील में उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे कुमार की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें 49 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

# पैगंबर का जीवन इंसानियत के लिए आदर्श : मौलाना नोमानी

**पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से प्रेम करना ईमान का आधार है**



**लखनऊ।** नोमानी इंस्टीट्यूट फॉर बॉयज़ के तत्वावधान में आयोजित 12 दिवसीय सीरत-उन-नबी ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला में बाद अज़ खुदा बजुर्ग तुई, क़िस्सा मुख़्तसर शीर्षक पर मौलाना बिलाल नोमानी नदवी ने अपने व्याख्यान में कहा कि पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पवित्र जीवनशैली मानवता के लिए एक पूर्ण और व्यापक उदाहरण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अल्लाह ने पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को एक ऐसे आदर्श के रूप में भेजा, जिनका जीवन हर पहलू में हमारे लिए मार्गदर्शन का स्रोत है।

मौलाना बिलाल नोमानी ने कहा कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शख्सियत में हर दृष्टिकोण से पूर्णता है। वे एक आदर्श पिता, श्रेष्ठ पति, सच्चे दोस्त और भरोसेमंद, ईमानदार शासक और महान नेता थे। उनका जीवन, चाहे वह पारिवारिक हो, सामाजिक, सैन्य हो या राजनीतिक, हर तरह से पूर्ण और प्रेरणादायक है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी महान लोग हुए, उनकी जिंदगी में कहीं न कहीं कोई कमी रह गई, चाहे वे कवि हों, शासक, विद्वान हों या वैज्ञानिक। उनके करीबी और प्रशंसक भी मानते हैं कि उन्होंने कुछ अधूरे काम छोड़े। लेकिन पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जीवन हर दृष्टि से पूर्ण और अनुकरणीय है।

मौलाना ने बताया कि हज्जतुल विदा के अवसर पर, जब एक लाख चौबीस हजार से अधिक सहाबा (रजि.) मौजूद थे, पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने पूछा, क्या मैंने अल्लाह का संदेश पहुंचा दिया? सहाबा ने तीन बार गवाही दी कि हम गवाह हैं कि आपने नबूवत का हक अदा किया और मानवता तक संदेश पहुंचाया।÷ इससे साबित होता है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने वे सभी उद्देश्य पूरे किए, जिनके लिए अल्लाह ने उन्हें भेजा था।

उन्होंने पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की उच्च नैतिक विशेषताओं पर भी रोशनी डाली। वे दूसरों के प्रति दयावान, विनम्र और करुणा का सर्वोत्तम उदाहरण थे, जिसकी मिसाल मानव इतिहास में नहीं मिलती। अल्लाह ने कुरान में फरमाया-

और हमने तुम्हारा ज़िक्र बुलंद कर दिया।

यही कारण है कि गैर-मुस्लिम भी उनकी सीरत और नैतिकता से प्रभावित होते हैं। गैर-मुस्लिम कवि दिल्लू राम ने भी उनकी महानता को स्वीकार किया और लिखा-

अजीमुश्शान हैं, शान-ए-मुहम्मद,
खुदा है मर्तबा दान ए मुहम्मद,
कुतुबखाने किए मनसूख सारे,
किताब ए हक है कुरआन ए मुहम्मद,
नबी के वास्ते सब कुछ बना है,
बड़ी क़ीमती है जान-ए-मुहम्मद।

मौलाना ने एक वाकया का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार एक देहाती ने मस्जिद-ए-नबवी में पेशाब कर दिया, लेकिन पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उसे डांटने के बजाय प्यार और नरमी से समझाया। वे इस दुनिया में इज्जत देने आए थे, न कि किसी को अपमानित करने।

मौलाना ने इस बात पर भी जोर दिया कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से मोहब्बत ईमान का आधार है। सहीह बुखारी की एक हदीस में हजरत अनस (रजि.) से रिवायत है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया-

तुममें से कोई भी तब तक सच्चा मोमिन नहीं हो सकता, जब तक मैं उसे उसके माता-पिता, उसकी संतान और सभी लोगों से अधिक प्रिय न हो जाऊं।

उन्होंने कहा कि यह हदीस साफ करती है कि पैगंबर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से अपने जीवन, धन और संतान से भी अधिक प्रेम करना ईमान की सच्चाई का सबूत है। यह मोहब्बत केवल दावों से नहीं, बल्कि उनकी सुन्नत पर अमल करने और उनके रास्ते पर चलने से जाहिर होती है।

## गणपति बप्पा मोरिया के साथ मिलन मैरिज लॉन से विसर्जन शोभायात्रा

**सुल्तानपुर।** नगर के कुड़वार नाका सम्राट गणेश पूजा समिति विशाल जन समूह के साथ विसर्जन शोभा यात्रा देर शाम निकालने की तैयारी की गई थी।

आयोजक विजय कुमार वर्मा नें बताया कि बप्पा के विसर्जन शोभा यात्रा के लिए झांकी कार्यक्रम व चर्चित डीजे राजन कटेहरी के द्वारा विशाल शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति गणपति बप्पा की भव्य शोभा यात्रा लगभग 7 बजे महा आरती करने के बाद निकाली गई। मिलन मैरिज लॉन से विशाल हजारों भक्तों के साथ नाचते गाते हुए विभिन्न मार्गो से होते हुए सीता कुंड विसर्जन यात्रा समाप्त की गई।नागरिकों ने सपरिवार पधारकर इस भव्य यात्रा में सम्मिलित होकर बप्पा के दर्शन कर एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## झूठे मुकदमे में फंसाकर परेशान करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से


**अवधनामा संवाददाता**

**पूर्व में भी विपक्षी द्वारा थाने में दर्ज करवाया जा चुका है फर्जी मुकदमा**

**सुल्तानपुर, भदैया।** कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत हरीपुर बनवा निवासिनी सीता देवी पत्नी रामचन्दर के विरुद्ध कोतवाली देहात थाने में विपक्षी द्वारा बार बार शिकायती पत्र देकर फर्जी मुकदमा पंजीकृत करवाकर हैरान वा परेशान किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होकर अपनी आपबीती सुनाते हुए की।

अपने पिता के पूर्वजों के क्रम से अपने पिता के पूर्वजों की सम्पत्ति पर स्थित ग्राम हरीपुर बनवा,निवासी भगवादीन सुत राम टहल को कोई पुत्र संतान न होने के कारण पीड़िता ही एक मात्र वारिस है।पीड़िता ग्राम हरीपुर बनवा में निवासे पर होने के कारण आस-पास के लोगों का काफी विरोध उत्पन होता है। बार बार गांव छोड़ने के लिए धमकियां मिलती रहती हैताकि पीड़ित परिवार हरीपुर गांव छोड़कर चले जाएं।ताकि ये लोग मेरी जमीन पर कब्जा कर लें विपक्षियों ने जब पीड़ित की आबादी की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो पीड़िता ने न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया विचाराधीन चल रहा है। इसी विवादित भूमि से सम्बंधित मुकदमा बहाउ बनाम रामदुलार आदि न्यायालय में जो वादी की अनुपस्थिति में खारिज हो गया। विपक्षी मनोज कुमार की माता कल्पा देवी ने अकारण एक मुकदमा प्रार्थिनी व उसके पति चन्दर व उसके पुत्र अमर बहादुर, श्याम बहादुर, रोहित व पुत्रबधू उमा, पूजा, परिवार के सभी सदस्यों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत,समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए।

# ग्राम पचारा में सांप के काटने से ग्रामीण की मौत, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**पुलिस ने शव भेजा पोस्मार्टम को, ग्रामीणों ने की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** ग्राम पचारा में एक ग्रामीण को सांप ने डंस लिया। हालत नाजुक होने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल और वहां से मेडिकल कालेज झांसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। अचानक हुई ग्रामीण की मौत से परिजन सदमे में हैं और रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बा बेलाताल के ग्राम पचारा धर्मेंद्र विश्वकर्मा वेल्डिंग का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात्रि वह काम से वापस गांव जा रहा था, तभी रास्ते में उसे सांप से डंस लिया, जिससे वह अचेक होकर गिर गया और शरीर धीरे धीरे नीला होने लगा। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन फानन में धर्मेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया, जहां पर हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल से रेफर करने के बाद परिजन उसे एम्बुलेंस से झांसी ले जा रहे थे, लेकिन महोबा सीमा खत्म होने से पहले धर्मेंद्र ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई अमर सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र मेहनती व्यक्ति था। वह परिवार के भरण-पोषण के लिए बेलाताल कस्बे में रहकर काम करता था। धर्मेंद्र के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। दो बेटियां और एक बेटा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब सांप के डंसने से मौत हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डीएम की अध्यक्षता में आत्मनिर्भर भारत शताब्दी संकल्प पर बैठक संपन्न



**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 के अंतर्गत चिन्हित निम्नलिखित 12 सेक्टर से संबंधित अधिकारीगण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि उक्त अभियान एक माह चलेगा, कार्यक्रम के लिये एक नोडल अधिकारी नामित किये गये है एवं 05 प्रबुद्धजनों को नामित किया गया है जो की विभिन्न क्षेत्रों के होंगे,उनके द्वारा जनपद का भ्रमण किया जायेगा एवं प्रबुद्धजनों, मीडिया, छात्रों, किसानों आदि से संबाद किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने अपने सेक्टर के नोडल होंगे व अपने सेक्टर के कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम एवं एसपी ने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा सयुंक्त रूप से उ0 प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पी0ई0टी0 परीक्षा के परीक्षा केंद्रों, राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कालेज फतेहगढ़, क्रिश्चयन इंटर कालेज का निरीक्षण किया।

## डीएम द्वारा गठित की गयी जाँच टीम द्वारा अभी नही किया गया जाँच

**गोरखपुर ।** डीएम कृष्णा करुणेश ने ग्राम सभा खीरीडाड़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित किया था। लेकिन 6 माह बीत गए जांच नहीं हुआ।

स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा खीरीडाड़ निवासी एक व्यक्ति के शिकायत पर डीएम ने दो सदस्यीय टीम गठित किया था। जिसमे जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा डीआरडीए के सहायक अभियंता शामिल है। जांच शुरू न होने पर शिकायतकर्ता ने पुनः जिलाधिकारी तथा सीडीओ से शिकायत किया कि जांच का आदेश 5 मार्च 25का है। लेकिन अभी जांच नहीं हुआ । जबकि जिलाधिकारी ने 15दिन के अंदर जांच की रिपोर्ट देने के लिए लिखा है। इस बारे में पूछे जानने पर जांच टीम के सदस्य शनिवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ सिंह ने कहा कि सहजनवा बीडीओ से ग्राम सभा की पत्रावली भेजने के लिए पत्र लिखा गया था। लेकिन पत्रावली मिली नहीं है जिससे जांच शुरू नहीं हो पाया।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी ने शिक्षक दिवस पर किया पहला पॉडकास्ट लॉन्च-द प्रॉमिनेंस आवर

**कक्षा 11 की छात्रा श्वेता व इशिता ने इस ऐतिहासिक इंटरव्यू का संचालन किया**

**वहाज अली निहाल**



**भविष्य की झलक :** विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि द प्रॉमिनेंस आवर केवल विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां चाहे वे शिक्षा,विज्ञान, साहित्य, कला या उद्यमिता से जुड़ी हों,इस मंच पर आमंत्रित की जाएंगी।उनका साक्षात्कार विद्यालय के छात्र-छात्राएं ही लेंगे,जिससे उन्हें संवाद कौशल,प्रस्तुति कला और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा।

**इटावा।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सुदिति ग्लोबल एकेडमी ने एक अनोखी और ऐतिहासिक पहल करते हुए अपने स्कूल का पहला पॉडकास्ट सीरीज़ द प्रॉमिनेंस आवर लॉन्च किया। यह कदम विद्यालय द्वारा शिक्षा को आधुनिक तकनीक और संवादात्मक मंच से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयोग है।

इस पॉडकास्ट का पहला एपिसोड विद्यालय के प्राचार्य कुमल कुमार के साथ रिकॉर्ड किया गया।इसमें उन्होंने शिक्षा,अध्यापन और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए।कक्षा 11 की छात्राओं श्वेता और इशिता ने इस ऐतिहासिक इंटरव्यू का संचालन किया।दोनों छात्राओं ने न केवल प्राचार्य से सार्थक प्रश्न पूछे,बल्कि अपने आत्मविश्वास और जिज्ञासा से इस पॉडकास्ट को रोचक भी बनाया।

इस पहल के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है,बल्कि यह अनुभव,संवाद और रचनात्मकता से भी जुड़ी है। पॉडकास्ट के माध्यम से छात्र न सिर्फ प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से रूबरू होंगे, बल्कि उनके जीवन संघर्ष और सफलता की कहानियों से सीख भी पाएंगे। प्राचार्य कुमल कुमार ने कहा कि शिक्षक दिवस पर इस पॉडकास्ट का शुभारंभ करना वास्तव में गौरव का क्षण है।यह मंच विद्यार्थियों को आत्म-अभिव्यक्ति और सीखने के नए अवसर प्रदान करेगा। भविष्य में यह पहल निश्चित रूप से उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास और दिशा देगी।

## पचास वर्षो से अधूरे रास्ते का प्रधान ने कराया निर्माण

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक के ग्रामसभा बेतऊवां के चनऊ टोले पर लगभग पचास वर्षो से अधूरे पड़े रास्ते का निर्माण ग्राम प्रधान उमेश निषाद की पहल पर ग्रामीणों की आपसी बातचीत व सहमति से शनिवार को हो गया।जिससे लगभग सौ परिवारों को अब आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस रास्ते का आरसीसी निर्माण हो जाने से ग्रामीणों में हर्ष है।

बताते चले कि बेतऊवां गांव का एक टोला चनऊं है। जो हाईवे के पश्चिम तरफ स्थित है। इस टोले पर लगभग पचास वर्षो से एक मार्ग की दुर्दशा व्याप्त थी।बारिश के मौसम में लोगों को बड़ी परेशानी होती थी। पूरा रास्ता कीचड़ से पट जाता था।लोगों को आवागमन में परेशानियां झेलनी पड़ती थी।तब ग्रामीणों द्वारा बैठक करके इस रास्ते का निस्तारण करने की चर्चा की गई।जिस पर ग्राम प्रधान उमेश निषाद द्वारा ग्रामीणों के संग बैठक करके आपसी बातचीत और सहमति के आधार पर इस रास्ते को आरसीसी बनाने की बात तय हुई। बातचीत के आधार पर शनिवार को लगभग 150 मीटर आरसीसी और नाली का काम पूरा किया गया।जिससे ग्रामीणों में हर्ष है। ग्राम प्रधान उमेश निषाद ने बताया कि हमारा लक्ष्य गांव का चौमुखी विकास करना है। सभी जगहों पर आरसीसी और अंडर ग्राउंड नाली का निर्माण करा दिया गया है। इस रास्ते का निर्माण हो जाने से रमेश यादव, सकलू यादव, शंकर, रामसिंह पहलवान, प्रहलाद गौड़, रामभवन पासवान आदि ने सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

## कोटेदार का चयन होने से राशन वितरण शुरू

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** नगर पंचायत में चार वार्डो के करीब 786 सौ कार्ड धारकों की परेशानी शनिवार को खत्म हो गयी।कोटेदार का चयन होने के साथ ही राशन वितरण का शुभारंभ हुआ।शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ल ने किया। सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नं- 4,8,16 केशोपुर व वार्ड नं -9 पिपरा के कार्ड धारकों को करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गाहासाड़ स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर लेने जाना पड़ता था।दूरी अधिक होने के कारण कार्ड धारक महिलाओं को अंगूठा लगाने व राशन लेने के लिए आवागमन में काफी परेशानी होती थी।

करीब 8 वर्ष पहले कोटेदार के मृत्यु होने पर यह दुकान रिक्त हो गया। कोटेदार के चयन के लिए सभासद बृजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू, लक्ष्मण कुमार सहित वार्ड के नागरिकों ने कोटेदार के चयन के लिए काफी लड़ाई लड़ी थी।तहसील से लेकर जिले तक के अधिकारियों को पत्रक देकर धरना प्रदर्शन किया था। विधायक प्रदीप शुक्ला के प्रयास से जिला आपूर्ति विभाग ने जिला स्तरीय चयन समिति बनाकर रिक्त सरकारी उचित दर मूल्य की दुकान लाटरी के माध्यम से उचित मूल्य विक्रेता नियुक्ति पर राजेश कुमार का का चयन हुआ।शनिवार को नये उचित दर मूल्य की दुकान का शुभारंभ विधायक प्रदीप शुक्ला ने किया।जिससे कार्ड धारकों को काफी राहत मिली। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम दास अग्रवाल प्रमुख दिलीप यादव ,नागेंद्र सिंह,सभासद बृजेन्द्र प्रताप सिंह रिंकू, लक्ष्मण कुमार ,मनोज सिंह,सूर्यनाथ विश्वकर्मा, अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया युवक, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर ।** हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अंकित यादव पुत्र पहलवान यादव के खिलाफ नामजद बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 2 सितम्बर को रात करीब 12 बजे अंकित यादव पुत्र पहलवान यादव निवासी ग्राम पंचायत गोरेडीह ने मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले गया। घर वालों ने काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# 1500 वी मौलिद के अवसर पर सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा से गूंजा सुल्तानपुर

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाईश पर ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुल्तानपुर।जिले में जुलूस ए मोहम्मदी निकाले गए सुबह से ही हर क्षेत्रों में चहल पहल और काफी रौनक देखने को मिली।

1500 वी मौलिद के अवसर पर सरकार की आमद मरहबा,दिलदार की आमद मरहबा÷ से सुल्तानपुर जिला गूंज गया।इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाईश पर ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जिले में जुलूस ए मोहम्मदी निकाले गए सुबह से ही हर क्षेत्रों में चहल पहल और काफी रौनक देखने को मिली। दिन के 10 बजते- बजते जुलूस की शक्ल में मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर दिखने लगे,एक हाथ में इस्लामी हरा झंडा तो दूसरे हाथ में भारत की शान तिरंगा लहरा रहा था और सभी की जुबां पर सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा का नारा गूंज रहा था। *ताजखानपुर,बहादुरपुर अफ़लेपुर, उसराबहादुरपुर, बंधुआकला, अमहट गोराबारिक, पराऊपुर झालियांवा, छतौना, भूलकी, नकारही, पांचोंपिरन, कस्बा, सैदपुर, अलीगंज, पैगापुर चुनहा, महानपुर रसूलपुर* ,शाम को आदि गांवों से जुलूस निकालकर बड़ी बाजारो वह शहर में लगे मंच पर पहुंचे शहर में आए हुए तमाम अंजुनों का चौक में लगे मंच द्वारा जुलूस का स्वागत *काजी ए शहर मौलाना लतीफ साहब जिले के सैखुल हदीस मौलाना मंजूर साहब,* जिले के तमाम सम्मानित लोगो की मौजूदगी में फीता काटकर जुलूसे मोहम्मदी का आगाज हुआ। सभी मंच पर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों अधिकारियों नेताओं व गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस खुशी के मौके पर मस्जिदों और घरों को रोशनी से सजाया गया। शुक्रवार सुबह जिले में अलग अलग स्थानों पर निकले जुलूस में मुस्लिम भाई जमीं की बहारों सब ईदें मनाओं हुजूर आ गए हैं, जश्ने आमद-ए-रसूल अल्लाह ही अल्लाह, शाहे मदीना यसरब के वाली सारे नबी तेरे दर के, बारहवीं का चांद आया जैसी नात पढ़ते चलते रहे।

## हाईकोर्ट अवध बार के अध्यक्ष एस चंद्रा का हुआ भव्य स्वागत



**सुल्तानपुर।** नगर में इंट्री करते हुए अमहट के पास सीनियर अधिवक्ता /अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस चंद्रा व महासचिव ललित किशोर तिवारी का जिले में पहली बार आगमन पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में सीनियर अधिवक्ता चंद्र भान तिवारी,इसके बाद कलेक्ट्रेट कैंपस में पूर्व बार अध्यक्ष अरुण उपाध्याय के नेतृत्व में राम कुमार सिंह,रणजीत सिंह,विपिन मिश्र,अनुराग द्विवेदी, जयंत सिंह,चंद्रमणि पांडेय,अभिषेक मिश्र शामिल रहे। कमिश्नरी बार संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन दुबे समेत कई अधिवक्ताओं ने किया। श्री चंद्रा का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ फूल वर्षा की गई ।

# पशुओं में बढ़ा लम्पी वायरस का खतरा विभागीय अधिकारी बने अंजान

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जिले में इन दिनों पशुओं में लम्पी वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है, पशु चिकित्सकों के अनुसार यह एक गंभीर और जानलेवा रोग है, जिसका अभी तक कोई स्थाई इलाज नहीं खोजा जा सका है।इस रोग से विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं।इस रोग का लक्षणों के आधार पर ही उपचार होता है। अगर समय पर बीमारी की पहचान और इलाज न मिले, तो यह रोग पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

जिले के दूबेपुर विकासखंड में पशुओं में लम्पी वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, क्षेत्र के भाई, लौहर दक्षिण और आरडीह सहित कई गांवों में यह बीमारी देखने को मिल रही है। लम्पी वायरस एक संक्रामक रोग है जो खासतौर पर गाय और भैंस जैसे पशुओं में फैलता है।यह वायरस पशु के शरीर में पहुंचते ही उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है।संक्रमण की चपेट में आने पर पीड़ित पशु के शरीर पर गोल-गोल कठोर गांठें निकल आती हैं।इसके अलावा उन्हें तेज बुखार, आंख-नाक से पानी आना, लार का अधिक गिरना, थन सूज जाना और दूध की मात्रा कम होने लगती है. गंभीर स्थिति में पशु खाना-पीना भी छोड़ देता है और बहुत कमजोर हो जाता है।

दूबेपुर विकास खंड के पशु चिकित्सक डॉ. राजेश वर्मा बताते हैं कि यह वायरस मुख्य रूप से मच्छर, मक्खी और टिक (कीड़े) के जरिए पशुओ में फैलता है।बरसात और नमी वाले मौसम में लम्पी वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ता है, पशुओं के बचाव के लिए पशुओं को साफ-सुथरे और सूखे स्थान पर रखना चाहिए।

# कचहरी परिसर में संदिग्धावस्था में तमंचा व कारतूस बरामद, मचा हड़कंप

## 2007 के हमले वाली जगह पर फिर मिली असलहों की खेप, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कचहरी परिसर में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब सेट नंबर-5 के पास एक संदिग्धावस्था तमंचा और कई कारतूस बरामद हुए। घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओं और आम लोगों में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में नगर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम व खुफिया एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह हथियार मिले हैं, वहीं वर्ष 2007 में आतंकियों द्वारा बम हमला किया गया था, जिसमें एक अधिवक्ता की मौत हो गई थी। ऐसे में एक बार फिर उसी जगह से असलहों का मिलना गंभीर सुरक्षा चूक की ओर इशारा कर रहा है।सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा जांच के बावजूद परिसर के भीतर हथियार आखिर कैसे पहुंचे घटना की सूचना मिलते ही जिला जज, जिलाधिकारी और एसएसपी ने कचहरी परिसर का दौरा किया और ड्यूटी प्वाइंट्स का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता बरतने और चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि संदिग्ध झोला किसने और कब रखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कचहरी परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और सुरक्षा घेरा और कड़ा कर दिया गया है।

प्रशासन ने साफ किया है कि सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों को जल्द ही चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के 70 मोबाइल के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**अयोध्या।** शासन के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अयोध्या कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम को शनिवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 70 चोरी के मोबाइल फोन, 4 स्मार्ट वॉच, 3 एयरड्रॉप डिवाइस, 6230 रुपये नकद, फर्जी आधार कार्ड, एक टाटा पंच कार (नं. छ्रुछ्र3585) तथा एक कैरट बरामद किया है।गिरफ्तारी बूथ नंबर-04 से पहले सर्विस लेन पर की गई, जहां दोनों अभियुक्त संदिग्ध अवस्था में मौजूद थे। पूछताछ में उन्होंने मोबाइल चोरी कर फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए उन्हें बेचने की योजना कबूल की। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक मणि त्रिपाठी पुत्र बिजय कुमार, निवासी दरियापुर, थाना छपिया, जनपद गोण्डा, हाल पता- 148 पीर मोहल्ला, अली गांव, सरिता विहार, दक्षिणी दिल्ली,आकाश वर्मा पुत्र अमरेश, निवासी अन्धका, थाना जैतपुर, जनपद बाराबंकी अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली अयोध्या में मु.अ.सं. 551/25, धारा 319(2)/336(3)/338/340(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजा अयोध्या, गाजे-बाजे के साथ हुआ भव्य विसर्जन

## निर्मली कुंड पर संपन्न हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, श्रद्धालुओं में उमंग

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों से शनिवार को पूरी अयोध्या नगरी भक्तिमय हो उठी। दस दिवसीय गणेश उत्सव के समापन पर शहरभर में स्थापित 101 गणपति प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन शोभायात्रा के साथ गुप्तार घाट स्थित निर्मली कुंड में सम्पन्न हुआ।शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें श्रद्धालु गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर झूमते हुए शामिल हुए। सरयू नदी की पावन धारा में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गणपति बप्पा का विसर्जन किया।

पिछले दस दिनों से शहर में पूजा, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक आयोजन की धूम रही। श्रद्धालु पूरी आस्था और उत्साह के साथ भगवान गणेश की आराधना में लीन रहे।

विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जिसे देखते हुए पुलिस व प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हर मार्ग पर सुरक्षा बल तैनात रहे और ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की गई।

**देवग्राम परिवार ने मनाया सौहार्द का संदेश**

हिंदू-मुस्लिम समाज की सहभागिता में हुआ विसर्जन सोहावल तहसील के ग्रामसभा देवई में देवग्राम परिवार की ओर से आयोजित श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन मूर्ति विसर्जन के साथ हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक हिमांशु सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि उत्सव को गांव के हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया।गांव के हजारों लोग विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। आयोजन पुलिस प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द व एकता का उदाहरण प्रस्तुत हुआ।

# पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मोहम्मदपुर धामा पट्टी गोसाईगंज में इस्लामी कैलेंडर के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद मिलादुन्नबी (स.अ.व.) का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालकर लोगों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो तआला अलैहि वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश पर अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम दिया।इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ी। लोग नात-ए-पाक पढ़ते हुए, झंडे लिए हुए और नारों के साथ जुलूस में शामिल हुए। मोहब्बत और एकता का माहौल देखते ही बनता था।

जुलूस में हाजी लाल मोहम्मद (ननकू फल वाले), समाजसेवी चांद बाबू राईन, मौलाना गुलाम कौसर, अली हुसैन राईन, सद्दाम (लकड़ी वाले), बोबी राईन, मुबश्शिर खान, सरताज राईन, राज खान, नदीम खान, प्रदीप यादव, लाल बाबू राईन, वसीम राईन, मोहम्मदपुर के मकसूद खान, दिलीप खान, करिया (लकड़ी वाले), डॉक्टर परवेज, शेबू राईन, डॉ. पवन कुमार शर्मा, सुल्तान (हृदयपुर), चिंटू खान, आदिल खान, फखरुद्दीन खान, अब्दुल कादिर राईन, फरहान राईन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।स्थानीय लोगों और आयोजकों ने मिलकर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न कराया। सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम रहे और प्रशासन की भी सक्रिय भूमिका देखने को मिली।

इस दौरान मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

# रसूल की आमद के मौके पर नातिया मुशायरे का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** सरकार की आमद के मौके मदरसा दारूल उलूम आरफिया की जानिब से एक जलसे का अयोजन कस्बे के छोटा इमामबाड़ा के सामने किया गया। जिसकी सदारत मौलाना मोहम्मद असलम साहब जैदपूरी ने की निजामत के फरायज मौलाना अब्दुल हमीद कादरी बहराइची साहब ने अंजाम दिये। प्रोग्राम की शुरुआत तिलावत ए कलामे पाक से हाफिज मोहम्मद नसीब साहब ने किया, उसके बाद नाते मोहम्मदी हाफिज मोहम्मद मुसाब हाफिज मोहम्मद साजिद सहित तमाम मुताल्लिम-ए-मदरसा ने पेश किया और रसूल के दीवानों की टोली देर रात तक झूमती रही। इस मौके पर मुकर्रिर-ए-खास हजरत मौलाना अरशद रजा सकाफती बहराइची साहब ने अपने जामे खिताब से समा बांध दिया। अंत में मौलाना सैयद अहसन रजा साहब ने भारी तादाद में लोगों के साथ हाथ उठा कर देश दुनियां में अमन भाईचारा प्रेम एक्ता कायम रहने की दुआ की गई। इस मौके पर मास्टर मोहम्मद रमजान हाफिज मोहम्मद इस्लाम, मास्टर मोहम्मद शबीब मोहम्मद खालिद अंसारी, मोहम्मद नसीम, मास्टर मोहम्मद हसीब, मोहम्मद मुक्तदिर, ताज मोहम्मद, मोहम्मद हफीज हाफिज मोहम्मद इरफान, हबीब हुसैन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शनिवार को कस्बे में तमाम दीनी आयोजन के साथ भव्य सजावत रोशनी कर जश्ने आमदे रसूल मनाया जायेगा।

## किसानों को बड़ी राहत : निजी उपयोग के लिए 100 घनमीटर तक मिट्टी फ्री मिलेगी

**बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)** किसानों को अब अपने निजी प्रयोजन के लिए साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन में किसी अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। शासनादेश के तहत 100 घनमीटर तक मिट्टी का खनन एवं परिवहन विभागीय पोर्टल ह्वश्चद्बद्बठ्ठद्बद्बह्लह्ह्व्.द्बठ्ठ पर स्वपंजीकरण प्रक्रिया के आधार पर किया जा सकेगा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि किसान पोर्टल पर अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, आवश्यक मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र, शपथ पत्र, खनन का उद्देश्य और संबंधित भूमि का पूरा विवरण दर्ज करेंगे।

## गणपति बप्पा मोरिया के उदघोष के साथ कल्यानी घाट विसर्जन किया गया



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** गणेश चतुर्थी महोत्सव के चल रहे क्रम मे शनिवार को ग्राम पंचायत करपिया स्थित बाबा लोधेदास कुटी मे स्थापित गणपति बप्पा मोरिया के उदघोष के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ कल्यानी नदी घाट विसर्जन किया गया जुलुस में शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर भारी पुलिसबल मौजूद रहा। गणेश चतुर्थी के मौके पर ग्राम पंचायत करपिया के बाबा लोधेबाबा शिव मंदिर पर स्थापित भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ किया गया। विसर्जन के दौरान युवाओं की टोली गणपति बप्पा मोरया के नारे लगा रहे थे। शिव मंदिर से प्रतिमा को भक्तो के जुलुस के साथ निकाला गया जो ग्राम नेवला चौराहे होते हुए कल्यानी नदी तट के पड़रिया घाट पर पहुंचकर प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान भगवान श्रीगणेश जी के दर्शन को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटी हुई थी। इस मौक़े पर अध्यक्ष आशीष आर के, जितेंद्र वर्मा, प्रधान विनोद वर्मा, आशीष जयकरण नाथ वर्मा, बच्चन, सुरज वर्मा, प्रवीण रावत, दीपक वर्मा, विपिन वर्मा, उमर राज, मनीष पाल, समर जीत, अमित पाल, सद्दाम हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कॉलरशिप के लिए बैंक खाते को आधार कार्ड से लिंक होना आवश्यकः अधिष्ठाता छात्र कल्याण

## छात्रवृत्ति के लिए 75% की उपस्थिति अनिवार्यः अधिष्ठाता छात्र कल्याण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा जारी सत्र 2025 26 के छात्र- छात्राओं के लिए उत्तर प्रदेश स्कॉलरशिप फॉर्म से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारी उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने बताया कि नव प्रवेशित/नवीनीकरण के सभी छात्रों को पोर्टल पेज पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। प्रो.पाठक ने कहा नव प्रवेशित छात्रों को पिता का ही आय प्रमाण पत्र क्रमांक भरना है, पिता की मृत्यु की स्थिति में माता के नाम जारी प्रमाण पत्र संलग्न होंगे। 20 दिसंबर तक सभी छात्र उत्तर प्रदेश स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी छात्र अति शीघ्र छात्रवृत्ति फॉर्म भरकर विभाग व कॉलेज में जमा करें। जिन छात्रों को अपने आधार में किसी भी प्रकार का संशोधन करवाना है वे संशोधन के बाद ही आवेदन करें। यदि छात्र के पास नामांकन संख्या नहीं है, तो विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग से प्राप्त कर लें, या वहाँ पर इण्टरमीडिएट के प्रमाण पत्र का पंजीयन क्रमांक भी भर सकते है। नव प्रवेशित छात्र ध्यान दें, एडीएम नंबर नामांकन संख्या नहीं है। जो छात्र यूपी बोर्ड/आईसीएससी बोर्ड/सीबीएससी बोर्ड के अतिरिक्त हाईस्कूल किसी और मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण है, ऐसे छात्र यू.पी. छात्रवृत्ति के लिए अपात्र है। ऐसे सभी छात्र एनएसपी पर ही आवेदन करें। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने सभी छात्रों को सतर्क करते हुए कहा है कि एक ही पिता के दो संतान छात्रवृत्ति फार्म भर रहे है, तो आय प्रमाणपत्र अलग अलग तिथियों में दोनों संतानों के लिए बनवायें। एक आय प्रमाण पत्र पर एक ही छात्र स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकता है। स्कॉलरशिप फार्म भरने के दो दिन बाद ही फाइनल प्रिंट निकलता है। इस बीच छात्र द्वारा पूरित सूचना का अच्छे से मिलान कर लें, अन्यथा गलत सूचना भरे जाने की स्थिति में छात्र स्कॉलरशिप से वंचित रह सकता है। फार्म का आवेदन करने के पश्चात् फार्म का फाइनल प्रिंट, फीस, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र संलग्न कर अपने विभाग में अंतिम तिथि से पूर्व जमा करें। प्रो. पाठक ने सभी विभागों से अपील किया है कि विभाग द्वारा फार्म को पूर्णतः चेक करने के बाद विभागाध्यक्ष की प्रथम पेज पर मोहर, हस्ताक्षर एवं छात्र की उपस्थित प्रतिशत अंकित करने के बाद ही फार्म डीएसडब्लू कार्यालय में जमा करें। सभी छात्र फार्म के मुख्य पृष्ठ पर सबसे ऊपर अपना /अभिवावक का मोबाइल नं पेन से अवश्य अंकित कर दे, जिससे आवश्यकता होने पर छात्र से संपर्क किया जा सके। छात्र का बैंक खाता किसी भी बैंक या किसी भी जिले का हो बैंक खाता आधार से अवश्य लिंक होना चाहिए। खाते की लेन-देन लिमिट दस हजार से ऊपर की होनी चाहिए। नवीनीकरण के ऐसे छात्र/छात्रा जिनका वार्षिक परीक्षाफल अथवा दोनों सेमेस्टर का परीक्षाफल अभी तक घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र अभी इंतजार करें और अंतिम तिथि तक भी रिजल्ट न आने की स्थित में आवेदन फार्म मे उत्तीर्ण की जगह रिजल्ट नॉट डिक्लेयर का चयन करें।

डीएसडब्ल्यू ने बताया कि बीटेक/एमबीए के जिन छात्रों का प्रवेश एकेटीयूके माध्यम से हुआ है, ऐसे सभी छात्र फार्म में काउंसलिंग नंबर, प्रवेश वर्ष प्रवेश परीक्षा मे प्राप्त रैंक, कटऑफ अंक अवश्य अंकित करें अन्यथा उनका फॉर्म कॉलेज स्तर से फारवर्ड नही होगा। जिन छात्र-छात्राओं के सभी प्रपत्र पूर्ण है वे सभी संलग्नको के साथ विभाग में फॉर्म शीघ्र जमा करें और अपना स्टेट्स समय-समय पर चेक करते रहें।

## ईद मिलादुन्नबी पर शहर में अमन-चैन और जश्न का माहौल

**अयोध्या।** पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अयोध्या में जश्न का माहौल देखने को मिला। रविवार को पूरे शहर में अमन और भाईचारे का पैगाम देते हुए जुलूस निकाला गया। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर अंजुमनों द्वारा चाय, पानी और भंडारे की व्यवस्था की गई। हर तरफ सरबराही और दीनी शायरी की गूंज रही।इस मौके पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नजमुल हसन गनी ने शहर की तमाम अंजुमनों के मंचों पर जाकर हौसला अफजाई की और अंजुमन गुलामाने मुस्तफा जूनियर की सदारत करते हुए मुहम्मद साहब की सीरत-ए-पाक को बयान किया। उन्होंने कहा कि ÷मुहम्मद साहब का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए एक आदर्श है।डॉ. गनी ने इस मौके पर पढ़ने वाली अंजुमनों को तोहफे देकर सम्मानित किया और सीओ सिटी का भी स्वागत कर उन्हें दुआओं से नवाजा।

# सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा-निचलौल मुख्य मार्ग पर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। वनस्पति देवी स्थान के पास दो बाइक सवार युवकों ने 54 वर्षीय सरस्वती को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

सरस्वती अपने पति जमुना के साथ सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थीं।टक्कर इतनी तेज थी कि सरस्वती उछलकर दूर जा गिरीं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। चिकित्सकों ने उनके सिर में गंभीर चोट देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिसवा चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। बाइक चलाने वाला नाबालिग है, जिसे हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नैतिक मूल्यों के विकास से ही व्यक्ति व समाज की उन्नति होगीः बीईओ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह समिति एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय तेलियानी, रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में शिव गंगा मैरेज लान मसौली में आयोजित शिक्षको का सम्मान करते हुए राम नगर विकास खंड के खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने कहा कि नैतिक मूल्यों के विकास से ही व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति होती है। बीईओ ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्लॉक रामनगर के अध्यापकों के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नामांकन, उपस्थिति आदि की दिशा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सभी शिक्षक अपने अपने विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास अवश्य करें। इस मौके पर आयोजन समिति के उपाध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, संयोजक विमलेश कुमार, सदस्य पंकज कुमार तिवारी एवं ऋषि कुमार यादव ने बैज अलंकरण कर सभी अभ्यागतों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सह संयोजक पुष्पेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी देवेन्द्र सिंह ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि प्रदीप सारंग, समाजसेवी रत्नेश कुमार ने शिक्षकों के गुरूत्तर दायित्वों के निवर्हन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। शिक्षक जयसिंह, फ़जल रहमान, संदीप सिंह, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव आदि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। समारोह में ब्लॉक रामनगर के उत्कृष्ट शिक्षकों उमेश कुमार, शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालय अल्लापुर; आशुतोष चौरसिया, अनुदेशक-उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर, रजत वर्मा, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सिरकौली कुर्मिन, इरशाद अहमद, इंचार्ज प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय डायट परिसर गनेशपुर, दुर्गेश दत्त त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय मड़ना को कार्यक्रम के अध्यक्ष खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर ने अंगवस्त्र, पुष्पमाल, स्मृति चिह्न आदि प्रदान कर सम्मानित किया।

# बाढ़ प्रभावित इलाके में सांप के काटने से महिला घायल, बची जान



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सरयू/घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील रामसनेहीघाट के कई गांवों में पानी आबादी के नजदीक पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम कोटेदार पुरवा, गोड़ियन पुरवा मजरे कोयलावर, पाठक पुरवा, लोनियनपुरवा मजरे गुनौली, मास्टर पुरवा, कंगणन पुरवा, सहाई का पुरवा मजरे ढेमा, छपटन पुरवा मजरे टिकरी, लोनियन पुरवा और मुखियनपुरवा मजरे जलालपुर तराई शामिल हैं। प्रशासन ने हालात पर नजर रखने के लिए तीन बाढ़ चौकियां सक्रिय की हैं। इसी बीच शुक्रवार को ग्राम गुनौली निवासी कुसुमा पत्नी शिवकुमार घर पर कार्य करते समय सांप के काटने से घायल हो गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार महिमा मिश्रा के निर्देश पर राजस्व लेखपाल कपिलदेव सिंह, प्रमोद कुमार, कौशलेन्द्र कुमार और अमित कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से महिला को नाव द्वारा सुरक्षित तटबंध तक लाया गया और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। राजस्व टीम की तत्परता और त्वरित कार्रवाई के चलते महिला को समय पर उपचार मिल सका और उनकी जान बचाई जा सकी। प्रशासन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी जारी है।

# ग्रामीण विकास को नई दिशा, हरपुर पकड़ी में विवाह भवन की नींव रखी गई

## विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र में इन्वर्टर लगाने के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विकास खंड सिसवा के ग्राम पंचायत हरपुर पकड़ी में शनिवार को विवाह भवन निर्माण कार्य की शुरुआत भूमि पूजन से हुई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल ने किया, जिसकी देखरेख जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने की। विधायक का आगमन दोपहर में हुआ। स्वास्थ्य केंद्र में उनका बीपी चेक किया गया, तभी बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस पर विधायक ने तत्काल एमओआईसी को इन्वर्टर लगाने का निर्देश दिया।

भूमि पूजन के बाद विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हों। 3.50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह विवाह भवन हरपुर पकड़ी के साथ आसपास के आठ-दस गांवों के लोगों के लिए सामाजिक कार्यक्रमों में सहायक सिद्ध होगा।भवन निर्माण की जिम्मेदारी एस.एस. इंफ्राजोन कंपनी को दी गई है और तय समय सीमा में कार्य पूरा होने की उम्मीद जताई गई।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रदीप मिश्रा, सचिव राहुल सिंह सहित क्षेत्र के प्रधानगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# तहसील समाधान दिवस : शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर की जाए कार्यवाही : डीएम

**कुल 49 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत, 7 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर किया निस्तारण**

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये।

तहसील शोहरतगढ़ में शनिवार को जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आयोजन के दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानन्द मिश्रा तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस दौरान कुल 49 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-34, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-2, विकास-2, लोक निर्माण विभाग-1, पूर्ति-4, अन्य-6 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 7 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, तहसीलदार शोहरतगढ़, तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भू माफियाओं ने युवक का अपहरण कर ज़मीन पर कराया कब्ज़ा

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र के लहनी का पूरा रोशनगढ़ से एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया है, जिसमें भू-माफिया गिरोह पर अपहरण, धोखाधड़ी और जमीन पर कब्ज़ा करने का गंभीर आरोप लगा है।

पीड़िता सुमन का आरोप है कि उसके पति शिववंश को भू-माफिया गिरोह ने अगवा कर तीन दिन तक एक होटल में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उन्हें जबरदस्ती शराब पिलाई गई और मानसिक रूप से दबाव बनाकर आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम व पासबुक कब्जे में ले लिए गए। आरोप है कि इस दौरान उनके खाते में रकम डालकर जबरन स्टाम्प पेपर व चेक पर साइन करवाए गए और करीब 50 लाख की जमीन पर कब्ज़ा कर लिया गया। सुमन का कहना है कि उसके पति ने कभी एटीएम का इस्तेमाल तक नहीं किया, फिर भी खाते से लाखों रुपये निकाल लिए गए। इतना ही नहीं, भू-माफिया गैंग ने उन्हें नेपाल ले जाकर फेंकने की भी साजिश रची।

# इस्लाम धर्म के आखिरी नबी की विलादत पर कार्यक्रम का आयोजन जारी

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस पर नगर व क्षेत्र में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मस्जिदों के आसपास भव्य सजावट की गई। नातख्वानी,जल्से व जुलूसों का आयोजन किया गया।

नगर स्थित काजीपुरा फैजान ग्राउंड में बीती रात तहफ्फुज-ए-नामूस-ए-रिसालत व अंजुमन फैजान-ए-इस्लाम के तत्वावधान में जश्न ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश सिंह व पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी कमर हयात अंसारी समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब पूरे आलम-ए-इनसानियत के लिए रहमत बन कर आये। हज़रत मुहम्मद साहब समतामूलक समाज के पक्षधर रहे। मास्टर अबदुर्रकीब व शाहिद अब्बास के संचालन में पूरी रात्रि दो दर्जन से अधिक अंजुमनो ने हज़रत मुहम्मद साहब की शान में नातख्वानी पेश किया।इस अवसर पर नगर की सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के साथ अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी।जुलूस की निगरानी हाजी नबी अहमद,मास्टर अबुल कलाम, मेराजुल हक,खलील अहमद डायर, हाफिज महमूद,मोहसनुल हक, अशद महतो,नदीम अंसारी,हाजी फ़ैज़ मोहम्मद, मास्टर असरार अहमद, आदि लोग कर रहे थे।

वाजिदपुर में शनिवार को प्रातः 6 बजे से अंजुमन खुद्दाम ए इस्लाम के तत्वाधान में देढ़ दर्जन से अधिक अंजुमनो ने नातख्वानी कर हज़रत मुहम्मद साहब को विभिन्न पहलुओं को उकेरा।हाजी मुकद्दसीन की निगरानी में निकले कार्यक्रम का समापन बाबा शाह फरीद के आस्ताने पर दुरूद व सलाम के साथ हुआ।जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था सीओ अनूप कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ,एस एस आई ज़ैद अहमद समेत पुलिस बल के जवान कर रहे थे।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** किसी भी राष्ट्र की प्रगति का निर्धारण न्यायालय फैक्ट्री एवं विधानसभाओं में नहीं होता वरन् विद्यालय में होता है । उपर्युक्त सूक्ति को चरितार्थ किया है कम्पो 0उच्च प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर कपिलेश्वर ,शिक्षा क्षेत्र - भियांव ,जनपद - अंबेडकर नगर ग्रामीण अंचल में स्थित इस विद्यालय में अपने व्यक्तिगत तथा विद्यालय परिवार के सहयोग से इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश वर्मा ने सोलर सिस्टम ,वाटर कूलर आरो की स्थापना कराई तथा ऑपरेशन कायाकल्प की स्थापना में ग्राम प्रधान का विशेष सहयोग रहा । विद्यालय में स्मार्ट क्लास के अंतर्गत डिजिटल टीवी लगवाई गई अत्याधुनिक पुस्तकालय, आकर्षक भवन, वाला पेंटिंग,फर्नीचर अत्याधुनिक आई सी टी . लैब , अत्याधुनिक कार्यालय इत्यादि की व्यवस्था इस विद्यालय की मुख्य विशेषता है । विद्यालय का भौतिक परिवेश इतना आकर्षक है कि यहां आस-पास के सभी प्राइवेट विद्यालय को टक्कर दे रहा है तथा वहां के बच्चे इस विद्यालय में नामांकन करा रहे हैं एक निजी अच्छे विद्यालय में जितनी व्यवस्था होती है उससे अधिक व्यवस्था इस विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश वर्मा ने की है। विद्यालय में कुल नामांकित छात्र संख्या 253 है इनकी कर्मठता एवं लग्नशीलता के कारण डॉक्टर राधाकृष्णन जयंती के शुभ अवसर पर विकासखंड भियांव से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अंबेडकर नगर ने दिया है। सरकारी विद्यालय में जहां छात्र नामांकन को लेकर सभी शिक्षक एवं अधिकारी परेशान हैं वहां पर राकेश वर्मा ने एक नई मिसाल स्थापित की है गत वर्ष विद्यालय की छात्र संख्या 232 थी । किंतु वर्तमान सत्र में विद्यालय की छात्र संख्या 253 पहुंच गई है तथा अभी भी नामांकन की प्रक्रिया विद्यालय में चल रही है शिक्षक दिवस पर राकेश वर्मा को पुरस्कृत होने पर खंड शिक्षा अधिकारी भियांव विवेक द्विवेदी ने बधाई दी है तथा श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है ।

# शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा से शिक्षा मित्रों में खुशी

**अवधनामा संवाददाता**

**कई शिक्षा मित्रों ने अपने संघर्ष का सकारात्मक परिणाम बताया**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा के बाद शिक्षा मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे शिक्षा मित्रों को अब राहत और नई ऊर्जा मिली है। इसके अलावा कैशलेस इलाज की व्यवस्था करने के निर्णय से निश्चय ही बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में बड़ा कदम करार दिया है।

आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हेमंत शुक्ला ने जारी बयान में मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ आर्थिक बोझ हल्का होगा बल्कि परिवार की जिम्मेदारियों को निभाना भी आसान होगा। कई शिक्षा मित्रों ने इसे अपने संघर्ष का सकारात्मक परिणाम बताते हुए भविष्य में और बेहतरी की उम्मीद जताई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब शिक्षा मित्रों को विश्वास है कि आने वाले समय में सरकार उनकी सेवा शर्तों और स्थायित्व पर भी ठोस कदम उठाएगी। प्रदेशभर से मिल रही प्रतिक्रियाओं में शिक्षा मित्रों ने कहा कि इस फैसले से उनके मनोबल में वृद्धि हुई है और वे पहले से अधिक उत्साह के साथ बच्चों की शिक्षा में योगदान देंगे।

जिला महामंत्री श्याम बिहारी चौधरी ने कहा कि मानदेय वृद्धि से हमारी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। सरकार ने हमारी वर्षों पुरानी मांग को सुना है, इसके लिए हम आभारी हैं। यह कदम हमारे मनोबल को बढ़ाने वाला है। हमें विश्वास है कि सरकार आगे भी हमारी स्थायित्व और सेवा शर्तों पर ध्यान देगी।

# बाइक से साले के साथ जा रहे जीजा की डम्फर की चपेट में आने से मौत

**नेता कमाल ने अधिकारियों से वार्ता कर घायल अवस्था में प्रभु को अस्पताल भिजवाने का कराया इंतजाम**

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** थाना पथरा बाजार क्षेत्र के टेढिया चौराहे के समीप बांसी से डुमरियागंज की तरफ एक ही मोटरसाइकिल से जा रहे जीजा और साले की डम्फर के नीचे आ जाने से जीजा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा सवार उसके साले को हल्की चोट लगी।

घटना शनिवार अपरान्ह लगभग दो बजे के आसपास की है। मौके पर घटनास्थल पर सबसे पहले प्रदेश सदस्य समाजवादी पार्टी के नेता कमाल अहमद खान पहुंचकर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर घायल अवस्था प्रभु को अस्पताल भिजवाने का इंतजाम कराया उसके उपरांत पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली बांसी के बसंतपुर निवासी शिवपूजन पुत्र बाबूराम (27) व मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के मदरहिया निवासी उसका साला प्रभु पुत्र राधेश्याम (17) मोटर साइकिल यूपी 58 एके 1711 टीवीएस राइडर से बांसी से डुमरियागंज की तरफ आ रहे थे कि टेढिया चौराहे पर पहुंचने से पहले पीछे से आ रहे डम्फर ने ठोकर मार दिया और चालक शिवपूजन डम्पर के पहिये के नीचे आ गये जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि उसका साला प्रभु दूर गिरा और हल्की चोट लगकर बाल बाल बच गया। डम्पर का ड्राइवर डम्पर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया तथा दूसरे का एक प्राइवेट चिकित्सक द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया गया और परिजन आकर अपने घर ले गए।

# सीएम ने 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**मिशन को दिशा प्रदान करने हेतु विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य सचिव, उ0प्र0, शासन द्वारा निर्देशित स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन-1 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री की एक दूरदर्शी पहल के अन्तर्गत विकसित भारत/ 2047 के द्वारा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत् प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है।

उपरोक्त के क्रम में विकसित भारत 2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध, समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जायेगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेंट 3 थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुये गर्व की भावना को विकसित करना है। इसके दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों यथा प्रशासनिक (सेवानिवृत्त, आईएएस) / पुलिस (सेवानिवृत्त आईपीएस) वन सेवा/कृषि/ सिंचाई/शिक्षा/ स्वास्थ्य/ वैज्ञानिक/ अभियन्त्रण आदि शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों/ प्रबुद्धजनों को उनकी सहमति के आधार पर चयन करते हुये जनपद आवंटित किया गया है। इसके अन्तर्गत जनपद के लिये निम्न 3 प्रबुद्धजन यशपाल सिंह सेवानिवृत्त/आईपीएस, शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेवानिवृत्त/प्राचार्य, दिग्विजय नाथ पीजी कालेज गोरखपुर, डा0 ओमप्रकाश वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या (कार्यरत) नामित किये गये है। चयनित प्रबुद्धजनों की लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन / उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन के उपरान्त आवंटित जनपदों में 2 दिवसीय (8 से 13 सितम्बर के मध्य) प्रवास कर समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 अभियान की जन-जागरूकता हेतु विभिन्न लक्षित समूहों (छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयं सेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया, आम जनमानस इत्यादि) के साथ विगत 8 वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्वन्ध में अवगत कराते हुए राज्य के विकास हेतु रोड मैप पर चर्चा की जाएगी तथा उनसे फीडबैक प्राप्त किया जाएगा। प्रबुद्धजनों के जनपद भ्रमण के दौरान कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी एसवीएस रंगाराव, सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद, उ0प्र0 द्वारा उपरोक्त अवधि में जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान/कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) 2-उपजिलाधिकारी, नौगढ़ / प्रभारी अधिकारी वी0आई0पी0, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप निदेशक कृषि, उपायुक्त, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, उपायुक्त, स्वतः रोजगार, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त श्रम रोजगार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को दायित्व सौंपे गये हैं।

जनपद स्तर पर आयोजित किये जाने वाले उक्त समस्त कार्यक्रमें में जनपद के सक्षम स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग सुनिश्चित किया जायेगा। समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन कराना सुनिश्चित करें। जनपद में आयोजित होने वाले समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के लिए जनपद स्तर पर जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी तथा विकास खण्ड स्तर पर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (पं0) को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान का पर्यवेक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

## उपज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का पीके ट्रस्ट ने किया स्वागत

**बसखारी अंबेडकरनगर।** प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े उपज जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट का निर्विरोध प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने के बाद पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शरद यादव के नेतृत्व में ट्रस्ट के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने सुभाष गुप्ता क़ो बधाई देते हुए माला व अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया गया।

सुभाष गुप्ता का स्वागत करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ शरद यादव ने इसे जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे पत्रकारों के साथ साथ ट्रस्ट को भी मजबूती मिलेगी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जावेद राईन ने कहा कि सामाजिक सरोकार निभाने वालों में सुभाष गुप्ता हमेशा ही अग्रिम भूमिका में रहते हैं। उपज प्रदेश कार्यकारिणी में सद्स्य पद पर इनका निर्विरोध निर्वाचन इनकी अच्छी कार्य कुशलता का परिणाम है। सुभाष गुप्ता ने इस सम्मान के लिए पीके चैरिटेबल ट्रस्ट एव पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धारदार हथियार के साथ घर में घुसे चोर, महिला के सिर पर वार कर चोरी की घटना को दिया अंजाम



**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे पर बीती रात आधा दर्जन चोरों ने छत के रास्ते घर में घुस कर पति के गले पर चाकू रखकर और पत्नी के सर पर वार कर सोने का मंगलसूत्र, किल, मक्की एवं 45 हजार नकदी लेकर फरार हो गए।

शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के सेहुड़ा निवासी सूरज यादव पुत्र पल्टू यादव तुलसियापुर चौराहे पर फास्ट फूड का दुकान चलाते हैं।पीड़ित ने बताया कि मैं दुकान में ही ऊपर परिवार सहित रहता हूँ।बताते है कि बीती रात आधा दर्जन की संख्या में चोरों ने छत के रास्ते उनके दरवाजे का ईंट काटा फिर दरवाजा खुलवाकर घर में घुसकर उनके गले पर चाकू रख कर पत्नी लक्ष्मी के सर पर किसी चीज से वार कर उनका मंगलसूत्र, किल और मक्की छीन लिया। घर में रखा 45 हजार नकदी भी उठा ले गये। लक्ष्मी ने बताया कि उसके हाथ की अंगूठी नहीं निकल रही तो हाथ काटने की बात भी कर रहे थे। थोड़ी देर में स्थानीय लोग और पुलिस की आहट से चोर वहां से भागकर हरी चौहान के छत पर भी गये लेकिन सफल नहीं हो सके और भाग गये।

## सूबाई दो दिवसीय नातीया मुकाबला सम्पन्न

**टाण्डा (अम्बेडकर नगर)।** नगर क्षेत्र टाण्डा के मोहल्ला मुबारकपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय जलसे व सूबाई नातिया मुकाबला का आयोजन पुरानी रवायतों के अनुसार अंजुमन नूरे हक़ इस्लामिया के बैनर तले हुआ जलसे का आगाज़ तेलावते कलाम पाक से हाफ़िज़ व कारी सेराज अहमद व संचालन कारी जमाल ने कियाद्ध। जलसे की सरपरस्ती हाजी फिरोज़ अहमद व अध्यक्षता हाजी मेराज अहमद ने किया।सूबाई नातिया मुकाबले में कुल 16 अंजुमनों ने प्रतिभाग किया जिसमें टाण्डा अलीगंज की अंजुमन चार यार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उमरह का टिकट हासिल किया ,अंजुमन दबिस्ताने अदब मऊ ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर फ्रिज हासिल किया व अंजुमन मिलाद ग्रुप मऊ मुबारकपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कूलर हासिल किया। जलसे में मुख्य रूप से मोहम्मद कैश ,जमाल अशरफ उर्फ गुड्डू सेठ , जावेद सिद्दीकी एडवोकेट, जमशेद, मोहम्मद अनीस ,हाजी आरिफ जमाल, जमाल अख्तर ,मोहम्मद नदीम, मोहम्मद अयाज़, मोहम्मद जावेद ,मोहम्मद बेलाल,जुल्फेकार ,मोहम्मद अहमद, कफील मास्टर ,अयाज़ मास्टर, अखलाक सहित हज़ारों लोग सम्मिलित रहे। अंजुमन के अध्यक्ष हाजी आरिफ जमाल ने शामिल लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## आधुनिक पशु चिकित्सालय हुआ शिलान्यास

**अंबेडकरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों की सुविधा के लिए भीटी के पीठापुर आशाजीतपुर गांव में 67 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत आधुनिक पशु चिकित्सालय का निर्माण होना है। शुक्रवार को मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने भूमि-पूजन व शिलान्यास किया। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि यह चिकित्सालय किसानों और पशुपालकों के लिए उपयोगी साबित होगा। पशुओं के उपचार, टीकाकरण और देखभाल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा। एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने कहा कि पशु चिकित्सालय की स्थापना के लिए समाजसेवी आनंद सिंह ने विशेष प्रयास रहा। जिले के करीब 60 हजार पशुपालकों को इसका लाभ मिलेगा। कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने बताया कि लंबे समय से आ रही ग्रामीणों की मांगें अब पूरी होने जा रही है। सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, सीवीओ डॉ अरविंद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अनिल सिंह, संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मिश्रित मत्स्य पालन तकनीक प्रशिक्षण संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**मनकापुर(गोंडा)।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा आयोजित मिश्रित मत्स्य पालन तकनीक विषयक प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने प्रशिक्षणार्थियों से मिश्रित मत्स्य पालन का रोजगार अपनाने का आवाह्न किया । उन्होंने मिश्रित मत्स्य पालन हेतु मत्स्य की प्रजातियां, बीज का चयन, मत्स्य तालाब की साफ सफाई एवं देख रेख, पानी की गुणवत्ता, मत्स्य पोषण प्रबंधन तथा मत्स्य की कीट एवं रोगों से सुरक्षा की जानकारी दी। इस अवसर पर उमापाल सिंह, रितेश सिंह, राजेश कुमार वर्मा, मोहम्मद उस्मान,अमन यादव, वीरेंद्र कश्यप आदि प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर मिश्रित मत्स्य पालन तकनीक विषयक का प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना अंतर्गत मत्स्य की उन्नतशील प्रजातियों के बीजों का निशुल्क वितरण किया गया ।

# शिवा कंपटीशन हब में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षक को किया सम्मानित**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रख्यात शिक्षाविद महान दार्शनिक भारतीय संस्कृति के संवाहक भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर प्रत्येक वर्ष मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान शिवा कंपटीशन हब एवं लाइब्रेरी में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न संवर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामचंद्र छ्ढ्ढह्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर आर के पांडे प्राचार्य [illegible] कॉलेज गोंडा, डॉ ओपी मिश्रा पूर्व प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर व पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग और श्रीअतुल कुमार तिवारी गोण्डा उपस्थित रहे ! अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद सरस्वती वंदना सीमा यादव और स्वागत गीत मीनू वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई !

संस्थान के संस्थापक व प्रबंधक डॉ अजय पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे देश की संस्कृति में शिक्षकों की तुलना ईश्वर से की गयी है और शिक्षक दिवस के अवसर पर इनका सम्मान करना सौभाग्य का विषय है आदि काल से हीं शिक्षकों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आती रही हैं और शिक्षकों ने अपनी योग्यता और समर्पण से उन चुनौतियों का सामना किया है वर्तमान में टेट को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश से शिक्षकों के समक्ष पुनः एक चुनौती आ गयी है ऐसे में हमारी संस्था ऐसे शिक्षक जिन्हे आगामी टेट की परीक्षा देनी है उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद करने के लिए तैयार है शीघ्र हीं सेवारत शिक्षकों के लिए टेट और सीटेट का पृथक विशेष बैच चलाया जायगा !

## संस्था के तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

कार्यक्रम में डॉ अजय पाठक द्वारा लिखित यूपीटीईटी और सीटेट के लिए प्रैक्टिस सेट एवं संस्थान के शिक्षकों द्वारा लिखित गणित और तर्कशक्ति की पुस्तक का विमोचन प्रोफेसर आरके पांडे प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज, रामचंद्र जिला विद्यालय निरीक्षक, अतुल कुमार तिवारी बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया! कार्यक्रम में अवसर पर राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्बोधन हुआ जिसमे राखाराम गुप्ता और सुनील आनंद ने अनुभव साझा किए, सभी अतिथियों ने वहां उपस्थित शिक्षक को सम्मानित किया। संस्थान के संस्थापक डॉ अजय पाठक, डॉ विष्णु शंकर तिवारी अरुण मिश्र संजू मिश्रा इमरान सर सुमित सर दिव्यांशु सर सानू मन्नू सर अरविंद सर गिरिजेश सर आदित्य, उमेश शुक्ल छात्र संघ अध्यक्ष आशीष शंकर मिश्र सुबोध मिश्रा मैन प्रोफेसर रेखा शर्मा प्रोफेसर अरविंद शर्मा वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी एवं विष्णु शंकर शुक्ल, युवा पत्रकार सत्यम मिश्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे!

## ममता का दर्द

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सितम्बर को जो कुछ हुआ उसे किसी भी दृष्टिकोण से सराहा नहीं जा सकता। टीएमसी और भाजपा का संघर्ष सतह पर आ गया। ममता अपने अस्तित्व को लेकर जिस प्रकार संशकित रहती है उससे वह केन्द्र सरकार पर हमेशा अपनी नाखुशी ज़ाहिर करती रहती है। बंगला देशी उनके अस्तित्व के लिये जरूरी है यह उनकी सोच है दूसरे प्रदेशो में रहे बांगलादेशियों को केन्द्र सरकार हमेशा निशाना बनाती रहती है। टीएमसी को कमजोर करने के लिये। उन्होंने यहां तक कह दिया दूसरे प्रदेशो में रहने वाले बांगलादेशी वापस आ जाये। जबकि बांगलादेशियों को कोई तकलीफ नहीं है।

सदन में जब विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो स्पीकर ने भाजपा के चीफ ह्विप को सस्पेन्ड कर दिया। उन्हें बाहर निकलने के लिये मार्शल बुलाया तो चीफ विहिप की तबियत खराब हो गई वह बेहोश हो गये। तीन दिन पहले कोलकत्ता में तृणमूल के लगे अस्थायी मंच को समय सीमा खत्म होने पर हटा दिया तो सदन में इसे लेकर हंगामा किया गया जो बेजा था क्योंकि समय सीमा खत्म पर मंच को हटाया था तो उसे हटा लेना चाहिये था।

पश्चिम बंगाल और केन्द्र सरकार का टकराव अर्से से चल रहा था। कभी ममता भजापा की सपोर्टर थी। महत्वाकांक्षा को लेकर उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली विधानसभा चुनाव में वह सत्ता में आ गई भाजपा मुख्य विरोधी पार्टी बन गई तभी से आपसी टकराव चल रहा है। उन्ही की पार्टी के एक सदस्य द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्योहार किया तो भाजपा ने विपक्ष की हैसियत से विरोध किया तो प्रशासन ने कारवाई करते हुये उसे हटा दिया। तब से टकराव आबाध गति से चल रहा है। ममता सरकार द्वारा दिये गये आबन्टन का हिसाब दिये बिना और आवंटन मांगती है सरकार हिसाब न देने की वजह से आवंटन नहीं देती है।

राज्यपाल के अनधिकार दखल से लेकर एमआईआर तक विरोध के कई मुद्दे है। किसी भी राज्यपाल के साथ पश्चिम बंगाल सरकार के सम्बन्ध सामान्य नहीं रहे। एक गर्वनर ने जाते जाते ममता सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगा दिया था। पूर्व गवर्नर घनखड़ ने कहा था। ममता तुष्टीकरण की राह पर चल रही है। धनखड़ ने यह भी कहा था बंगाल में लोकतन्त्र की हालत सही नहीं है। ममता का आरोप है कि राज्यपाल के माध्यम से उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है। विपक्ष शासित किसी दूसरे राज्यों तुलना में बंगाल केन्द्र राज्य संघर्ष ज्यादा मुखर है। इसकी वजह है भाजपा का पिछले चुनाव में मुख्य विपक्षी दल बनना। मुख्य विपक्षी दल बनने बाद से भाजपा अपना स्पेस बढ़ाने में लगी हुई है। तृणमूल कांग्रेस की कोशिश अपने स्पेस को बचाये रखने की है। टीएमसी के लिये यह एक चुनौती बन गई है। बंगाल में मार्च अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने की सम्भावना है। तब भाजपा और तृणमूल को टकराव बढ़ना स्वभाविक है। मगर लोग राजनीतिक मर्यादा की उम्मीद करते है। कोई भी विवाद से उसके लिये सदन की लोकतान्त्रिक व्यवस्था है। सदन में मर्यादाओं का ध्यान रखना नितान्त जरूरी होता है। पर कुछ लोगो बहक जाते है उसके लिये स्पीकर है जो अस्थायी निवम्बन देते है। कुछ सदस्य मार्शल आने पर नाटक करने लगते है। तब जोर जबरदस्ती करना पड़ जाता है। बरहाल प्रार्थना है दोनो पक्ष मर्यादाओं का ध्यान रखे।

## एससीओ समिट में पीएम मोदी की धमक

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

रूस से तेल आदि का व्यापार करने से नाराज ट्रंप ने दबाव बढ़ाने के लिए भारत पर असंगत टैरिफ शुल्क लगा जो धमाका किया था उसकी रंगत एससीओ समिट में प्रधानमंत्री दामोदर दास नरेन्द्र मोदी की धमक के सामने फीकी पड़ चुकी है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक आज एशिया और विश्व राजनीति के लिए महत्वपूर्ण मंच बन चुकी है। इस संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान सहित मध्य एशियाई देशों की सदस्यता होने से इसके निर्णयों का सीधा प्रभाव वैश्विक कूटनीति और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ता है। ऐसे में प्रधानमंत्री दामोदर दास नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति और वक्तव्य इस बैठक की दिशा तय करने वाले तत्व बन जाते हैं। मोदी जी ने इस मंच पर भारत की वही नीति दोहराई जिसे वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार प्रस्तुत करते आए हैं। पाकिस्तान को विश्व के सामने नग्न करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता तथा विकास में साझेदारी और परस्पर सम्मान पर आधारित बहुपक्षीय सहयोग। उनकी स्पष्ट और दृढ़ आवाज़ ने न केवल भारत के पक्ष को मजबूत किया बल्कि सदस्य देशों को भी यह संदेश दिया कि एशिया के भविष्य की राजनीति भारत की सक्रिय भूमिका के बिना संभव नहीं। मोदी विश्व के वे एकमात्र नेता है जो सामने वाले नेताओं की आंखों से आंखे मिलाकर बहुत आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना बात स्पष्टतः कह जाते है।

एससीओ मीट में मोदी की धमक कई कारणों से उल्लेखनीय रही। आतंकवाद पर कठोर रुख अपनाते हुए उन्होंने साफ कहा कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह संकेत पाकिस्तान जैसे देशों के लिए सीधा संदेश था। मोदी ने जोर दिया कि एशियाई क्षेत्र की समृद्धि तभी संभव है जब पारदर्शी और पारस्परिक हितों पर आधारित व्यापारिक गलियारे विकसित हों। यह चीन की बेल्ट ऐंड रोड परियोजना पर भारत का वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। जिससे कनेक्टिविटी और व्यापार में नये परिवर्तन देखने को मिलेंगे। ऊर्जा और पर्यावरण का महत्व समझते हुए भारत ने ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर सक्रिय भागीदारी की बात रखी। योग, आयुर्वेद और भारतीय संस्कृति को साझा धरोहर के रूप में प्रस्तुत कर मोदी ने भारत की सॉफ्ट पावर को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए अपना रूख स्पष्ट किया। यद्यपि प्रधानमंत्री मोदी का यह रुख केवल भाषण नहीं था अपितु यह दिखाता है कि भारत अब वैश्विक मंच पर प्रतिक्रिया देने वाला राष्ट्र नहीं बल्कि दिशा देने वाला राष्ट्र बन चुका है। उनकी उपस्थिति ने यह प्रमाणित किया कि आज की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की अनदेखी संभव नहीं। मोदी का यही कदम 2047 से होते हुए विश्वगुरु के पावन स्थान की ओर जाता दिखाई देता है।

उल्लेखनीय है कि तिआंजिन चीन में आयोजित यह एससीओ समिट मंत्रीस्तरीय बैठक थी। इसमें सदस्य देशों के विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। भारत की ओर से भी समिट में उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल गया। भारत ने अपनी आतंकवाद-विरोधी और आर्थिक सहयोग की नीति यहां तिआंजिन में भी दोहराई। आतंकवाद और कट्टरपंथ पर जोर देते हुए मोदी जी ने कहा कि आतंकवाद और कट्टरपंथ एससीओ क्षेत्र की शांति और विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा हैं। उन्होंने सभी देशों से जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने का आह्वान किया। भारत ने सदस्य देशों के बीच सुरक्षित और पारदर्शी व्यापार मार्गों की वकालत की। चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर भारत ने अपनी असहमति दोहराई। नवाचार और डिजिटल सहयोग के लिए भारत ने अपना रूख स्पष्ट करते हुए स्टार्टअप्स, डिजिटल पेमेंट सिस्टम और टेक्नोलॉजी को साझा करने की पहल रखी। एससीओ समिट में प्रधानमंत्री दामोदर दास नरेन्द्र मोदी की धमक इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भारत का नेतृत्व दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आतंकवाद से लड़ाई हो, आर्थिक सहयोग हो या सांस्कृतिक साझेदारी, भारत अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। सचमुच, मोदी की आवाज आज विश्व राजनीति में भारत की पहचान की गूंज बन चुकी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की, जिसने समाज की सोच बदली, बाल लिंगानुपात में सुधार किया और स्कूली शिक्षा के हर स्तर पर लड़कियों के नामांकन को बढ़ाया। पोषण अभियान, मिशन शक्ति और सामर्थ्य जैसी पहल मिलकर ऐसा ढांचा तैयार करती हैं, जिसमें शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और अवसर का सहारा मिलता है। यूडीआईएसई+ 2024-25 के आँकड़े बताते हैं कि पहली बार भारत में महिला शिक्षकों की संख्या कुल स्कूली शिक्षकों का 54.2 प्रतिशत हो गई है, जो 2014-15 के 46.9 प्रतिशत से कहीं अधिक है।**

# शिक्षा से महिलाओं का सशक्तिकरण : सावित्री बाई की विरासत

शिक्षक दिवस उन महान व्यक्तित्वों को सम्मानित करने का अवसर है, जो अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं। इस दिन हम भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले (1831-1897) को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं, जिन्होंने हमारे देश में महिला शिक्षा की नींव रखने के लिए पुराने सामाजिक पूर्वाग्रहों को साहसपूर्वक चुनौती दी थी। ऐसे दौर में जब महिलाओं की शिक्षा को



**सावित्री ठाकुर**

नापसंद किया जाता था और अक्सर हिंसक तरीके से इसका विरोध किया जाता था, सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए स्कूल खोले। उन्होंने केवल पढ़ाया ही नहीं, बल्कि पाठ्यक्रम भी तैयार किए और महिलाओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करने हेतु कविताएँ भी लिखीं। उनका जीवन साहस का प्रमाण था–वह रोज़ाना एक अतिरिक्त साड़ी के साथ स्कूल जाती थीं, क्योंकि रूढ़िवादी पुरुष उन पर कीचड़ और पत्थर फेंकते थे। फिर भी वह डटी रहीं, क्योंकि वह जानती थीं कि भारत का भविष्य उसकी बेटियों की शिक्षा में निहित है।

**सुधारकों की विरासत और समानता का आह्वान :** सावित्रीबाई फुले अपने संघर्ष में अकेली नहीं थीं। भारत के समाज सुधार की यात्रा को राजा राम मोहन राय जैसे महान व्यक्तित्वों ने दिशा दी, जिन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह के खिलाफ आवाज़ उठाई और महिला शिक्षा का समर्थन किया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने विधवा पुनर्विवाह और बालिका शिक्षा की वकालत की। आगे चलकर महात्मा गांधी ने भी इस बात पर ज़ोर दिया कि 'महिलाओं की शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम है।' इन सभी सुधारकों का मानना था कि जब तक महिलाएँ शिक्षा से सशक्त नहीं होंगी, भारत को सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता नहीं मिल सकती। यह विरासत आज भी आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्सर इस बात पर ज़ोर दिया है कि भारत की विकास यात्रा महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास से आगे बढ़ेगी। 'विकसित भारत@2047' का विज़न भी इसी सोच पर आधारित है, जिसमें महिलाओं को राष्ट्र निर्माण का समान भागीदार बनाया गया है, और इस सशक्तिकरण की नींव शिक्षा है।

**महिलाएँ और शिक्षा:** अब तक की प्रगति

स्वतंत्रता के बाद से इस दिशा में हुई प्रगति उल्लेखनीय रही है। महिला साक्षरता, जो 1951 में मुश्किल से 8.86 प्रतिशत थी, आज बढ़कर 65.46 प्रतिशत (2011 की जनगणना के अनुसार) हो चुकी है और हाल के सर्वेक्षणों से स्कूलों में लड़कियों के बढ़ते नामांकन यह इंगित करते हैं कि इसमें लगातार सुधार हो रहा है। एकीकृत जिला शिक्षा सूचनाप्रणाली



(यूडीआईएसई+) 2021-22 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) अब लड़कों की तुलना में अधिक है। मोदी सरकार ने 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की, जिसने समाज की सोच बदली, बाल लिंगानुपात में सुधार किया और स्कूली शिक्षा के हर स्तर पर लड़कियों के नामांकन को बढ़ाया। पोषण अभियान, मिशन शक्ति और सामर्थ्य जैसी पहल मिलकर ऐसा ढांचा तैयार करती हैं, जिसमें शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और अवसर का सहारा मिलता है। यूडीआईएसई+ 2024-25 के आँकड़े बताते हैं कि पहली बार भारत में महिला शिक्षकों की संख्या कुल स्कूली शिक्षकों का 54.2 प्रतिशत हो गई है, जो 2014-15 के 46.9 प्रतिशत से कहीं अधिक है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया है।यह संस्थान महिलाओं और बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों को मज़बूत बनाने के लिए क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों। सावित्रीबाई फुले के नाम के साथ, यह संस्थान शिक्षा और सुधार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उनके विजन के प्रति जीवंत श्रद्धांजलि है। फिर भी कुछ चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कम उम्र में विवाह, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक कारणों से कई लड़कियाँ माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ देती हैं। सरकार इन चुनौतियों को दूर करने के लिए छात्रवृत्ति, आवासीय सुविधा, मासिक धर्म स्वच्छता पहल और डिजिटल शिक्षा के अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि हर लड़की बिना रुकावट अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

**राष्ट्र-निर्माता के रूप में शिक्षक :** महिला शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे केवल पढ़ाने का काम नहीं करतीं, बल्कि लाखों बालिकाओं के लिए प्रेरणा और आदर्श भी बनती हैं। इसी तरह वे सावित्रीबाई फुले की मशाल को आगे बढ़ा रही हैं। अध्ययन बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षकों की उपस्थिति से लड़कियों का स्कूल में नामांकन और पढ़ाई जारी रखने की संभावना बढ़ जाती है। गरीबी के चक्र को तोड़ने और परिवारों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाने में उनका योगदान बेहद अहम है।

**विकसित भारत की ओर :** जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, शिक्षा विकास का प्रमुख वाहक बनी हुई है। विशेषकर महिलाओं की शिक्षा, इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देती है शिक्षित महिलाएँ बेहतर स्वास्थ्य सेवा, कम शिशु मृत्युदर, उच्च पारिवारिक आय और मज़बूत समुदाय सुनिश्चित करती हैं। यूनेस्को के अनुसार, एक लड़की की स्कूली शिक्षा का प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष उसकी भविष्य की आय में 10-20 प्रतिशत की वृद्धि करता है। इसलिए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपनी योजनाओं को सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्णशिक्षा) और सतत विकास लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) के अनुरूप बनाना जारी रखे हुए है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लड़की पीछे न छूटे।हम शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और कौशल विकास के साथ जोड़कर ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं जहाँ महिलाएँ विद्यार्थी, शिक्षक, उद्यमी और नेता बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

**सामूहिक संकल्प :** सावित्रीबाई फुले की कहानी हमें इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची प्रगति साहस से ही जन्म लेती है। पुणे की उनकी साधारण कक्षा से लेकर आधुनिक भारत की उन कक्षाओं तक, जहाँ करोड़ों लड़कियाँ प्रतिदिन शिक्षाग्रहण करती हैं, यह यात्रा महिलाओं और शिक्षा के प्रति समाज के दृष्टिकोण में आए व्यापक बदलाव को दर्शाती है। लेकिन यह मिशन अभी अधूरा है।

# त्योहारों से पहले मिल गया जीएसटी का उपहार

**रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा।**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में



**राजेश माहेश्वरी**

खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी। भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे। अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खासतौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था। उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे ट्रंप टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा।

रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी



और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है।

इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है। अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं।

जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा। भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी ट्रंप टैरिफ के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है। लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। इन क्षेत्रों के तनाव में आने का असर गरीब परिवारों पर पड़ने की आशंका है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी में 0.4 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कमी हो सकती है। त्योहारी सीजन और बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला न सिर्फ कारोबारी बल्कि, दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा।

# पितृपक्ष : संस्कृति और वैश्विक दृष्टिकोण का दार्शनिक पर्व

**मान्यता के अनुसार इस दौर में हमारे पूर्वज किसी न किसी रूप में धरती पर आते हैं और श्राद्ध को ग्रहण कर हमें आशीर्वाद देते हैं। भारतीय संस्कृति में पितृपक्ष को केवल कर्मकांड का पर्व नहीं माना गया है, बल्कि इसे आस्था और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक समझा गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम का शास्त्रीय उद्घोष यही बताता है कि जब किसी कार्य को श्रद्धा, निष्ठा और कृतज्ञता से किया जाता है तो वह श्राद्ध कहलाता है।**

वैश्विक स्तरपर भारत मान्यताओं प्रथाओं परंपराओं और गहरी आध्यात्मिकता में आस्था रखने वाले देश के रूप में प्रसिद्ध है।अनेक कारणों में से यह भी एक कारण है की पूरी दुनियां से सैलानी भारत भ्रमण पर आते है जो इन प्रथाओं परंपराओं आध्यात्मिकता को देख उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करते हैं।आधुनिक विज्ञान के इस डिजिटल युग में जहां मानव चांद पर मानव कॉलोनी बनाने की ओर बढ़ गए हैं, सूर्य को अपनी मुट्ठी में लेने के प्रयास हो रहे हैं,मानव का स्थान अब रोबोट ले रहा



**किशन भावनानी**

है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां हदें पार कर रही है, परंतु भारत एक ऐसा देश है जिसकी सभ्यता और संस्कृति की जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं।यहाँ का जीवन- दर्शन केवल वर्तमान तक सीमित नहीं है बल्कि अतीत और भविष्य को भी जोड़ता है। इसी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का एक गहरा उदाहरण है पितृपक्ष, जिसे हर वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन अमावस्या तक मनाया जाता है। वर्ष 2025में यह पवित्र कालखंड 7 सितंबर से 21 सितंबर तक रहेगा। यह समय भारतीय समाज में पूर्वजों की स्मृति, उनके प्रति कृतज्ञता और उनकी आत्मा की शांति के लिए किए जाने वाले कर्मकांड का प्रतीक है। इस पर्व का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को उसकी जड़ों से जोड़ने और सामाजिक सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है। आज भारत के परिवार सच्चे मन से एवं श्रद्धा से श्राद्ध मनाकर अपने पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है। मान्यता के अनुसार इस दौर में हमारे पूर्वज किसी न किसी रूप में धरती पर आते हैं और श्राद्ध को ग्रहण कर हमें आशीर्वाद देते हैं। भारतीय संस्कृति में पितृपक्ष को केवल कर्मकांड का पर्व नहीं माना गया है, बल्कि इसे आस्था और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक समझा गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम का शास्त्रीय उद्घोष यही बताता है कि जब किसी कार्य को श्रद्धा, निष्ठा और कृतज्ञता से किया जाता है तो वह श्राद्ध कहलाता है।इसीलिए पितृपक्ष केवल आचार-विचार का विषय नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, रिश्तों और पारिवारिक मूल्यों का उत्सव है। जब मनुष्य अपने पूर्वजों का स्मरण करता है, उन्हें तर्पण, पिंडदान और भोजन अर्पण करता है, तो यह उसकी आत्मा को भी शांति प्रदान करता है। चूंकि यह 15 दिवसीय श्राद्ध 7 सितंबर से शुरू हैं, इसलिएआज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से, चर्चा करेंगे, श्रद्धया इदं श्राद्धम्? - जो श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है।

साथियों बात अगर हम पितृपक्ष का मूल उद्देश्य को समझने की करें तो, यही है कि मनुष्य अपने जीवन में यह स्वीकार करे कि उसका अस्तित्व



केवल उसकी मेहनत का परिणाम नहीं है। उसकी रगों में उसके माता-पिता और पूर्वजों का रक्त बह रहा है, उसकी संस्कृति और संस्कार उसके पूर्वजों की धरोहर हैं। इसलिए यह पर्व केवल मृतकों को याद करने का माध्यम नहीं है बल्कि यह जीवितों के जीवन को भी अनुशासित और संतुलित करने का अवसर है। यह हमें यह स्मरण कराता है कि परिवार, समाज और संस्कृति की जड़ों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।भारतीय धर्मग्रंथों में यह स्पष्ट कहा गया है कि हर मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण होते हैं,देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण। इनमें से पितृ ऋण सर्वोपरि माना गया है क्योंकि माता-पिता और पूर्वजों के बिना किसी का अस्तित्व संभव नहीं है। देव ऋण हमें प्रकृति और देवताओं के प्रति कृतज्ञ बनाए रखता है, ऋषि ऋण हमें ज्ञान और परंपरा की याद दिलाता है, जबकि पितृ ऋण हमें जीवनदाता और हमारी जड़ों की स्मृति कराता है। माता-पिता, दादा-दादी और उन सभी बुजुर्गों को पितृ ऋण के अंतर्गत माना गया है जिन्होंने हमें जीवन का आधार दिया। इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और उनका तर्पण करना केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं बल्कि जीवन का नैतिक दायित्व भी है।

साथियों बात अगर हम पितृपक्ष के दौरान किए जाने वाले कर्मकांडों की करें तो,उसमें तर्पण पिंडदान और ब्राह्मण भोजन प्रमुख हैं। शास्त्रों के अनुसार, तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष और तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों का स्मरण करना आवश्यक है। इन्हीं को 'पितर' कहा गया है। तर्पण के माध्यम से व्यक्ति जल अर्पण करके यह भावना व्यक्त करता है कि वह अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए समर्पित है। पिंडदान के रूप में अन्न का अर्पण उनके प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। यही कारण है कि इस काल में घर-घर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण रहता है और लोग अपने पूर्वजों के नाम से विशेष रूप से ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराते हैं।

साथियों बात अगर हम पितृपक्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू पितृ दोष की करें तो, ज्योतिष और धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब परिवार में पूर्वजों की आत्मा को उचित संतुष्टि नहीं मिलती या उनके लिए श्रद्धापूर्वक श्राद्ध, तर्पण आदि नहीं किया जाता, तो इसे पितृ दोष कहा जाता है। इसका प्रभाव परिवार के जीवन पर पड़ता है और इसे अपूर्ण कार्यों, अशांति, असफलता, आर्थिक संकट या मानसिक तनाव से जोड़ा जाता है। पितृ दोष के कारण घर में प्रगति रुक सकती है और पारिवारिक संबंधों में तनाव उत्पन्न हो सकता है। इस दोष को दूर करने के लिए शास्त्रों में कई उपाय बताए गए हैं, जैसे, पितृपक्ष में विधिवत तर्पण करना, पिंडदान करना, गाय, कुत्ते और कौवे को भोजन कराना तथा ब्राह्मणों को दान देना। इसके अतिरिक्त, गीता पाठ, विष्णु सहस्रनाम, नारायण बलि और रुद्राभिषेक जैसे अनुष्ठान भी पितृ दोष को शांत करने में सहायक माने गए हैं।

साथियों बात अगर हम आधुनिक संदर्भ में पितृपक्ष का महत्व और भी बढ़ जाने की करें तो, आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपने पूर्वजों और पारिवारिक मूल्यों को भूल जाते हैं। लेकिन यह पर्व उन्हें यह स्मरण कराता है कि हमारी जीवनशैली और हमारे संस्कार किसी व्यक्तिगत उपलब्धि का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित धरोहर है। इसी कारण पितृपक्ष को मानव सभ्यता की कृतज्ञता का पर्व कहा जा सकता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि आधुनिकता के बीच भी परंपराओं को जीवित रखना उतना ही आवश्यक है, जितना प्रगति करना। पितृपक्ष का एक गहरामनोवैज्ञानिक महत्व भी है। जब लोग अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं, तो यह उन्हें आत्मिक संतोष और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। यह प्रक्रिया मानसिक शांति और परिवार के भीतर सामंजस्य लाने में सहायक होती है।

# पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम- एसपी ने सुनी जनशिकायतें

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समय सीमा निर्धारित की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए अवगत करायें।



■ कई शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण, शेष शिकायतों के निस्तारण को निर्धारित की समय सीमा

जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जन शिकायतों का निस्तारण करायें। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, विकास के 03, पुलिस के 19, नगर पंचायत के 02, पूर्ति के 36, विद्युत के 05 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति के 06, चकबंदी के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 03, चकबंदी के 02, विद्युत के 03, समाज कल्याण के 07 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 02, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

## सहकारिता का सदस्यता अभियान 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक

**मथुरा।** आज जिला सहकारी बैंक के डेम्पियर नगर स्थित सभागार में बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर द्वारा बैंक के प्रबंधक एवं अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की गई। इसके साथ-साथ श्री धनगर द्वारा गत 2 सितंबर को लखनऊ में हुई बैठक के सम्बन्ध में सभी सभी शाखा प्रबंधकों को दिशा निर्देश प्रदान करते हुए अवगत कराया कि सहकारिता को बहु उपयोगी बनाए जाने के एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक पुनः सहकारिता विभाग द्वारा सदस्यता महाअभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

बैंक के अधिकारियों को बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसी सहकारी समिति की सदस्यता ग्रहण करने के लिए कम से कम दो अंश क्रय करना होगा (प्रति अंश 100) और 21 सदस्यता शुल्क तथा 5 पंजीकरण शुल्क, इस प्रकार कुल 226 रुपए जमा कर सहकारी समिति की सदस्यता ग्रहण की जाएगी।

# अगले वर्ष जल्दी आने की कामना के साथ विदा किये गये गजानन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ और उसके बाद अगले बरस तू जल्दी आ की कामना के साथ गणपति विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। यह गणपति महोत्सव गणेश चौथ से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चला। इन दिनों में विधिवत तरीके से प्रथम आराध्य पूज्य भगवान गणेश की भक्ति की गई और उसके बाद आज अनंत चतुर्दशी को भगवान श्रीगणेश का विधिवत तरीके से विसर्जन कर दिया। श्रद्धालुओं ने अपनी सुविधानुसार साधन जुटाकर भगवान गणेश की मूर्तियों को उस में रखकर पहले नगर परिक्रमा की, जिसमें ढोल नगाड़े डीजे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते विसर्जन स्थल तक गये। गणपतिजी की शोभायात्रा तुवन मंदिर चैराहा, घंटाघर, शनिचरा चौराहा, आजाद चौक से होते हुए शहजाद नदी से होते हुए पुराना सागर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ततपश्चात गोविन्द सागर बांध में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां थीं, ढोल नगाड़ों की थाप पर सुन्दर नृत्य करते भक्तों ने रंग गुलाल की जम कर होली खेलते शोभायात्रा निकलते विसर्जन के लिये पहुँचे। विसर्जन स्थल पर हजारों भक्त मौजूद रहे। वहां पर भगवान श्री गणेश की विधिवत तरीके से पूजा अर्चना आरती की गई और उसके बाद उन्हें कुंड में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के समय लोगों की जुबान पर एक ही शब्द था कि हे भगवान गणेश अगले बरस तू जल्दी आ। एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालु गणेश पंडालों व घरों में हवन पूजन में लगे हुये थे।



**विसर्जन के समय जमकर हुयी बारिश**

श्रीगणेश विसर्जन के दौरान अपराह्न के समय हल्की बारिश भी हुयी, जिससे श्रद्धालु मौजूद रहे। तेज बारिश को देखकर जहां भक्तजन हर्षित होते नजर आ रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर भक्ति का रंग और लोगों पर चढ़ रहा था। डी.जे. और ढोल की थाप पर श्रद्धालु नाचते गाते हुये श्रीगणेश को विसर्जन के लिए गोविन्द सागर बांध तक ले गये, जहां अलग से बनाये गये कुण्ड में श्रीगणेश का विसर्जन किया गया।

# जन गण मंगलदायक गुणों के पुंज हैं गणेश जी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** गणेशोत्सव के समापन पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति में कार्य के शुभारंभ में श्री गणेश इसलिए कहा जाता है कि कर्ता पूर्ण निष्ठा और सकारात्मकता से कार्य निष्पादित करें। हमारे साहित्य और मूर्ति कला में गणेशजी और उनके प्रतीकत्व का बड़ा सटीक चित्रण किया गया है। ललितपुर जनपद के गांव बानपुर से 2 किलोमीटर दूर गणेशपुरा की नृत्य करती गणेश प्रतिमा ललितपुर के लालित्य का बेजोड़ उदाहरण है। इस षोडश भुजी मूर्ति में गणेशजी के चंद्रमा की तरह 16 गुण अपने संपूर्ण कलात्मक वैभव से आलोकित हैं। घंटाघर पुरानी कोतवाली स्थित मूर्ति भी हमारी उत्कृष्ट कला की परिचायक है। बुंदेलखंड के निरूपाय



किसान अपनी नोंन-तेल-लकड़ी की मुँह वा रही समस्याओं से, जब जूझते हैं, तो टेर लगाते हैं सदा भवानी दाहिनी, सन्मुख रहें गणेश तो हमारी चढ़ती वेल कौन बैरी उतार सकता है? अपनी अटपटी बुंदेली बोली में वह करता है- ओ! मोरे दल के सिंगार (देवसेना के श्रृंगार गणेश) उलायतें अइयो (जल्दी), जा मोरी वीदन निवारियो (निवारण)। बुंदेली गीतों में कहा गया है गणेश जी- सूपा जैसे कानों को पुनः पुनः फटक कर बार-बार शिक्षा देते हैं कि सूपा की तरह तुच्छ बातों को कानों से दूर रख कर, सार-सार ग्रहण करो।

## भीषण सड़क हादसा, चाचा की मौत, भतीजा बाल-बाल बचा

**बिलग्राम (हरदोई)।** बिलग्राम क्षेत्र में शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया। बिलग्राम कटरा बिल्हौर मार्ग पर धोबियों वाली मस्जिद के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में चाचा की मौत हो गई, जबकि भतीजा बाल-बाल बच गया। निजामपुर (कोतवाली बिलग्राम) निवासी राम सिंह उर्फ भूरा (45 वर्ष, पुत्र चिरंजू लाल) अपने भतीजे मोहित (पुत्र शियाराम) के साथ नखासा, सांडी से मोटरसाइकिल पर लौट रहे थे। तभी अचानक सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की तीव्रता इतनी थी कि राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहित को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक विकास यादव ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए हरदोई भेज दिया।

# गणेश विसर्जन पर उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम (हरदोई)।** श्री गजानन सेवा समिति व नगर की अन्य समितियों द्वारा शनिवार को भव्य गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गई। पूरे नगर में शोभायात्रा का अद्भुत और आकर्षक दृश्य देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारों के साथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री गणेश महोत्सव सुभाष पार्क बिलग्राम

नगर के सुभाष पार्क में श्री गजानन सेवा समिति सुभाष पार्क द्वारा श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया। 11 वे दिन सुबह आचार्य नवनीत द्विवेदी द्वारा हवन करवाया गया हवन संपन्न होने के बाद जय गणेश के जयकारे लगाए गए शोभायात्रा सुभाष पार्क से प्रारम्भ होकर पूर नगर भ्रमण करते हुए सदर बाजार पहुंची दुर्गा, भारत माता, हनुमान की झाकियां मनमोहक थी। विसर्जन यात्रा के दौरान नगर में गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल भी सामने आई। मुस्लिम भाइयों ने श्रद्धालुओं को



फूलों की मालाएँ पहनाई और प्रसाद वितरण कर भाईचारे व एकता का संदेश दिया। हर तरफ आपसी सौहार्द और भाईचारे की इस मिसाल की खूब सराहना होती रही।

भक्तिमय माहौल में ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच भगवान श्री गणेश को विदा किया गया। इस दौरान नगरवासी भावुक भी दिखे, वहीं श्रद्धालु पूरी आस्था और उत्साह से विसर्जन यात्रा में शामिल रहे। प्रशासनिक अमला भी विसर्जन यात्रा के दौरान पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सुरक्षा और शांति व्यवस्था

■ गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, मुस्लिम भाइयों ने कराया प्रसाद वितरण

बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए। श्री गजानन सेवा समिति के अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह गुड्डु ने विसर्जन के दौरान कहा कि गणेश महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। बिलग्राम नगर ने गंगा-जमुनी तहजीब की जो मिसाल कायम की है, वह पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। शिवम यादव ने कहा कि गणेश महोत्सव का सबसे बड़ा संदेश आपसी प्रेम और सौहार्द है। नगरवासियों ने जिस तरह मिलजुलकर इस यात्रा को सफल बनाया, वह काबिले-तारीफ है। बिलग्राम नगर ने गंगा-जमुनी तहजीब को जिंदा रखा है और यही हमारी असली पहचान है। दिलशाद अहमद ने भी कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब ही बिलग्राम की पहचान है। हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की यह तस्वीर आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी ने संभाली राहत की कमान

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** यमुना के उफान से जिले का बड़ा इलाका प्रभावित है। गांवों से लेकर शहर तक हजारों लोग बाढ़ की मार झेल रहे हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने शुक्रवार को राहत शिविर का दौरा किया और पीड़ित परिवारों को न केवल ढांढस बंधाया, बल्कि खुद अपने हाथों से भोजन परोसकर संवेदनशीलता का संदेश भी दिया। एसएसपी श्लोक कुमार जैसे ही राहत शिविर में पहुंचे, लोगों के चेहरे पर राहत और सुरक्षा का भाव झलकने लगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई उनसे बाढ़ के हालात साझा करने लगा। एसएसपी ने लोगों की बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को किसी भी तरह की तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। पुलिस-प्रशासन 24 घंटे सेवा में है। एसएसपी ने खुद कड़ाही से थाली तक भोजन परोसकर यह जताया कि प्रशासन सिर्फ आदेश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की तकलीफ में उनके साथ खड़ा भी है।

### शिक्षामित्र उत्थान समिति की बैठक संपन्न



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** टीईटी सीटीईटी उत्तीर्ण शिक्षक/ शिक्षामित्र उत्थान समिति ललितपुर की बैठक स्थानीय कंपनी बाग में आयोजित शिक्षक/ शिक्षामित्र उत्थान समिति ललितपुर की बैठक स्थानीय कंपनी बाग में आयोजित की गई. बैठक में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर वक्ताओं ने कहा की जो घोषणा की गई है उसके लिए प्रदेश के सभी शिक्षामित्र की तरफ से हम सभी उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं. बैठक में मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है. बैठक में कहां गया कि मुख्यमंत्री जी ने शिक्षामित्र की मांगों पर ध्यान देते हुए जो निर्णय लिया है उसके लिए उनका संगठन आभारी है।

### पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह का लोकार्पण

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** थाना बहजोई की नवनिर्मित पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह ग्राम मझोला का लोकार्पण/उद्घाटन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। अपराध पर अंकुश और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने एवं जनता की सुरक्षा हेतु थाना बहजोई की नवीन पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह ग्राम मझोला का लोकार्पण, उद्घाटन जिलाधिकारी संभल श्री राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक जनपद संभल श्री कृष्ण कुमार द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) महोदया जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू व अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।



### गर्भवती महिलाओं सहित कईयों को किया रेस्क्यू

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** मथुरा में आई यमुना जी की बाढ़ से लोग प्रभावित हो रहे हैं। शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जुटा हुआ है। मथुरा वृंदावन आदि यमुना के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ के हालात शनिवार को गंभीर हो गए। पानी भरने से लोगों की माथे पर चिंता की लकीरें देखी गईं। बाढ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। एक व्यक्ति को उसके कुत्तों सहित रेस्क्यू किया गया। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा अक्रूर कॉलोनी में रेस्क्यू कर परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## शान शौकत से निकाला गया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी जुलूस

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर से बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ मोहम्मद साहब के तशरीफ लाने पर जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी को लेकर जुलूस निकाला गया। जिसमें सुबह मदरसा फैजान-ए- रजा के बच्चों का मोहल्ले में निकला गया। जुलुस फिर वहीं नमाज जुमा के बाद मोहल्ले के सारे लोगो ने निकाला धूमधाम से जुलूस जिसमे नात खतवा हैदराबाद और झांसी कानपुर के शामिल रहे। वहीं जुलूस में देखने को मिला के बिना डी.जे. से जुलूस निकाला। ताकि डीजे की धमक से ना हो किसी दूसरे को तकलीफ न हो। जुलूस मे 2 ट्रक के ट्रॉला शामिल हुये, जिनमें एक पर स्टेच और एक पर हुजूर साहब के रोजे का नक्शा और सार्वजनिक लंगर शामिल रहा। बच्चों ने नागपुर ताजुदुद्दीन बाबा की दरगाह बनायीं और वहीं नौजवानों ने मोहम्मदी अखाड़ा निकाल कर अपना हुनर दिखाया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** विकासखंड गुन्नौर के ग्राम पंचायत रसूलपुर में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूल पुर का निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया द्वार बनवाने एवं साफ सफाई के निर्देश दिए। प्रधानाध्यापक के अतिरिक्त अन्य स्टाफ के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम सचिवालय के पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया पुस्तकालय में अच्छी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकें रखने के निर्देश दिए। खिड़कियों पर जाली, पेंट, डैम्फ्रूफ छत, सीलन को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के अन्तर्गत विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी दिव्यागों के लिए विशेष शिविर लगाया गया।

## प्रधानाचार्य एवं घोष प्रमुख को 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' से सम्मानित


**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मथुरा नगर के कृष्ण चन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज माधवकुञ्ज मथुरा के विद्यालय ने एक बार फिर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय को बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह तथा विद्यालय के घोष प्रमुख सीताराम बघेल को राज्य स्तर पर घोष के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह द्वारा 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' से अलंकृत किया गया है। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त करते हुए प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण विद्यालय परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार हमारे श्रेष्ठ आचार्यो की कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। इन्हीं की मेहनत से इस वर्ष हमारे चार छात्र बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर सके।

# राज कपूर के जन्म शताब्दी पर दी संगीतमय श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय फिल्म जगत में शोमैन की विशिष्ट पहचान रखने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता फिल्म निर्माता एवं निर्देशक राज कपूर जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर मथुरा की विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्थाओं ने संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित कर राज कपूर को 5 सितंबर को देर रात तक होटल मनभावन में याद किया।

राज कपूर स्मृति आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आर के चतुर्वेदी ने राज कपूर की जीवन यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समय के साथ राज कपूर को अपनी फिल्मों से समझौता करना पड़ा, वह राज कपूर जिनकी शुरुआत सामाजिक सरोकार की फिल्मों से हुई, समय के बदलते उन्हें व्यावसायिक फिल्मों की ओर मुड़ना पड़ा ।एक ओर जहां उनकी फिल्मों ने मनोरंजन किया, दूसरी ओर उनकी



फिल्मों से कोई न कोई बड़ा सामाजिक संदेश मिलता रहा। नारी को केंद्र में रखकर बनाई गई उनकी फिल्मों में नायिका का अपना अलग ही महत्व झलकता है। भारत के अलावा अन्य बहुत से देश में राज कपूर की फिल्मों को बड़े पैमाने पर पसंद किया गया। उस दौर में भारत से प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद राज कपूर की अंतरराष्ट्रीय पहचान थी। कार्यक्रम में राज कपूर की जीवन यात्रा पर एक शानदार डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया जिसमें राज कपूर के श्वेत श्याम सिनेमा से लेकर रंगीन सिनेमा की यात्रा तक तथा उनके बचपन से लेकर जवानी और निधन तक के उतार-चढ़ाव को विस्तार से प्रस्तुत किया।

# जश्न ए ईद मिलादुन्नबी की धूम मथुरा में उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** 05 सितंबर को जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का पवित्र पर्व धूमधाम से मनाया गया। जेबा मस्जिद मनोहरपुरा से जुलूस ए मोहम्मदी आगाज़ हजारों लोगों के साथ करीब 1:30 बजे हुआ, जो कल्लू मल्लू कारखाना से भरतपुर गेट, खारी कुआं, घीया मंडी होते हुए चौक बाजार पहुंचा। इस दौरान मौलानाओं ने पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की शान में तकरीर की और लोगों को उनके बारे में विस्तार से समझाया।

इसके बाद जुलूस मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पहुंचा वहां पर उलमा ए इकराम द्वारा पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की शान में तकरीर में कहा गया कि हज़रत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को इश्क, मुहब्बत और अमन का पैगाम दिया। उन्होंने लोगों को एकता और भाईचारे के साथ रहने की तालीम दी। हज़रत मोहम्मद साहब की तालीमात आज भी पूरे आलम के लिए दावत ए आम हैं। उन्होंने लोगों को रब की बरकतों और रहमतों का हासिल करने का रास्ता दिखाया। जुलूस में शामिल लोगों ने सल्ले अला या मुस्तफा या मरहबा के जोरदार नारे लगाए और उलमा ए इकराम ने कुरान और हदीस की दलील देकर पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की शान में जोरदार तकरीर की। जुलूस के दौरान उलमा ए इकराम ने अपने शहर व मुल्क के लिए अमन और चैन की दुआ मांगी और लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ रहें। इसके बाद जुलूस दरेसी रोड होता हुआ कल्लू मल्लू कारखाना से जेबा मस्जिद मनोहरपुरा पहुंच कर समाप्त हुआ। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद यूनुस गाजी ने ईद मिलादुन्नबी का पावन पर्व सकुशल संपन्न हो जाने पर मथुरा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

■ पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब की शान में निकला भव्य जुलूस

# शानों शौकत से उठा जुलूस ए मोहम्मदी

अवधनामा संवाददाता

**संडीला-हरदोई।** कस्बा का तारीखी जुलूस जुलूस ए मोहम्मदी अपनी शानों शौकत के अपने मुकर्रर वक़्त सुबह ग्यारह बजे छोटा चौराहा स्तिथ मदरसा गौसिया से उठा जिसके पीछे लगभग सैकड़ो अंजुमने अपने जुलूस को लगाकर लेबर मंडी से होते हुए मंडई मूसेपुर से छोटा चौराहा पर आई और वहाँ से मुख्य मार्ग होते हुए लब्बैक या रसूल्लालह के नारे लगाते हुए बस अड्डा पंहुचा जहाँ से फिर जुलूस अपने अपने जगहों पर वापसी चला गया और कुछ जुलूस झाड़ी दरगाह झाड़ी शाह पहुँचे जहाँ पर जुलूस के जिम्मेदारो को ट्राफी भी दी गयी। कस्बा संडीला वैसे भी कौमी एकता के लिये दूर दूर तक जाना पहचाना जाता है जिसको मद्देनजर रखते हुए श्री महावीर झंडा मेला के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री गुड्डे भईया ने जुलूस के जिम्मेदारो को माला पहनाकर व मुँह मीठा करा स्वागत किया और कहाँ संडीला जिस चीज के मशहूर है वो हमेशा क़ायम रहेगा

सुबह के वक़्त छोटे चौराहे पर होमगार्ड और सिर्फ कांस्टेबल ही नज़र आ रहें थे जिससे ना ट्रैफ़ीक़ रुक रहा था और ना ही जुलूस सिस्टमेटीक ढंग से मोटरसाईकिल वा चार पहिया वाहन निकलने के कारण ठीक से कुछ हो पा रहा लेकिन भीड़ बढ़ते ही एस एच ओ महोदय ने सतर्कता दिखाते हुए ड्रोन कैमरा और अपने अमले के साथ मुस्तैद दिखे जिससे सुचारु रूप से जुलूस शुरू हो पाया। मुख्य मार्ग व अंदर गलियों में भी सबील लगी नज़र आयी छोटे चौराहे,किला, पुलिस चौकी इमलीयाबाग कई जगहों में सैकड़ो सबील लगी नज़र आई जिसमे कहीं जलेगी शरबत पानी बिस्कुट लोगो ने प्रसाद के रूप में बांटे और लोगो ने ग्रहण भी किया। लाखो की भीड़ को सभालने व ऊंचे झंडो व बिजली के तारों को लेकर खासी चर्चा बनी रही लेकिन बिजली कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाई जहाँ पर से जहाँ तक जुलूस होता था वहाँ से वहाँ की बिजली गुल कर देते थे। पालिका अध्यक्ष रईस अंसारी का आवास बस अड्डे पर जहाँ पर हर साल श्री अंसारी मिलाद का आयोजन करते है और जुलूस के पहुंचने पर मिलाद का प्रोग्राम मुकम्मल करते है जिसमे दूर दराज़ के शायर शिरकत करतर है जिसमे मुल्क में अमन व शांति को दुआ की जाती है।



■ 2.5 किलोमीटर लम्बा जुलूस बना चर्चा का विषय, लाखो अकीदतमंद हुए शामिल

## डीएम व एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सम्भल (बहजोई)।** आज अनंत चतुर्दशी पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विराजमान किया था, उन गणपति बप्पा जी की प्रतिमाओं को राजघाट बबराला पर मूर्ति विसर्जन के लिए बनाये गये विशेष कुण्डों में बड़े ही धूमधाम से विसर्जन किया। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा राजघाट बबराला पहुँच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमा विसर्जन से संबंधित कुण्डों को देखा गया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बड़े कुण्ड में स्लोव एवं पक्की सीढ़ी भी बनवायी जाएं एवं जिलाधिकारी ने साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि घाट के परिसर में बनी दुकान एवं ठेलों खोमचों आदि के पास डस्टबिन लगें।

# समितियों की संख्या बढ़ाई जाए

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** सभापति उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लि. लखनऊ वीरू साहनी का जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम हुआ। सभापति का सर्वप्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विवेक कुमार द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत सभापति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के अन्तर्गत उपस्थित सभी लोगों से सभापति द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। सभापति द्वारा जनपद में सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा योजना की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक करें। सभापति ने जनपद में कितनी मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठित हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समितियों की संख्या को बढाया जाए। ग्राम सभा के तालाबों के पट्टे की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पट्टों का चयन नियमानुसार हो नियम विरुद्ध कोई भी पट्टा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। माननीय सभापति जी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 हेक्टेयर से अधिक एवं उससे कम के तालाबों की सूची उपलब्ध करायी जाए। सभापति ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम सभा के तालाबों पर ध्यान दिया जाए तथा मत्स्य पट्टा वितरण में कश्यप एवं निषाद समाज को प्राथमिकता पर रखा जाए। सभापति ने जनपद से गुजरने वाली नदियों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं खण्ड के अनुसार समिति बनाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना हेतु चयनित लाभार्थी, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मोपेड विद आईस बॉक्स परियोजना, पर भी चर्चा की गयी।

■ योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक करे : सभापति

# एग्रीमेंट के बहाने नशीला पदार्थ पिलाकर युवक से कराया बैनामा

■ पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जनपद में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसे नशीला पदार्थ पिलाकर एग्रीमेंट कराने के बहाने उसकी जमीन का बैनामा करा लिया गया। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर की है और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामला थाना छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम रामपुर निगोह निवासी अबनीश कुमार पुत्र स्व गंगा किशन का कहना है कि उसकी पैतृक भूमि का खातेदार है जिसमें उसका 01/12 हिस्सा है। विगत 21 अगस्त को गांव के ही तीन लोगों ने उसे दो लाख रुपये प्रतिफल में अपने छिबरामऊ एक रिस्तेदार को एग्रीमेंट कराने के बहाने तहसील में बुलाया और पहले से रची गई साजिश के तहत उसे ठण्डा में नशीला पदार्थ पिला दिया। असंतुलित स्थिति में उसकी तीस लाख कीमत की जमीन का बैनामा दो लाख की चेक जेब में डालकर करा लिया गया। जब उसे होश आया तो मामले की जानकारी हुई और उसने 04 सितंम्वर को उन चारों लोगों से संपर्क कर उसके साथ धोखर्धडी कर फर्जी एवं जालसाजी कर कूटरचित दस्तावेज बनाकर तथा ठण्डा के बहानें अंग्रेजी शराब के नशे में कराये गये बैनामें को निरस्त करानें की आत कही। तो उक्तगणों ने गाली गलौज करते हुये कार्यवाही करनें पर जान से मारनें की धमकी दी। पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से तीसरी बार बाढ़ के आसार

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** हथिनी कुंड वांध से पानी छोड़ने तथा एमपी राजस्थान में जोरदार बारिश होने के कारण यमुना नदी के जल स्तर में 3 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी होती रही। दोपहर को जल स्तर 106 मीटर पार कर गया। जल स्तर के बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्र के नागरिकों तथा प्रशासन ने सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि एकं महीने के अंदर यमुना नदी के जलस्तर में तीसरी बार बढ़ोतरी हुई है। एक महीने पहले जलस्तर खतरे के निशान से करीब 4:30 मी ऊपर पहुंच गया था।दोपहर को जल स्तर 106 मीटर पार कर गया। खतरे का लाल निशान 108 मीटर पर दर्ज है। तथा चेतावनी प्वाइंट 107 मीटर पर है। 3-4 सेमी की रफ्तार से जल स्तर में वृद्धि होती रही।

**बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में प्रशासन दिनभर सक्रिय रहा-** यमुना नदी के उफनाने की वजह से स्थानीय प्रशासन एलर्ट हो गया। उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला,अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या आदि के अलावा लेखपालों जितेंद्र कुमार सिंह, राघवेन्द्र सिंह निरंजन राजस्व कर्मचारियों ने यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। इस मौके पर राकेश पुरवार,प्रदीप गांधी आदि लोग मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी के मुताबिक फिलहाल यमुना नदी में बाढ़ की सम्भावना अबकी बार कम है इसके वावजूद प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

# श्रद्धालुओं ने माथा टेक किये दर्शन

■ दूर-दराज से आए श्रद्धालु, मुस्तैद रहे प्रशासनिक अधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अंतिम शनिवार को जाहरा देवी रोहली मेले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गई। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरा मेला परिसर जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड पर नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस बल हर जगह तैनात रहा। मेले में आने-जाने वाले मार्गो पर ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था संभाली ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। ग्राम पंचायत की ओर से साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक चिकित्सा कैंप भी लगाए गए ताकि जरूरत पड़ने पर श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सके। मेले में दुकानें, झूले और विभिन्न प्रकार के स्टॉल सजने से माहौल और भी खुशनुमा रहा। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह के साथ मेले का आनंद उठाते नजर आए। जहारा देवी मेले में उमड़ी भीड़ से जहां धार्मिक आस्था का संदेश देखने को मिला, वहीं प्रशासनिक तैयारियों के चलते श्रद्धालुओं ने शांति और सुव्यवस्थित ढंग से मेले का आनंद लिया। इस दौरान एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार अबनीश कुमार, नायब तहसीलदार हिमांशु कुमार, एसओ शशिकांत कनौजिया, लेखपाल हर नरायन सिंह, श्याम नरायन, गुलफाम हुसैन, अभिषाक कटियार सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन यात्रा में भक्तिमय हुआ नगर



अवधनामा संवाददाता

■ खेली अबीर गुलाल की होली, भक्तिगीतों पर थिरके श्रद्धालु

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गणेश महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल की होली खेलते हुए जय कारे लगाए। जिससे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया।

शनिवार को नगर के मोहल्ला किदवई नगर स्थित शिव मंदिर के निकट एवं पॉवर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव के समापन पर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालुओं ने धूमधाम से जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली। इस दौरान उत्साहित श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल की होली खेलते हुए गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे लगाते हुए नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। इसके बाद श्रद्धालु गणेश प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पत्रकार रंजीत ठाकुर, चन्दन चौरसिया, अनुज गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव उर्फ सनी, मुकेश, शिवा, सत्यंम, दिलीप, ज्योति, मंजू, पूजा, सानू, संजू, पूनम, पलक, काजल, रोली, निशा, सोनी, रंजना, आरती शिवानी, गीता देवी अन्जनी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला ई-रिक्शा चालक का शव

**उन्नाव।** बेवा मां से अलग किराए के मकान में रहकर ई-रिक्शा चलाने वाले युवक का शनिवार की सुबह शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही मां बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। कानपुर नगर के चकेरी थाना क्षेत्र के शिव कटरा मोहल्ला निवाली सूरज श्रीवास्तव करीब 10 साल से मां के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नहर बाजार के पास किराए का कमरा लेकर रहता था। दो माह से बेवा मां से किसी बात से अलग किराए का कमरा लेकर रह रहा था। वह ई-रिक्शा चलाकर अपना परिवार पालता था। शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह घर से खाना खाकर बिना बताए निकला था। रात में घर नहीं लौटा। शनिवार को उसका शव लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर नगर के पास ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची रेलवे व कोतवाली पुलिस ने जांच की। जिसमें उसकी ट्रेन की चपेट आने से मौत होने का पता चला। पास मिले परिचय पत्र से पहचान के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव ट्रैक के पास से हटवाकर रूट क्लियर कराया।

# खातो की री-केवाईसी कराकर सामाजिक सुरक्षा योजनाओ का उठायें लाभ: पंकज

अवधनामा संवाददाता

**ऊन्नाव।** भारत सरकार द्वारा 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत जिले में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित जागरूकता शिविरो का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक आरके गौतम, वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता बीएन शुक्ला सहित संबंधित बैंको के शाखा प्रबंधक व बैंक कर्मी उपस्थित रहे। सि0सरोसी ब्लाक सभागार में उप्र ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित शिविर का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय निदेशक श्री कुमार ने वित्तीय समावेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण भारत में डिजिटल लेन-देन, सामाजिक सुरक्षा बीमा और पेंशन योजनाओं में भागीदारी से न केवल वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगा।



■ वित्तीय समावेशन कैम्प में आरबीआई निदेशक ने ग्रामीणों को दी विभिन्न जानकारियां

उन्होने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होने साईबर फ्रॉड एवं शिकायत निवारण प्रणाली से ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने लोगो को री-केवाईसी के माध्यम से निष्क्रिय खातो को पुनः संचालित करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि अपने खातो का उपयोग स्वयं करें, किसी दूसरे को खातो का उपयोग न करने दें अन्यथा उससे होने वाली किसी भी धोखाधड़ी के लिए खाताधारक जिम्मेदार होगा। कार्यक्रम को एलडीएम आरके गौतम, वित्तीय परामर्शदाता बीएन शुक्ला, शाखा प्रबंधक बिन्दा प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

पंजाब नेशनल बैंक सोहरामऊ द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्त अभियान को संबोधित करते हुए आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश भर में कुल 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के माध्यम से पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाना है। यह अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जो देश के सभी नागरिकों को वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने में मदद करेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थानों को मिलकर काम करना होगा और लोगों को वित्तीय सेवाओं के बारे में जागरूक करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जालौन में मुक्ताकाशी मंच पर महिला आल्हा गायन महोत्सव का भव्य आगाज़



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बुंदेलखंड की धरती वीर रस की स्वर लहरियों से गूंज उठी जब मुक्ता काशी मंच, टाउन हॉल में दो दिवसीय महिला आल्हा गायन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उ.प्र.) एवं जिला प्रशासन जालौन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव ने लोक संस्कृति को एक नया आयाम दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार एवं संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन के साथ ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और लोक धुनों की स्वर लहरियों से गूंज उठा। रायबरेली की शीलू सिंह और नेहा सिंह, महोबा की प्रतीक्षा यादव तथा रायबरेली की ही अलका बाजपेयी ने जब आल्हा की अमर गाथाओं को अपने सधे हुए सुरों और दमदार प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत किया तो पूरा टाउन हॉल मंत्रमुग्ध हो उठा।

### डीजी हेल्थ व प्रशिक्षण ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कप

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** महानिदेशक स्वास्थ्य व प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश शासन डॉ0 पवन कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। साथ ही अधीनस्थों के साथ बैठक कर शासन की मंशा के अनुरूप सभी को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं की भी जानकारी ली। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार के द्वारा एक आयुष्मान मरीज का ऑपरेशन किया गया था जिसे देखने के बाद आयुष्मान मरीजों को बेहतर सेवा देने के निर्देश दिए। शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे डीजी हेल्थ व प्रशिक्षण सबसे पहले वार्ड संख्या 2 पहुंचे। यहां उन्होंने भर्ती मरीजों की संख्या की जानकारी लेने के साथ मरीजों की फाइल देखकर उनके इलाज के विषय में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मरीजों से उनका हाल जानने के साथ तीमारदारों से दवा व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य स्टाफको मरीजों की बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिए। ओटी का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई कि अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार मरीज का ऑपरेशन कर रहे है। इसपर उन्होंने मरीज के तीमारदार से निःशुल्क इलाज के संबंध में बात की। इसपर उन्हें बताया गया कि मरीज का इलाज आयुष्मान योजना तहत निशुल्क किया जा रहा है। इसके बाद वह महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड पहुंचे। यहां कुल 18 नवजात भर्ती थे। उन्होंने अंदर जाकर बच्चों को भर्ती करने की व्यवस्था देखी। महिला अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ.तौसीफसे और अधिक बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कहा कि नवजातों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में खड़ी आपातकालीन सेवा 108, 102 के ईएमटी और चालकों से भी बात की और उन्हें रिस्पांस टाइम के अंदर पहुंचने के निर्देश दिए।

# हज़रत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर विशाल जुलूस निकाला गया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** हजरत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर विशाल जुलूस निकाला। इस मौके पर हजरत मुहम्मद साहब को याद करने के साथ ही उनके किरदार के बारे में बताकर इस्लाम को मोहब्बत, अमन और भाईचारे का दूसरा नाम बताया गया। जुलूस के दौरान सरकार की आमद मरहबा, रसूल की आमद मरहबा के नारे गूंजते रहे। ईद-मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर नगर के मोहल्ला नारोभास्कर व तकिया रोड पर की गई विशेष सजावट लोगों के आकर्षण के केंद्र में रही। मार्गो पर की जाने वाली सजावट देखने वालों को चकित कर रही थी। बारह-रवी-उल-अव्वल के दिन मनाए जाने वाले हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिवस को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह था। क्योंकि इसी दिन हजरत मुहम्मद साहब दुनिया में तशरीफ लाए थे। सैकड़ों की संख्या में नए कपड़े व रंग-बिरंगी पगड़ी बांधकर पैदल, रिक्शे और घोड़े की सवारी के साथ लोग जुलूस में शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलने वाले जुलूस में शांति बनाए रखने के लिए एसडीएम विनय मौर्य व तहसीलदार अमित शेखर, सीओ शैलेन्द्र बाजपेयी के साथ कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ गश्त करते नजर आए। शहर काजी मौलाना साबिर ने लोगों को हुजूर पाक की सीरत एवं यौमे पैदाइश के बारे में बताकर लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने हुजूर पाक को अमन, भाईचारे व मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताया। जुलूस में शहर काजी मौलाना साबिर, हाफिज मकबूल, हाफिज साकिर, आमिर अत्तारी फहीम, हाफिज रफीक कुरैशी, बबलू शाह, अफरोज शाह, नसीम खान, अहमद रजा, शाकिर हसन वारसी, नफीस सभासद, अरमान, सलीम भाई, अल्लू, मसूदी, नईम उल्ला, हाशिम सिद्दीकी, मुन्ना शाह आदि मौजूद रहे। जुलूस ए मोहम्मदी का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। लोगों ने स्टॉल लगाकर, पानी, शर्बत, खीर आदि का वितरण किया। हाजी नानू, जीशान कैफ, हसनैन, सुहैल, फहीम, समीर और सरफराज, कल्लू पठान, नौशाद अंसारी, आरिफ अंसारी और वसील हक आदि की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। इसके अलावा देवनगर चौराहे पर क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, दीपू त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, जाकिर सिद्दीकी, प्रदुम्न दीक्षित इटहिया ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया।

## निर्माणाधीन तहसील भवन की दीवार पर सीलन देख भड़के डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को निर्माणाधीन तहसील भवन ओबरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयोग किए जा रहे ईट, बालू व सीमेंट की मिलावट की मात्रा को परखा। बाद डीएम ने भवन निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री की मात्रा का सैम्पल लेकर लैब के माध्यम से जांच कराने का फरमान जारी किया। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग व अधिशासी अभियन्ता आरईडी को जांच की कार्यवाही अपनी देख-रेख में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन तहसील के सभागार, उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, तहसीलदार न्यायालय कक्ष सहित तहसील के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न कक्षों की दीवारों पर सीलन दिखायी पड़ी, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कांट्रैक्टर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिया।

# सीएट ने की ऑफ-हाईवे मोबिलिटी में अपने अगले बड़े कदम की शुरुआत

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** सीएट लिमिटेड ने मिशेलिन ग्रुप के कैमसो कंस्ट्रक्शन कॉम्पैक्ट लाइन बिजनेस को आधिकारिक रूप से हासिल करके अपनी ऑफ-हाईवे टायर्स (ओएचटी) विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अधिग्रहण में उनका श्रीलंका स्थित मिडिगामा प्लांट और कोटुगोडा में कास्टिंग प्रोडक्ट प्लांट शामिल है। यह सौदा सीएट को कैमसो ब्रांड का वैश्विक स्वामित्व भी देता है, जिसे तीन साल की लाइसेंसिंग अवधि के बाद सभी श्रेणियों में स्थायी रूप से सौंपा जाएगा। सीएट लिमिटेड के एमडी और सीईओ,अर्नब बनर्जी ने कहा कॉम्पैक्ट कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बिजनेस का एकीकरण और कैमसो ब्रांड का अधिग्रहण,ऑफ-हाईवे मोबिलिटी में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने के सीएट के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त, महामहिम संतोष झा ने कहा मैं श्रीलंका में सीएट लिमिटेड के निवेश के लिए अपनी शुभकामनाएं देना चाहूंगा। भारत हाल के वर्षो में श्रीलंका में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा है और मुझे यह प्रवृत्ति जारी देखकर खुशी हो रही है। दोनों देशों के नेतृत्व द्वारा दोनों देशों के बीच निवेश-नेतृत्व वाली साझेदारी को गहरा किया गया है। यह हमारे लोगों के लिए साझा समृद्धि के भविष्य के निर्माण के उनके दृष्टिकोण का समर्थन करता है। भारत के निजी क्षेत्र के श्रीलंका में निवेश के साथ, मुझे विश्वास है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध मजबूत होते रहेंगे।

## हाइवे पार कर रहे अधेड़ को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत एक चर्म निर्यातक इकाई कंपनी से ड्यूटी करके बीतीरात घर वापस लौटते समय हाइवे पार कर रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोवताली के मोहल्ला तालिब सराय निवासी समसुद्दीन (57) औद्योगिक क्षेत्र दही स्थित एक चर्म निर्यातक इकाई में मजदूरी करता था। बहू गुड़िया बानो के मुताबिक वह बीते तीन सालों से लगातार नाइट ड्यूटी करता था और रात 12 बजे पैदल ही घर पहुंचता था। बीतीरात समसुद्दीन देररात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। उधर शनिवार सुबह पुलिस को कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सदर कोतवाली अंतर्गत फेंटेसी मोटल के पास अधेड़ को शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। दोपहर को पिता की गुमशुदगी दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे बेटे निजाम को पुलिस ने मोर्चरी भेजा। जहां उसने मृतक की शिनाख्त अपने पिता समसुद्दीन के रूप में की।

# नई टाउनशिप विकास को गति



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण कार्यालय में समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नई टाउनशिप के विकास हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवस्थापना निधि से कराए जा रहे निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण करने और प्रस्तावित कार्यो की निविदा प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया। चौरसी आवासीय योजना के अंतर्गत रिक्त 28 भूखंडों के आवंटन के लिए पंजीकरण आमंत्रित कर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शमन मानचित्र बकायेदारों से वसूली हेतु आरसी जारी करने और अग्रिम कार्यवाही करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अवैध निर्माणों पर सख्ती बरतने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण आदेश पारित हैं और जो न्यायालय में लंबित नहीं हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। अगस्त माह में लक्ष्य के सापेक्ष आय कम होने पर उन्होंने नाराज़गी जताई और अधिक मानचित्र दाखिल कराने, लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने एवं बकाया राशि वसूलने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सचिव परमानंद सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आईयूआई आईवीएफ से विपरीत सही विकल्प कैसे चुनें : डॉ. दीपिका मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो

Birla Fertility & IVF

**वाराणसी।** अक्सर लोग यह मान लेते हैं कि आईयूआई सिर्फ आईवीएफ का आसान रूप है। लेकिन सच ये है कि दोनों बिल्कुल अलग तरह के इलाज हैं और अलग-अलग कारणों से इन्फर्टिलिटी को मैनेज करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। डॉ. दीपिका मिश्रा, फ़र्टिलिटी स्पेशलिस्ट, बिरला फ़र्टिलिटी एंड आईवीएफ, वाराणसी का कहना है कि आईयूआई एक साधारण फ़र्टिलिटी प्रोसीजर है जिसमें चुनिंदा अच्छे क्वालिटी वाले स्पर्म को सीधे महिला के यूट्रस में डाला जाता है ओव्यूलेशन के दौरान। इससे स्पर्म और एग्स के फर्टिलाइजेशन की संभावना बढ़ जाती है। इस प्रक्रिया का सुझाव अक्सर तब दिया जाता है जब हल्की माइल्ड मेल इन्फर्टिलिटी हो, महिला का ओव्यूलेशन अनियमित हो, या सर्वाइकल एनवायरनमेंट स्पर्म को आगे बढ़ने से रोकता हो। यह उपचार आसान, बिना एनेस्थीसिया के किया जाने वाला है और इसकी सक्सेस रेट प्रति साइकल लगभग 15प्रतिशत से 25प्रतिशत तक है।आईवीएफ में, महिला के अंडाशयों को दवाइयों से उत्तेजित किया जाता है ताकि ज़्यादा एग्स बनें। इन एग्स को फिर निकाला जाता है और लैब में स्पर्म के साथ फर्टिलाइज़ किया जाता है। बने हुए एम्ब्रियोस की जांच की जाती है और सबसे अच्छे एम्ब्रियो को यूट्रस में ट्रांसफर किया जाता है। आवश्यकता होने पर एम्ब्रियो को फ्रीज़ भी किया जा सकता है ताकि बाद में ट्रांसफर किया जा सके। आईवीएफ आम तौर पर उन मामलों में सुझाया जाता है जहाँ गंभीर मेल फैक्टर इन्फर्टिलिटी, बंद फैलोपियन ट्यूब्स, एडवांस्ड मेटरनल एज, बार-बार मिसकैरेज या कई असफल आईयूआई हो चुके हों।इसीलिए आईयूआई को आईवीएफ का छोटा संस्करण कहना सही नहीं है। दोनों अलग-अलग तरह की समस्याओं के लिए बने ट्रीटमेंट्स हैं। इनके बीच चुनाव उम्र, एग्स की संख्या और क्वालिटी,स्पर्म की सेहत, यूट्रस की स्थिति और दंपत्ति की पूरी मेडिकल हिस्ट्री पर निर्भर करता है।एक असफल आईयूआई का मतलब ये नहीं कि दंपत्ति में खोट है। इसका अर्थ बस इतना है कि आगे और जांच या अगले स्टेप की ज़रूरत हो सकती है।असली महत्व इस बात का है कि कौन सा इलाज किस दंपत्ति के लिए सही समय पर उपयुक्त है।

# 36वीं पीएससी कैंपस का किया गया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** रामनगर स्थित 36वीं वाहिनी पीएसी का भ्रमण एवं निरीक्षण डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार (आईपीएस), अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आज शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके आगमन पर सेनानायक डॉ0 अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात एडीजी द्वारा वाहिनी क्वार्टर पर -गार्ड पर सलामी ली गई। इस अवसर पर वाहिनी स्थित अत्यधिक सुविधा युक्त बैडमिंटन हॉल एवं जिम का लोकार्पण किया गया।इसके बाद वाहिनी सेवा केंद्र स्थित बारबर शॉप,महिला कल्याण केंद्र, मोची शॉप और वाशरमैन शॉप का लोकार्पण किया गया। जिसके बाद पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय पहुंच कर आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी गण से क्लास में उनके सिलेबस एवं पढ़ाई के बारे में पूछा गया।निरीक्षण के अंत में महोदय द्वारा वाहिनी रवींद्रालय पर सैनिक सम्मेलन लिया गया ।कार्यक्रम के अंत में सेनानायक द्वारा एडीजी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश कुमार (सहायक सेनानायक) डॉ0 अवरार अहमद (चिकित्साधिकारी), कैलाश नाथ यादव,शिविरपाल,गौरव त्रिपाठी सहित अनेक गण्यमान्य लोक उपस्थित रहे।

# अब बिना टेंशन करें लद्दाख की यात्रा

## IRCTC के पैकेज में फ्लाइट से लेकर खाने तक सब



मानसून में यात्रियों को पहाड़ी जगहों पर घूमने का मन करता है। ऐसे में इन घुमक्कड़ी यात्रियों के लिए लद्दाख टूर पैकेज लाइव कर दिया गया है। इस पैकेज में आपको घूमने के लिए गाड़ी की सुविधा मिलेगी। वहीं एयरपोर्ट से होटल तक जाने के लिए भी गाड़ी उपलब्ध है।

मानसून में यात्रियों को पहाड़ी जगहों पर घूमने का मन करता है। ऐसे में इन घुमक्कड़ी यात्रियों के लिए लद्दाख टूर पैकेज लाइव कर दिया गया है। इस पैकेज में आपको घूमने के लिए गाड़ी की सुविधा मिलेगी। वहीं एयरपोर्ट से होटल तक जाने के लिए भी गाड़ी उपलब्ध है। ऐसे में इस यात्रा पर जाने के लिए यात्रियों को किसी भी तरह की प्लानिंग करने की जरूरत नहीं होती है। बस यात्रियों को सामान पैक करना है और ट्रिप पर निकल जाना है।

आप इस टूर पैकेज की टिकट बुक करके इस यात्रा पर बिना किसी टेंशन के निकल सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस पैकेज में क्या-क्या सुविधाएं मिलने वाली हैं।

**लद्दाख टूर पैकेज**

इस पैकेज की शुरूआत 20 अगस्त से हुई है।

इस पैकेज का नाम LEH WITH TURTUK EX HYDERABAD है।

यह पैकेज 6 रात और 7 दिनों का है।

इस टूर पैकेज की शुरूआत हैदराबाद से हो रही है। इसलिए पर्यटक हैदराबाद से यात्रा कर पाएंगी।

यह यात्रा फ्लाइट से शुरू होगी। वहीं घूमने के लिए बस की सुविधा मिलेगी।

**पैकेज फीस**

अगर आप इस टूप पर अकेले जाते हैं तो पैकेज फीस 46,900 रुपये है।

वहीं 2 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति पैकेज फीस 42,000 रुपये है।

3 लोगों के साथ यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति पैकेज फीस 41,600 रुपए है।

बच्चों के लिए पैकेज फीस 40,500 रुपए है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं**

इस टूर पैकेज में आपको हैदराबाद-लेह-हैदराबाद फ्लाइट टिकट और लेह में 3 रातें, नुब्रा में 2 रातें और पैंगोंग में 1 रात के लिए होटल मिलेगा।

शेयरिंग के आधार पर पर्यटकों को नॉन एसी वाहन में घूमने का मौका मिलेगा।

वहीं 6 दिन नाश्ता, 6 दिन दोपहर का खाना और 6 रात का भोजन मिलेगा।

इसके अलावा इनर लाइन परमिट भी मिलेगा।

वहीं पर्यटकों को गाइड की भी सुविधा मिलेगी।

इस दौरान यात्री 1 सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देख पाएंगे।

प्रति व्यक्ति को रोजाना एक लीटर पैकेज्ड पानी बोतल मिलेगा।

वहीं आपातकालीन स्थिति के लिए वाहन में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध होगा।

आईआरसीटीसी टूर मैनेजर

# इतिहास, संस्कृति और इत्र की नगरी है बुरहानपुर

बुरहानपुर की स्थापना 14वीं शताब्दी में फारूक़ी सुल्तानों ने की थी, लेकिन इसे ख्याति मिली मुग़ल शासन के दौरान। बुरहानपुर को मुग़ल साम्राज्य ने एक प्रमुख सैनिक केंद्र और शाही विश्रामगृह के रूप में विकसित किया।

मध्य प्रदेश का बुरहानपुर एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है जो स्थापत्य, संस्कृति, मुग़ल इतिहास और इत्र (परफ्यूम) निर्माण की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। नर्मदा नदी के किनारे बसा यह नगर अपने भीतर अनेक कहानियाँ समेटे हुए है– युद्धों की, प्रेम की, भक्ति की और कला की। यदि आप इतिहास प्रेमी हैं या अद्भुत मुग़ल वास्तुकला देखना चाहते हैं, तो बुरहानपुर आपके लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है।

बुरहानपुर का ऐतिहासिक परिचय

बुरहानपुर की स्थापना 14वीं शताब्दी में फारूक़ी सुल्तानों ने की थी, लेकिन इसे ख्याति मिली मुग़ल शासन के दौरान। बुरहानपुर को मुग़ल साम्राज्य ने एक प्रमुख सैनिक केंद्र और शाही विश्रामगृह के रूप में विकसित किया। यहीं से शाहजहाँ की पत्नी मुमताज़ महल की मृत्यु हुई थी, जिनकी याद में बाद में आगरा में ताजमहल का निर्माण हुआ।


बुरहानपुर के प्रमुख दर्शनीय स्थल

1. शाही क़िला (शाही महल)

बुरहानपुर का सबसे प्रमुख आकर्षण। यह क़िला नर्मदा नदी के किनारे स्थित है और इसे फारूक़ी सुल्तानों ने बनवाया था। इसमें मुग़ल शैली की नक्काशी, दीवार चित्र और सुंदर उद्यान देखने को मिलते हैं। यहीं पर मुमताज़ महल ने अंतिम साँसें ली थीं।

2. बड़ी दरगाह

यह सूफी संत हज़रत सैयद ज़ैन-उल-आबिदीन शाह की दरगाह है। यहाँ हर साल उर्स मेला आयोजित होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह स्थल बुरहानपुर की



धार्मिक सहिष्णुता और सूफी संस्कृति का प्रतीक है।

3. धरमपुरी और असिरगढ़ क़िला

बुरहानपुर के समीप स्थित असिरगढ़ क़िला एक विशाल और प्राचीन दुर्ग है, जिसे ÷दक्षिण का द्वार÷ कहा जाता है। इसकी दीवारें और गुप्त सुरंगें इसे एक रोमांचक स्थल बनाती हैं।

4. हामिदिया मस्जिद और जामा मस्जिद

ये मस्जिदें मुग़ल वास्तुकला के सुंदर उदाहरण हैं, जिनमें सुंदर मेहराब, मीनारें और नक्काशी देखने को मिलती है।

5. मुमताज़ महल का मूल मक़बरा (अहूखाना)

यह वह स्थल है जहाँ मुमताज़ महल का पार्थिव शरीर आगरा ले जाने से पहले रखा गया था। आज भी यहाँ की दीवारों पर उस काल की मौन गूंज सुनाई देती है।

**इत्र और कारीगरी का केंद्र**

बुरहानपुर को इत्रों की नगरी भी कहा जाता है। यहाँ पारंपरिक तरीके से गुलाब, केवड़ा और चंदन से इत्र बनाए जाते हैं। साथ ही, यहां की बुनाई कला (हैंडलूम टेक्सटाइल) भी प्रसिद्ध है, विशेष रूप से हिमरू और मशरू वस्त्र।

**धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता**

यहाँ हिंदू, मुस्लिम, जैन और सिख समुदायों के धार्मिक स्थल मिलते हैं, जो इसकी सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हैं। नर्मदा किनारे का गोस्वामी तुलसीदास घाट और सिंधी समाज का बड़ा मंदिर भी दर्शनीय हैं।

कैसे पहुँचे?

निकटतम हवाई अड्डा- इंदौर (180 किमी)

**रेलवे स्टेशन** बुरहानपुर जंक्शन, जो कई प्रमुख ट्रेनों से जुड़ा है

**सड़क मार्ग** इंदौर, खंडवा और जलगांव से बस या टैक्सी द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है

**ठहरने की व्यवस्था**

बुरहानपुर में हर बजट के अनुसार होटल, लॉज और गेस्ट हाउस उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित होटल भी यहाँ मौजूद हैं।

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

नवंबर से फरवरी का समय बुरहानपुर घूमने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, जब मौसम ठंडा और सुहावना होता है।

बुरहानपुर एक ऐसा स्थल है, जहाँ इतिहास केवल किताबों में नहीं, दीवारों, दरवाज़ों और हवाओं में बसा हुआ है। यह नगर न केवल स्थापत्य प्रेमियों और इतिहासकारों के लिए स्वर्ग है, बल्कि एक आम यात्री के लिए भी शांति, भक्ति और सुगंध से भरपूर अनुभव प्रदान करता है। एक बार की यात्रा आपको मुग़ल काल की भव्यता, सूफी परंपरा की गहराई और भारतीय विविधता की सुंदरता से परिचित करा देगी।

# चंडीगढ़ से सिर्फ 85 किमी दूर हैं ये बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन

चंडीगढ़ में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि थोड़ी ही दूरी पर ठंडी हवाएं, हरे-भरे पहाड़ और शांत वातावरण में समय बिताने का मौका मिल जाता है। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। चंडीगढ़ से कुछ दूरी पर बहुत खूबसूरत कई पहाड़ी क्षेत्र हैं। जहां पर वीकेंड में लोग बिना किसी ट्रिप प्लान के घूमने निकल पड़ते हैं। क्योंकि 2 दिन की छुट्टियों में घूमने के लिए लिहाज से यह जगहें बेस्ट हैं। चंडीगढ़ में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी बात यह है कि थोड़ी ही दूरी पर ठंडी हवाएं, हरे-भरे पहाड़ और शांत वातावरण में समय बिताने का मौका मिल जाता है। ऐसे में अगर आप भी अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चंडीगढ़ से 80 किमी की दूरी पर स्थित कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**नाहन**

नाहन में आपको पहाड़ों पर बने पुराने किलों को घूमने के साथ ऐतिहासिक मंदिरों में भी दर्शन करने का मौका मिलेगा। नाहन में एक ऐसी झील है, जिसको हिमाचल की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील में से एक मानी जाती है। रेनुका वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में आप नीलगाय, हिरण और अन्य जानवर देखने को मौका मिलेगा। इसके अलावा आप यहां पर ट्रेकिंग भी कर सकते हैं। चंडीगढ़ से नाहन की दूरी करीब 85 किमी है। आपको गाड़ी से नाहन तक पहुंचने में करीब 2.30 घंटे का समय लग जाएगा। यहां पर आप जैतक किला, रानी ताल, जगन्नाथ मंदिर, रेणुका अभयारण्य, रेणुका झील, सुकेती जीवाश्म पार्क, त्रिलोकीनाथ गुफा मंदिर, पवित्र तीर्थस्थल और गिरि नगर जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।


**अर्की**

अर्की हिमाचल प्रदेश में है और यहां के आसपास कई पुरानी गुफाएं और मंदिर हैं। ऐसे में जो लोग 2 दिन की छोटी ट्रिप प्लान कर रहे हैं, उनके लिए अर्की का सफर यादगार हो सकता है। वहीं जो लोग कम भीड़भाड़ से बचने के लिए ऑफबीट और शांत हिल स्टेशन तलाश कर रहे हैं। तो उन लोगों के लिए अर्की एक बेहतरीन जगह साबित हो सकती है। चंडीगढ़ से अर्की की दूरी करीब 85 किमी है। चंडीगढ़ से अर्की तक गाड़ी से जाने के लिए करीब 3 घंटे का समय लग जाएगा। क्योंकि रास्ते में आपको ट्रैफिक ज्यादा मिल सकता है। अर्की में आप बाड़ी धार अर्की का किला, शालाघाट और लुटरू महादेव मंदिर जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**सोलन**

सोलन हिमाचल प्रदेश की एक बेहद खूबसूरत पहाड़ी जगह है। सोलन को लोग शिमला की तरह खूबसूरत मानते हैं। लेकिन सोलन में शिमला की तुलना में कम भीड़भाड़ और शांत माहौल, वीकेंड गेटअवे के के लिए परफेक्ट है। यहां चारों ओर आपको चीड़ और देवदार के जंगलों के अलावा सुहावना मौसम और ठंडी हवाएं चलती हैं। सोलन खूबसूरत हिल स्टेशन वाली जगहों में से एक है। चंडीगढ़ से सोलन की दूरी करीब 68 किमी दूर है। यहां पर गाड़ी से पहुंचने में आपको 2 घंटे का समय लग जाएगा। यहां पर आप शूलिनी देवी मंदिर, जटोली शिव मंदिर, डक शाही जेल म्यूजियम, मोहन पार्क और माजाथल वन्यजीव अभ्यारण्य जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# भारत के इन फेमस हिल स्टेशन पर होगा सुकून का एहसास, पार्टनर के साथ बिता सकेंगे हसीन पल



ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो।

सर्दी हो या गर्मी पहाड़ों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लोग ट्रैफिक से बचने और सुकून की तलाश में पहाड़ों का रुख करते हैं। लेकिन अब पहाड़ों का हाल भी शहरों जैसा हो गया है। कई बार को इतना लंबा जाम लग जाता है कि लोग 5-6 घंटे तक इस जाम में फंसे रहते हैं। वहीं ट्रिप प्लान करने वाले लोग भीड़ से दूर किसी शांत माहौल की तलाश में रहते हैं। जिससे कि वह शहर की भीड़-भाड़ और प्रदूषण से राहत मिल सके। ऐसे में अगर आप भी ऐसे हिल स्टेशन की तलाश में हैं जहां पर भीड़ और ट्रैफिक कम हो और सुकून व शांति ज्यादा हो। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे साल कम भीड़ रहती है।

**कोटागिरी**

अगर आप भी ऊटी नहीं जाना चाहते हैं। तो आप कोटागिरी घूमने के लिए जा सकते हैं। यह एक शांत और हरे-भरे वातावरण वाली जगह है। इस जगह की खासियत है कि आपको यहां पर घंटों जाम में नहीं फंसना होगा। आप आराम से लंबे सफर का आनंद उठा सकते हैं। अगर आप दिल्ली से ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको पहले ट्रेन लेनी होगी। वहीं यहां पर पहुंचने के बाद आप स्कूटी या फिर बाइक लेकर रेंट पर घूम सकते हैं।

**सिक्किम**

अगर आप किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां पर आपको कम से कम भीड़ मिले तो सिक्किम आपके लिए बेस्ट जगह साबित हो सकती है। सिक्किम घूमने के लिहाज से काफी बेहतरीन जगह है, लेकिन यहां पर जाने से पहले आप मौसम की जानकारी जरूर करें। क्योंकि मानसून में बारिश के कारण आपको यहां पर घूमने में दिक्कत हो सकती है। यह एक खूबसूरत पहाड़ी जगह है, जहां पर घूमना थोड़ा सा महंगा हो सकता है, लेकिन आपको यहां पर सुकून की कमी नहीं होगी।

**खंडाला घाटी**

महाराष्ट्र के खंडाला में भी आप बजट में घूम सकते हैं। खंडाला घाटी की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर आपको नैनीताल या मसूरी जैसी ट्रैफिक या भीड़ की परेशानी नहीं होगी। ऐसे में जो लोग बजट में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह जगह उनके लिए जन्नत से कम नहीं है। यहां का रास्ता खूबसूरत है और रोड ट्रिप भी मजेदार है। आप यहां पर किसी भी मौसम में आ सकती है।

# श्रद्धा और शक्ति का अद्वितीय धाम है पावागढ़ कालीका माता मंदिर

पावागढ़ का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। इस मंदिर को शक्ति साधना और तांत्रिक परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, यहाँ पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

गुजरात के पंचमहल जि़ले में स्थित पावागढ़ कालीका माता मंदिर भारत के प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है। समुद्र तल से लगभग 800 मीटर ऊँची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं, पर्यटकों और साहसिक यात्रियों सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहाँ देवी कालीका माता की पूजा होती है और मान्यता है कि यहाँ सती का दायां पैर गिरा था, जिसके कारण यह स्थान शक्ति पीठ कहलाता है।

**ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व**

पावागढ़ का इतिहास लगभग 1000 वर्ष पुराना है। इस मंदिर को शक्ति साधना और तांत्रिक परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, यहाँ पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। यह स्थल चंपानेर-पावागढ़ पुरातात्विक



उद्यान का हिस्सा है, जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

**मंदिर की विशेषताएँ**

मंदिर पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहाँ पहुँचने के लिए श्रद्धालुओं को सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं या फिर रोपवे का सहारा लिया जा सकता है। गर्भगृह में देवी कालीका माता की प्रतिमा प्रतिष्ठित है, जिन्हें लाल रंग के वस्त्र और आभूषण पहनाए जाते हैं। मंदिर से आसपास की हरियाली, पहाड़ और दूर-दूर तक फैले प्राकृतिक नज़ारे दिखाई देते हैं।

**उत्सव और धार्मिक आयोजन**

नवरात्रि पर्व पर यहाँ लाखों श्रद्धालु आते हैं। भक्ति संगीत, गरबा और देवी की आराधना से पूरा परिसर गूंज उठता है। पूरे वर्ष विभिन्न अवसरों पर यहाँ मेले और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

**साहसिक और पर्यटन आकर्षण**

मंदिर तक पहुँचने का रास्ता रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। रोपवे की सवारी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए खास अनुभव देती है। चंपानेर का किला, जामा मस्जिद और अन्य पुरातात्विक धरोहरें भी पास ही स्थित हैं, जिन्हें देखकर पर्यटक इतिहास और संस्कृति का आनंद ले सकते हैं।

**कैसे पहुँचे?**

निकटतम हवाई अड्डा- वडोदरा (लगभग 50 किमी)

रेलवे स्टेशन- हलोल और वडोदरा

सड़क मार्ग- अहमदाबाद, वडोदरा और गोधरा से सड़क द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है।

पावागढ़ कालीका माता मंदिर श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। यह मंदिर न केवल शक्ति साधना का पावन धाम है, बल्कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ आकर श्रद्धालु देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और पर्यटक संस्कृति तथा प्रकृति दोनों का अद्भुत अनुभव करते हैं।

# भारत की ये झीलें जन्नत से नहीं है कम

अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो आज हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे



पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।

**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं, जोकि दिखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं।

# खूबसूरत तैमारा घाटी का खौफनाक रहस्य, यहां आते ही बदल जाता है मोबाइल का वक्त

झारखंड की खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में मौत का हाइवे के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है।

इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में मौत का हाइवे के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**तैमारा घाटी**



तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को %मौत का हाइवे% के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# देश की सुरक्षा सिर्फ सैनिकों का काम नहीं, ये सभी की जिम्मेदारीः आर्मी चीफ द्विवेदी



**नई दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि यूक्रेन ने दुनिया को दिखाया है कि जब आम नागरिक अपने देश की रक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं तो क्या होता है। उनकी भूमिका खुफिया जानकारी जुटाने, रसद और प्रतिरोध में साबित हुई है।

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक बयान में कहा है कि देश की सुरक्षा सिर्फ सैनिकों का काम नहीं है बल्कि ये हर नागरिक की जिम्मेदारी है। आर्मी चीफ ने कहा %नागरिक ही सैनिकों को सबसे पहले सूचना देते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 72,000 से ज्यादा एनसीसी जवान थे, जिन्होंने ऑपरेशन के दौरान सभी जरूरी सहायता प्रणालियों का नेतृत्व किया और नागरिक की सुरक्षा के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया। यूक्रेन ने दुनिया को दिखाया है कि जब आम नागरिक अपने देश की रक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं तो क्या होता है। उनकी भूमिका खुफिया जानकारी जुटाने, रसद और प्रतिरोध में साबित हुई है। इससे पता चलता है कि देश की सुरक्षा सिर्फ सैनिकों का काम नहीं है, बल्कि ये सभी की जिम्मेदारी है।

शुक्रवार को गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान ने अलग-अलग सबक सीखे। भारत ने जहां लंबी दूरी तक सटीकता से मार करने वाले हथियार और हमले के बाद नुकसान का आकलन करने की क्षमता पर ध्यान दिया, वहीं पाकिस्तान ने संभवतः अपनी एयर डिफेंस प्रणाली को मजबूत करने पर फोकस किया।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सीडीएस ने कहा कि जब राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा हुई तो यह साफ हो गया कि सिर्फ ड्रोन और लोटरिंग म्यूनिशन (घूमते हुए लक्ष्य तलाशने वाले हथियार) से लक्ष्य हासिल नहीं होगा। बहावलपुर और मुरिदके में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने सेना को साफ निर्देश दिए थे कि आतंकी ठिकाने नष्ट करने हैं और तभी जवाबी कार्रवाई करनी है जब पाकिस्तान हमला करे। इस ऑपरेशन में सेना को पूरी आजादी मिली थी, चाहे वो

### ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और एकीकरण दिखाया, चेन्नई में बोले वायुसेना प्रमुख

**चेन्नई।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को चेन्नई में अधिकारी कैडेटों के पासिंग आउट समारोह में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना, नौसेना और थल सेना के बीच समन्वय की सराहना की। भारतीय सेना के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में शॉर्ट सर्विस कमीशन के स्नातक अधिकारियों को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सेनाओं के बीच असाधारण समन्वय, सशस्त्र बलों और अन्य एजेंसियों के भीतर तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। जैसे-जैसे आप सेवा में आगे बढ़ते हैं, आपको एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। इस साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने कम से कम 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

# अबू धाबी जा रही इंडिगो की उड़ान में तकनीकी खराबी, दो घंटे हवा में रहने के बाद कोच्चि वापस लौटा विमान




**कोच्चि।** उड़ान 6E-1403 शुक्रवार रात 11.10 बजे कोच्चि से रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण शनिवार सुबह लगभग 1.44 बजे शहर लौटी। विमान में 180 से ज्यादा यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे।

अबू धाबी जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान दो घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रहने के बाद तकनीकी खराबी के कारण शनिवार तड़के कोच्चि लौट आई। विमान में 180 से ज्यादा यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। इंडिगो की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि उड़ान 6E-1403 शुक्रवार रात 11.10 बजे कोच्चि से रवाना हुई और तकनीकी खराबी के कारण शनिवार सुबह लगभग 1.44 बजे शहर लौटी। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों को एक अन्य विमान से अबू धाबी ले जाया गया, जिसने लगभग 3.30 बजे उड़ान भरी और उड़ान का संचालन नए चालक दल की ओर से किया गया, क्योंकि उड़ान ड्यूटी समय प्रतिबंधों के कारण पहले के चालक दल को बदलना पड़ा था।

इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया, 6 सितंबर 2025 को कोच्चि से अबू धाबी जा रही इंडिगो की उड़ान 6E-1403 में एक तकनीकी समस्या का पता चला। एहतियाती कदम उठाते हुए पायलटों ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया और विमान कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। हालांकि, विमान का संचालन फिर से शुरू करने से पहले आवश्यक रखरखाव जांच चल रही है, लेकिन यात्रियों की यात्रा पूरी करने के लिए तुरंत एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

इससे पहले बीते दिन ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के विमान की लैंडिंग शुक्रवार सुबह खराब मौसम के कारण भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर नहीं हो सकी थी। खराब मौसम की वजह से विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया था। भुवनेश्वर हवाई अड्डे के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया था कि खराब मौसम की वजह से ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को ले जा रहे विमान को कोलकाता डायवर्ट कर दिया गया। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया था, 5 सितंबर को दिल्ली से भुवनेश्वर जाने वाली उड़ान संख्या AI473 कोलकाता डायवर्ट करनी पड़ी। विमान जब अपने गंतव्य के करीब था, तो भुवनेश्वर में प्रतिकूल मौसम के कारण हवाई यातायात नियंत्रण की ओर से उसे कोलकाता की ओर मोड़ने का निर्देश दिया गया। भुवनेश्वर के लिए रवाना करने से पहले कोलकाता में विमान में ईंधन भरा गया, जहां विमान 12-59 बजे उतरा।

# ममता के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने किया आत्मसमर्पण; स्कूल भर्ती घोटाले में कार्रवाई




**कोलकाता।** केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा कपड़ा मंत्री सिन्हा दिन में पहले कोलकाता की विशेष ईडी अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत के आदेशों का पालन करते हुए औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया। पश्चिम बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में खुद को कोर्ट के सामने पुलिस के हवाले कर दिया।

केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा कपड़ा मंत्री सिन्हा दिन में पहले कोलकाता की विशेष ईडी अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत के आदेशों का पालन करते हुए औपचारिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने उनकी हिरासत की मांग की, लेकिन अदालत ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ 10,000 रुपये के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जमानत मिलने के बावजूद चंद्रनाथ सिन्हा को फिलहाल अपने विधानसभा क्षेत्र या कोलकाता से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। ईडी अधिकारी ने अदालत के आदेश का हवाला देते हुए बताया, उन्हें जांच में सहयोग करना होगा।

मामले से संबंधित सुनवाई पूरी होने तक इन शर्तों का पालन किया जाना चाहिए।संपर्क करने पर चंद्रनाथ सिन्हा के कानूनी सलाहकार ने कहा कि मंत्री जांच में सहयोग कर रहे हैं और न्यायिक प्रक्रिया के सम्मान में उन्होंने आत्मसमर्पण किया है। कथित धन गबन से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में सिन्हा पिछले कुछ समय से ईडी की नजर में हैं। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी आने वाले दिनों में सिन्हा से इस मामले में उनकी भूमिका का पता लगाने के लिए और पूछताछ कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक कोई औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन अदालत एजेंसी के बयान के आधार पर जमानत की शर्तों या हिरासत जैसे अंतरिम उपायों पर फैसला ले सकती है।

पिछले महीने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक विशेष अदालत ने चंद्रनाथ सिन्हा को ईडी के समन के जवाब में 12 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

### अगले विधानसभा चुनाव में टीएमसी का सफाया तय, भाजपा नेता दिलीप घोष का ममता बनर्जी पर साधा निशाना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी जंग तेज हो गई है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने शनिवार को ममता बनर्जी पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि अगला चुनाव टीएमसी के लिए आखिरी साबित होगा। घोष ने कहा कि जैसे जनता ने सीपीएम और कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया, वैसे ही भ्रष्टाचार और अव्यवस्था में डूबी टीएमसी को भी सबक सिखाएगी। पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सिसायी गर्माहट तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच शनिवार को भाजपा नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का सफाया हो जाएगा। उन्होंने अपने बयान में आगे टीएमसी की हालत की तुलना राज्य में पहले कमजोर हो चुकी सीपीएम और कांग्रेस से की। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान दिलीप घोष ने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी अगला चुनाव नहीं झेले पाएगी। जैसे लोगों ने सीपीएम और कांग्रेस को सबक सिखाया, वैसा ही हाल टीएमसी का भी होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था चौपट है और सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।

### पत्नी के लिव इन पार्टनर ने की युवक की हत्या

**कोच्चि।** मनोज और उसकी पत्नी का झगड़ा चल रहा है और फिलहाल मनोज की पत्नी उसका घर छोड़कर अपने भाई के घर रह रही थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को मनोज की 17 वर्षीय बेटी और उसकी 10 वर्षीय चचेरी बहन घर के आंगन में खेल रही थीं, तभी मनोज ने कथित तौर पर रबर शीट बनाने में इस्तेमाल होने वाले तेजाब की एक बोतल दोनों पर उड़ेल दी। दक्षिण केरल के नादुवथूर जिले में एक 41 वर्षीय व्यक्ति की उसकी पत्नी के लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नेदुवथूर के कुझिक्कट्टू जंक्शन निवासी श्यामसुंदर के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़ित के घर के पास रहने वाले आरोपी धनेश (37) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, श्यामसुंदर की पत्नी और उसका बच्चा पिछले चार वर्षों से धनेश के साथ रह रहे थे। धनेश और श्यामसुंदर के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। श्यामसुंदर ने धनेश पर उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को इस मुद्दे पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया, जिस पर पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया और धनेश को वापस भेज दिया। एफआईआर के अनुसार, रात करीब 11.50 बजे धनेश वापस लौटा और विवाद के दौरान श्यामसुंदर पर नुकीले हथियार से वार कर दिया। हमले में घायल श्यामसुंदर को पड़ोसी अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 332ए और 103(1) के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तरी केरल के कासरगोड जिले के पनाथाडी गांव में एक व्यक्ति ने दो नाबालिग लड़कियों पर कथित तौर पर तेजाब डाल दिया, जिससे दोनों लड़कियां झुलस गईं। पुलिस ने बताया कि तेजाब डालने वाला एक नाबालिग लड़की का पिता है। पुलिस ने बताया कि कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के करिके निवासी मनोज के.सी. (48) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# नई राजनीतिक व्यवस्था बनाने के लिए खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग



**ओटावा।** रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है। कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी समूहों सहित कई आतंकवादी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है। कनाडा सरकार की 2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है। पंजाब में एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने के लिए हिंसक तरीकों की वकालत करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी तत्वों द्वारा खास तौर पर इसी तरह के माध्यमों से धन जुटाने का संदेह है।

# ट्रंप ने माना रूस यूक्रेन युद्ध रोकने में रहे असफल, कहा- नहीं कर पाया अपना वादा पूरा



**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार माना कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के चुनावी वादे में सफल नहीं हो सके। व्हाइट हाउस में एक डिनर के दौरान उन्होंने यूक्रेन संघर्ष को अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया। ट्रंप ने कहा कि पुतिन से अच्छे संबंधों के बावजूद युद्ध नहीं रुका, जबकि उन्होंने 31, 35 और 37 साल पुराने तीन अन्य युद्धों को खत्म किया।

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रंप ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रंप ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रंप ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे।

ट्रंप ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रंप ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रंप ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये कौन-कौन से युद्ध थे।

### किम जोंग उन की संभावित वारिस ने खींचा अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान... घुड़सवारी और तैराकी जैसे शौक

**उत्तर कोरिया।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है।

हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं।

# एपस्टीन के खिलाफ एफबीआई के मुखबिर थे ट्रंप



**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने एपस्टीन मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये पूरा छल डेमोक्रेटिक पार्टी का है क्योंकि वे लोगों का ध्यान हमारी सरकार की सफलता से हटाकर इस अप्रांसगिक मामले को उठा रहे हैं। अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन मामले में राष्ट्रपति ट्रंप एफबीआई के मुखबिर थे। जॉनसन का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने कहा है कि एपस्टीन मामला डेमोक्रेटिक पार्टी का धोखा है। दरअसल अमेरिका में एपस्टीन मामले से जुड़ीं फाइलों को सार्वजनिक करने की मांग लगातार उठ रही है। इसके चलते सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

इस मामले को लेकर जब अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि %वे (ट्रंप) ये नहीं कह रहे कि एपस्टीन ने छल किया, यह बहुत बड़ा गुनाह है। जब उन्होंने एपस्टीन के खिलाफ अफवाहें सुनीं तो ट्रंप ने अपने मार ए लागो रिजॉर्ट से जेफ्री एपस्टीन को निकाल दिया था। एपस्टीन के खिलाफ ट्रंप एफबीआई के मुखबिर भी रहे। राष्ट्रपति की पीड़ित महिलाओं के प्रति गहरी संवेदना है।। हालांकि अभी तक व्हाइट हाउस ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने एपस्टीन मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये पूरा छल डेमोक्रेटिक पार्टी का है क्योंकि वे लोगों का ध्यान हमारी सरकार की सफलता से हटाकर इस अप्रांसगिक मामले को उठा रहे हैं। जेफ्री एपस्टीन एक बदनाम यौन तस्कर था, जिस पर नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने का आरोप है। साल 2019 में एपस्टीन को यौन तस्कर के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और जेल में ही कथित तौर पर उसने आत्महत्या कर ली थी। जेफ्री एपस्टीन के ग्राहकों की लिस्ट में राजनीति, उद्योग और व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों के बहुत ताकतवर और संपन्न लोगों के नाम हैं। हालांकि अमेरिकी न्याय विभाग और संघीय जांच ब्यूरो ने कहा है कि एपस्टीन के पास कोई ऐसी सूची नहीं थी जिसमें बड़े लोगों के नाम शामिल हों। उसने यह भी कहा कि एपस्टीन ने आत्महत्या की थी, जबकि संदेह जाहिर किया जा रहा है कि एपस्टीन की हत्या की गई थी। डोनाल्ड ट्रंप और एपस्टीन के संबंधों को लेकर भी कई सवाल उठाए गए हैं।

# नेपाल में सोशल मीडिया बैन पर सियासी तूफान, नेताओं ने देश की सरकार को घेरा



**नेपाल।** नेपाल सरकार द्वारा फेसबुक समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद किए जाने के फैसले पर देश भर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों से लेकर सत्ताधारी नेताओं तक ने इस कदम को संविधान विरोधी और जनविरोधी बताते हुए विरोध जताया है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही आलोचना को दबाने के लिए सरकार ने सोशल मीडिया बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा, यह कदम केवल संविधान विरोधी, अलोकतांत्रिक और जनविरोधी ही नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोशल मीडिया पर प्रकाशन और प्रसारण सम्बन्धी दिए गए आदेश की गलत व्याख्या भी है। हालाँकि, दाहाल स्वयं जब प्रधानमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का हवाला देते हुए टिकटॉक बंद करने का निर्णय लिया था।

इसी तरह राष्ट्रिय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि सोशल मीडिया बंद करना अधिनायकवाद का संकेत है। रामेछाप जिला के मन्थली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आज के डिजिटल युग में सूचना प्रवाह रोकने की कोशिश सूर्य को हथेली से ढकने जैसी है। उनका कहना था कि जनता के दबाव और विरोध के कारण सरकार इस निर्णय को लागू नहीं कर पाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाल समाजवादी पार्टी (नया शक्ति) के अध्यक्ष बाबुराम भट्टराई ने कहा कि कर के दायरे में आ चुके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध न होने के आधार पर बंद करना गलत है। उनके अनुसार, राज्य आवश्यकतानुसार नियमन कर सकता है, लेकिन इंटरनेट और एआई ने सीमाएं पार कर ली हैं, ऐसे में पुरानी शैली से रोकना उचित नहीं है।

पूर्व प्रधानमंत्री भट्टराई ने आगे कहा कहा, अगर सोशल मीडिया कंपनियां कर अदा कर रही हैं तो केवल अभिव्यक्ति को नियंत्रित करने के लिए उन्हें पुनः पंजीकरण कराना तर्क संगत नहीं है। यह फैसला अनावश्यक है, इससे जनता की असंतुष्टि बढ़ेगी और सूचना के अधिकार पर खतरा आएगा।

सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता शेखर कोइराला ने भी इस निर्णय का विरोध किया है । कोइराला ने कहा, %जनता की अपेक्षाओं और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न कर पाने की वजह से आलोचना झेल रही सरकार अब सोशल मीडिया बंद करने जा रही है। क्या सरकार ने सोचा है कि इस निर्णय से कितने नेपाली अपनी रोज़ी-रोटी से वंचित होंगे? मैं आग्रह करता हूं कि इस कदम को तुरन्त वापस लिया जाए और सोशल मीडिया को मर्यादित करने के लिए कानूनी प्रावधान बनाया जाए।

इसी तरह, सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस के महामन्त्री गगन थापा ने भी कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया बंद करके गलत रास्ता अपनाया है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की माँग की। थापा के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने केवल सोशल मीडिया पर होने वाले अनचाहे सामग्री के मूल्यांकन, निगरानी और दुरुपयोग रोकने के लिए कानूनी व्यवस्था बनाने को कहा था, बंद करने को नहीं।

इसी बीच, नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के निर्देशन के बाद गुरुवार रात से ही फेसबुक के वेब पते (युआरएल) ब्लॉक कर दिए गए हैं। सूचीबद्ध न हुए 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद करने का कार्य शुरू हो चुका है। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के संगठन आइस्पन के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी सुभास खड्का ने बताया कि सरकार के निर्देश के बाद यूआरएल ब्लॉक करना शुरू कर दिया गया है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार फिलहाल सूची में शामिल 26 प्लेटफॉर्म को बंद करने का काम चल रहा है। फेसबुक डॉट कॉम अब नेपाल में ब्राउज़र मे नहीं खुल रहा है ।

# न्यायमूर्ति सुधीर नारायण को साहित्यरत्न सम्मान से किया अलंकृत

**साहित्यकार सत्कार : आपके द्वार योजना प्रयागराज में प्रतिमाह बना रही नया कीर्तिमान**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज के द्वारा प्रत्येक माह साहित्यकार सत्कार : आपके द्वार सम्मान योजना के अंतर्गत प्रति माह एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकाशन के वरिष्ठ- उपसंपादक एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबंधु की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति एवं वरिष्ठ साहित्यकार सुधीर नारायण को उनके चिन्तामणि मार्ग स्थित आवास पर मोती-माला, अंगवस्त्र, साहित्यरत्न सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह के साथ-साथ मिथिला-पाग प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाशन के संरक्षक एडवोकेट बालकृष्ण पाण्डेय ने कहा कि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जहाँ एक ओर न्यायक्षेत्र में अमिट योगदान के लिए अविस्मरणीय रहेंगे वहीं सुर सरिता आदि काव्य-संग्रह जैसे उपादेयी ग्रंथों के माध्यम से साहित्यिक क्षेत्र में उनके महती योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अनेक साहित्यिक ग्रंथों के अलावा पर तीन खंडों में यथाशीघ्र प्रकाशित होकर आने वाला उनका ग्रंथ साहित्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इतना ही नहीं उनके द्वारा सृजित अनेक पेंटिंग्स उनकी बहुमुखी प्रतिभा के साथ उन्हें एक चिन्तक-विचारक और दार्शनिक कलेवर से युक्त विराट व्यक्तित्व का निर्माण करती है। प्रकाशन के व्यवस्थापक एवं महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर पत्रिका के उपसंपादक डाo रामलखन चौरसिया वागीश, सह-संपादक डॉ रवीन्द्र कुशवाहा एवं शम्भूनाथ श्रीवास्तव, प्रेमलता मिश्रा तथा रेखा तिवारी भी उपस्थित रहीं।

# सेप्टिक टैंक से निकली जहरीली गैस से चाचा भतीजे की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद गांव में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान टैंक से निकली जहरीली गैस की चपेट में आने से धर्मराज (45) और उनके भतीजे विनय यादव (15) की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब दोनों सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे थे। टैंक का ढक्कन खोलते ही जहरीली गैस बाहर निकली। गैस की तीव्र गंध से दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे टैंक में गिर पड़े। एक अन्य युवक ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वह बाहर निकल आया। घटना के बाद खलबली मच गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। अचेतावस्था में दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैदाबाद कस्बे के पुरानी बाजार स्थित पश्चिम मुहल्ले में कई माह पहले शौचालय के लिए सेप्टिक टैंक का निर्माण कराया गया था। टैंक के निर्माण के बाद उसे कंक्रीट के ढक्कन से ढक दिया गया था। शौचालय का निर्माण पूरा होने जाने के बाद शनिवार को मजदूर धर्मराज यादव (48) पुत्र भजन यादव और विनय यादव (16) पुत्र राजबलि यादव पाइप को शौचालय से जोड़ने के लिए पहुंचे थे। टैंक का ढक्कन हटाते ही वह अचेत होकर गिर पड़े। इससे अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस चौकी से पुलिस पहुंच गई। दोनों तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। यहां के चिकित्सकों ने तत्काल दोनों को एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस न पहुंचने पर मैजिक पर दोनों को लादकर एसआरएन अस्पताल भेजा गया। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## 25 डॉक्टरों के बर्खास्तगी की कवायद शुरू

**प्रयागराज।** प्रयागराज के 25 डॉक्टरों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। ये डॉक्टर सीएचसी के हैं और 10 से 15 साल तक लगातार ड्यूटी से गायब चल रहे हैं। इसमें कुछ ऐसे डॉक्टर हैं जो बिना किसी सूचना के गायब हैं तो कुछ ऐसे हैं जो स्वेच्छा से इस्तीफा देकर चले गए लेकिन उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ। शासन ने मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज से इसकी सूची मांगी, जिसमें 25 डॉक्टरों को चिह्नित किया गया है। शासन स्तर पर जल्द ही कार्रवाई हो सकती है। सीएमओ डॉ. एके तिवारी ने दैनिक भास्कर को बताया 25 डॉक्टरों की सूची बनाई गई है जो लंबे समय से सेवा में नहीं हैं। इनके बारे में शासन स्तर जांच आदि चल रही है। जिन 25 डॉक्टरों की सूची तैयार की गई है उसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर यानी ग्रामीण इलाकों के हैं। इसमें 12 महिला डॉक्टर हैं जबकि 13 पुरुष डॉक्टर हैं। दरअसल डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने पिछले ही दिनों अलग अलग जनपदों के चार ऐसे ही डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया है जो लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे थे। इसके बाद अब प्रयागराज के ऐसे डॉक्टरों की खोजबीन शुरू हो गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## वित्तीय अध्ययन में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मना

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जीवनपथ का सच्चा मार्गदर्शक बताया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए और अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। यह आयोजन विभाग के वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया। कक्षा प्रतिनिधि अपेक्षा सिंह, आदित्य सिंह परमार, रिन्शु सिंह, सेहर फ़ातिमा, यश जायसवाल, जय सिंह, अंचल, कंचन, श्रेया, मोहित और शिवांगी ने मिलकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया।कार्यक्रम में प्रो. संजय कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. आलोक गुप्ता, सुशील कुमार, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. अबू सालेह एवं यशि सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार के निर्माण कार्य का राज्यमंत्री ने किया शिलान्यास



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव हरदीपुर गांव के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बाबा रुखडदास पाण्डेय, स्व0 शिवप्रसाद पाण्डेय, स्व0 त्रिभुवन नाथ पाण्डेय, स्व0 शिवदत्त पाण्डेय, स्व0 रघुनाथ यादव, स्व0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय व स्व0 मोहन पाण्डेय जी के सम्मान में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार- के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी क्रम में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पचहटिया, सूरजघाट रोड पर राजकुमार राय के मकान से अंजू देवी के मकान तक विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सूरज मौर्या, अभिषेक, मनीष श्रीवास्तव, अजय सिंह, विवेक मौर्या, प्रदीप सिंह, रमेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा व सचिन पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छिनैती करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार


**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** थाना सरायख्वाजा पुलिस ने छिनैती की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर छुपाया गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने शनिवार को यह कार्रवाई की। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि लूटी गई मोबाइल और मोटरसाइकिल गांव में ही रामकीरत के घर के पास जोनरी के खेत में छुपाई गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सफेद-लाल रंग की पट्टी वाली अपाचे बाइक (UP 62 DD 0112) तथा रियलमी मोबाइल (IMEI नंबर-868218078962577) बरामद कर लिया।गिरफ्तार आरोपी:विवेक यादव उर्फ सोनू, पुत्र अर्जुन यादव, निवासी मनवल, थाना सरायख्वाजा रामकीरत यादव, पुत्र विश्राम यादव। गिरफ्तारी पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव,निखिलेश तिवारी हे.का. सुधीर दुबे,का. अनीश कुमार पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र बक्सा का डीएम ने किया निरीक्षण



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र बक्सा का औचक निरीक्षण किया गया। केंद्र पर ऋषित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की महिलाओं द्वारा करौंदा अचार तैयार करने की खूबियों को देखकर उनका उत्साह वर्धन कर सराहना किया गया और कहा गया कि महिलाओं द्वारा जैम जेली, अचार, मुरब्बा आदि खाद्य पदार्थ तैयार कर उसकी पैकेजिंग करके मार्केटिंग कर बेहतर लाभ कमा रहे हैं, जिससे महिलाएं स्वावलंबी होकर के लोगों को रोजगार का सृजन भी कर रही हैं उन्होंने दुर्गा मौर्य सीईओ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह महिलाओं के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे प्रशासन उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान कराएगा विभाग की योजनाओं से भी लाभान्वित कराया जाएगा। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 सुरेश कुमार कनौजिया, उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉक्टर रमेश चंद्र यादव, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर हरिओम वर्मा, गौरव मौर्य,हरिश्चन्द्र गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## परीक्षा स्थल पर गड़बड़ी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी: डीएम



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2025 को नकलविहीन पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र के द्वारा टीडी कालेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि परिक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, परीक्षा केंद्रों पर उनके लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों के संचालन कार्यक्षमता आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई सीसीटीवी कैमरे सक्रिय पाए गए। उन्होंने केंद्राध्यक्ष को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा अभ्यर्थियों के साथ परीक्षा दिलाने आए अभिभावकों से संवाद भी किया गया। इस अवसर पर सीओ सिटी देवेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में बदमाश दीपक को लगी गोली, गिरफ्तार

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। खेतासराय और खुटहन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाश दीपक दुबे उर्फ रिंकू पंडित को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी है, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस टीम पहलमापुर नहर पुल पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और टीम पर बाइक चढ़ाने की कोशिश की। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिरकर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक दुबे उर्फ रिंकू पंडित पुत्र स्व. रामप्रकाश दुबे निवासी दौलतपुर पिलकिछा थाना खुटहन, जौनपुर के रूप में हुई।

## अधिवक्ता अमिताभ कुमार और राजीव लोचन बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। उधर, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर के सर्वश्री राय और शुक्ला को न्यायाधीश बनाने से संबंधित जानकारी साझा की।

## शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान



**प्रयागराज, अधनामा संवाददाता।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सी ए अनिल गुप्ता द्वारा शिक्षक सम्मन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अविनाश वर्मा एवं मानसी ने अपने शिक्षक सी ए अनिल गुप्ता एवं रक्ताभ भास्कर को बुके और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सी ए अनिल गुप्ता ने कहा कि शिक्षक जीवनभर शिक्षक ही रहते हैं। उनका महत्व राष्ट्र की नींव को गढ़ते हैं। इस अवसर पर डॉ पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, अर्चित्य कुमार मंडल, अक्षय मिश्रा, रमन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## गणेश विसर्जन जुलूस का कांग्रेस नेता ने किया स्वागत



**प्रयागराज, अधनामा संवाददाता।** गणेश चतुर्थी के बाद, प्रयागराज में भी गणेश विसर्जन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में, बहादुरगंज इलाके में जब गणेश विसर्जन का जुलूस पहुंचा, तो वहां कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला ने अपनी टीम के साथ मिलकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जुलूस में शामिल भक्तों पर फूल बरसाए और उनका उत्साह बढ़ाया। इरशाद उल्ला ने सभी को गणेश विसर्जन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है। उनके इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की। इस मौके पर सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, विनय सोनी महामंत्री, राजनाथ वर्मा कोषाध्यक्ष, इंद्रेश नाथ वर्मा मंत्री, हरीश वर्मा मंत्री आदि मौजूद रहे।

## संगीत की मधुर लहरियों के बीच नित्य नियम की पूजा

**प्रयागराज, अधनामा संवाददाता।** दशलक्षण पर्व के दसवे दिन आज जैन धर्मावलंबियों ने उत्तम ब्रम्हचर्य दिवस को अंगीकार कर इस धर्म को पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिनालयों में पूजन भक्ति का आयोजन किया गया। नगर के जीरो रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री दयासागर के सानिध्य में चल रहे दशलक्षण विधान में शनिवार को सर्वप्रथम श्रद्धालुओं द्वारा अभिषेक एवं भगवान का पूजन किया गया। विश्व शांति की कामना से शांतिधारा आचार्य श्री के श्री मुख से श्रवण कर दिनेश जैन ने की। अभिषेक करने वालो का ताता लगा रहा। केसरिया वस्त्र धारण कर श्रद्धालुओं ने संगीत की मधुर लहरियों के बीच नित्य नियम की पूजा की। संगीत की मधुर लहरियों के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से नृत्य किया।

# पद्मश्री श्याम बिहारी का निधन

**इसी साल राष्ट्रपति ने दिया था पद्मश्री सम्मान**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित जीरो रोड प्रयागराज निवासी डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल का शनिवार को निधन हो गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग में 35 वर्ष तक सेवा देने के बाद रिटायर हुए डॉ. अग्रवाल के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पर सांत्वना देने के लिए पहुंचने लगे।

इसी साल 25 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। एक सितंबर 1942 को उनका जन्म हुआ था। पांच दिन पहले उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया था।

5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के मौके पर इलाहाबाद इंटर कॉलेज में प्रोफेसर श्याम बिहारी अग्रवाल को सम्मानित भी किया गया था। शायद यह उनके जीवन की अंतिम तस्वीर है।



एक सितंबर 1942 को सिरसा, मेजा (प्रयागराज) में जन्मे प्रो. श्याम बिहारी अग्रवाल ने चार जनवरी 1968 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बतौर लेक्चर ज्वाइन किया था। उनके प्रयासों से इविवि में बीएफए, एमएफए और शोध कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वर्ष 2003 में सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. अग्रवाल ने प्रयाग संगीत समिति में दृश्य कला संकाय की स्थापना की और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उनके चित्रकला संबंधी लेख और पुस्तकें कला जगत में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

# भावुक हो कर की गई गजानन की विदाई

**धूम धाम से निकली भगवान गणेश की विसर्जन शोभा यात्रा**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नव युवक संघ गणेश पूजन समिति द्वारा धूम धाम के साथ भगवान श्री गणेश की विसर्जन शोभा यात्रा मलाकराज शिव पार्क से संयोजक सनी सोनकर के द्वारा निकाली गई। शोभायात्रा के पूर्व विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर महिलाओं ने सिंदूर चढ़ा कर सुहागन होने का वर मांगा और पुरुषों जनऊ स्पर्श कर जन कल्याण की कामना किया। तत्पश्चात अबीर गुलाल बरसाते झूमते नाचते गाते हुए और गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी का नारा लगाते हुए विसर्जन शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शोभा यात्रा में ध्वज पताका डीजे बैंड, ढोल नगाड़ा, मां काली, भगवान गौरी शंकर, रिद्धि, सिद्धि, शुभ लाभ, कार्तिकेय महाराज, हनुमान जी महाराज की चौकी शामिल रही। शोभा यात्रा रामबाग, बैहराना, मधवापुर, आलोपी बाग होते हुए अदांवा में भावुक हो कर जल में विसर्जित किया। इस दौरान समिति के राजेश केसरवानी, मनोज सिंह, रिंकू जायसवाल आदि सैकड़ो महिलाएं एवं भक्त गण विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल रहे।

# ई-रिक्शा टैक्सी यूनियन ने संचालित किया पूछताछ केंद्र



**अवधनामा संवाददाता**

**परीक्षा केंद्रों पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भारी भीड़**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पीईटी) के लिए जिले में 67 केंद्र बनाए गए हैं। छह और सात सितंबर को चार पारियों में होने वाली इस परीक्षा में कुल 96480 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

पीईटी परीक्षा के लिए प्रयागराज में भारी भीड़ उमड़ी। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर परीक्षार्थी वाहन के लिए परेशान दिखे।

जिला प्रशासन और ई-रिक्शा टैक्सी यूनियन के संयुक्त तत्वावधान लोकसेवा आयोग के द्वारा आयोजित पीईटी के परीक्षार्थियों के लिए तीन स्थानों पर पूछताछ केंद्र खोले गए जिसमें परीक्षार्थियों के लिए पानी चाय और बिस्कुट की व्यवस्था निशुल्क रखी गई थी। साथ ही साथ ई रिक्शे वालों को भी खड़ा करके रखा गया था ताकि किसी की परीक्षा सुगम यातायात होते हुए भी ना छूटे।

यूनियन के कार्यकर्ताओं ने परीक्षार्थियों की खूब सेवा किया और परीक्षा केंद्रों में पहुंचाया। अपर जिलाधिकारी की पूरी टीम लगी रही कि कोई भी टैक्सी या ई रिक्शा वाले ज्यादा किराया न वसूलें। रघुनाथ द्विवेदी ने अपने पदाधिकारियों के साथ साथ सब जगह घूम घूम कर पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते रहे और चालकों को निर्धारित किराए लेने के लिए प्रेरित करते रहे।

इस दौरान टी एस आई परशुराम राय, आमिक खान, रिंकू राय, सन्तोष यादव, कल्लू गामा आदि लोग उपस्थित रहे।

## परीक्षार्थी बोले- कठिन सवालों ने उलझाया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पीईटी की प्रथम पाली की परीक्षा प्रयागराज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई है।

प्रथम पाली की परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों का कहना था कि इतिहास और करेंट अफेयर्स के सवाल सरल थे। बाकी डीआई और अदर पोर्सन कठिन लगे। जो लोग मेहनत किए हैं उनका हो जाएगा।

प्रतापगढ़ की अवनी पान्डेय ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न काफ़ी आसान थे और जो छात्र थोड़ी भी पढ़ाई किए थे। उनके लिए पेपर शानदार रहा। परीक्षा में सबसे आसान विषय इतिहास था। जिसमें ज्यादातर प्रश्न कक्षा 10वीं के स्तर के थे।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। प्रयागराज के विभिन्न केंद्रों पर बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने भाग लिया। अभी दूसरे पाली की परीक्षा तीन बजे से हुई। परीक्षार्थी केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में तेज धूप में इंतजार कर रहे हैं।

## स्नान करने गए तीन बच्चे गंगा की तेज धारा में बहे

**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली स्लूपुर में शनिवार को सुबह गंगा में नहाने गए तीन बच्चे डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बच्चों की खोजबीन में जुट गई। बताया जाता है कि नहाते समय तीनों बच्चे गंगा की तेज धारा में बह गए। कई घंटे की मशक्कत के बाद तीनों बच्चों की लाश एनडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम और जल पुलिस के सहयोग से सर्च आपरेशन शुरू कर दिया। काफी देर बीत जाने के बाद भी बच्चों का पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग भी रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान तीनों बच्चों का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक बच्चों की पहचान धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा निवासी शौर्य, नमन और मनीष के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 13 से 15 वर्ष के बीच है। तीनों आपस में दोस्त थे और कल शाम से ही घर से निकले थे। रात भर घर नहीं पहुंचे। आज खोजते हुए परिजन घाट पर पहुंचे तो इनका कपड़ा पड़ा हुआ था। इसके बाद डूबने की आशंका जताई गई।

## सार्वजनिक सूचना

मैं, सुखवीर सिंह पुत्र श्री सुरेश चन्द, निवासी ग्राम सेवापुर, तहसील जसराना, जिला फिरोजाबाद, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे हाई स्कूल अंकपत्र (रोल नंबर: 0101478) में मेरा नाम सुख वीर सिंह छपा हुआ है। जबकि मेरे अन्य सभी शैक्षिक अभिलेखों एवं सरकारी दस्तावेजों, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रमाणपत्रों में मेरा नाम सुखवीर सिंह ही दर्ज है।

अतः मैं यह सत्यापित करता हूँ कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुखवीर सिंह है और भविष्य में सभी प्रयोजनों हेतु मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

स्थान- फिरोजाबाद (उ.प्र.)
(सुखवीर सिंह)
पुत्र श्री सुरेश चन्द्र
ग्राम सेवापुर, तहसील
जसराना, जिला फिरोजाबाद।

# पक्की पैमाइश के बाद मुड्डी उखाड़ने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही

**निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता का रखा जाये विशेष ध्यान, परियोजनाओं का कार्य समय से पूर्ण कर विभाग को किया जाये हैण्डोवर : जयवीर सिंह**

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख जब अड्डूपुर नि. सत्यराम लोधी ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-10 की राजस्व विभाग द्वारा 02 बार पैमाइश के उपरांत मुड्डी लगा दी गयी थी परंतु दबंगों द्वारा पैमाइश के तुरंत बाद मुड्डी उखाड़कर कब्जा कर लिया, जिसकी प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी, लेकिन दबंगों पर कार्यवाही न होने के फलस्वरूप भूमि से अनाधिकृत कब्जा नहीं हटा है, जिसे गंभीरता से लेते हुये उन्होंने राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि पक्की पैमाइश के उपरांत शिकायतकर्ता को मौके पर ही कब्जा दिलाया जाये, मुड्डी लगाने के बाद यदि किसी के द्वारा मुड्डी उखाड़ी जाये तो उसके विरूद्ध भू-माफिया की सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि कहीं भी सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड, विद्यालय की भूमि, खाद के गड्ढों, मरघट आदि पर अवैध कब्जा न रहे, अमल दरामद, विरासत दर्ज करने में किसी भी स्तर पर विलंब न हो, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, लेखपालों, राजस्व विभाग के अन्य कार्मिकों की कार्यशैली से आमजन राहत महसूस करें। पर्यटन मंत्री ने कहा कि शासन की संचालित जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेद-भाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, पात्रों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जायें, किसी भी योजना में कोई अपात्र लाभान्वित न हो, कोई पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री सहायकता कोष से आर्थिक मदद उपलब्ध कराये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण कराकर भेजी जाएं, ताकि बीमार व्यक्ति को इलाज हेतु समय से धनराशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान कर, किसी भी शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निदान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, नाम संशोधन के प्रकरण



में सम्बन्धित व्यक्ति से साक्ष्य प्राप्त कर प्राथमिकता पर नाम संशोधित किया जाये। आज जन-सुनवाई के दौरान ज्योति तिराहा नि. अनिल कुमार राठौर ने कैंसर के इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने, गाड़ीवान नि. शिवरतन ने विद्युत विभाग द्वारा गलत विद्युत बिल जनरेट कर उपलब्ध कराये जाने, नगला अखई, ग्राम कपूरपुर, नौनेर, गोपालपुर, गंगराई नि. अशोक कुमार सिंह चौहान, मुकेश सिंह, सर्वेश सिंह, रक्षपाल सिंह, ओम प्रकाश ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नौनेर को स्थानान्तरित न किये जाने, विनायकपुर नि. रामवीर ने गाटा संख्या-99, 100 का रकबा मौजा विनायकपुर में फीड कर फर्द उपलब्ध कराये जाने, खरगजीत नि. अश्वनी पाण्डेय ने दबंग भू-माफियाओं द्वारा लेखपाल के साथ मिलकर भूमि पर किये गये अनाधिकृत कब्जे को हटवाये जाने, गोलाबाजार नि. श्रेहलता ने परिजनों द्वारा जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाये जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हें सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया। जन-सुनवाई के दौरान पैक्सफेड के चेयरमैन प्रेमसिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, शिवदत्त भदौरिया, उदय चौहान, अमित गुप्ता, लालू जादौन, अर्जुन चौहान सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों के अलावा उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, प्रदीप कुमार सेंगर आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यभर में पुनर्विकसित हो रहे बसपोर्ट्स का किया शिलान्यास

# बीटुगेदर करेगा छह प्रमुख बस पोर्ट्स का आधुनिकीकरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं माननीय परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह जी ने राज्यभर में आधुनिक बसपोर्ट्स का शिलान्यास किया।

इस शिलान्यास कार्यक्रम में बीटुगेदर (ओमैक्स ग्रुप का वेंचर) द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किए जाने वाले छह बसपोर्ट्स में से चार का शिलान्यास किया गया। इनमें लखनऊ (विभूति खंड, गोमती नगर), गाज़ियाबाद (ओल्ड), प्रयागराज (सिविल लाइंस) और अयोध्या धाम शामिल हैं। इन चार के अलावा बीटुगेदर लखनऊ (अमौसी) और कौशांबी (गाज़ियाबाद) बसपोर्ट्स का भी विकास करेगा। लगभग ?2,700 करोड़ के निवेश से बनने वाले ये सभी छह बसपोर्ट्स यात्री सुविधा और वाणिज्यिक गतिविधियों के समन्वय के साथ एकीकृत, भविष्य



के लिए तैयार केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम का आयोजन यूपीएसआरटीसी द्वारा किया गया, जिसमें श्री मासूम अली सरवर (आईएएस, प्रबंध निदेशक, यूपीएसआरटीसी) एवं श्री अमित गुप्ता (आईएएस, अध्यक्ष, यूपीएसआरटीसी एवं प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ओमैक्स और बीटुगेदर की ओर से श्री मोहित गोयल (प्रबंध निदेशक, ओमैक्स ग्रुप एवं संस्थापक, बीटुगेदर) तथा श्री सुनील कुमार सोलंकी (प्रेसिडेंट एवं बिज़नेस हेड, बीटुगेदर) उपस्थित रहे।

ओमैक्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं बीटुगेदर के संस्थापक श्री मोहित गोयल ने कहा, यूपीएसआरटीसी द्वारा बसपोर्ट्स के आधुनिकीकरण की पहल उत्तर प्रदेश की शहरी प्रगति और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हम छह बसपोर्ट्स को आधुनिक और एकीकृत ट्रांज़िट हब में बदलने में सहयोग कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ यात्री सुविधाओं को बढ़ाना ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और सामुदायिक विकास के नए अवसर भी बनाना है।

यूपीएसआरटीसी के साथ साझेदारी कर हम राज्य की कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के मिशन का हिस्सा बनकर गौरव महसूस कर रहे हैं।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे नए बसपोर्ट्स**

नए बसपोर्ट्स पारंपरिक बस टर्मिनलों से कहीं आगे बढ़कर अगली पीढ़ी के ट्रांज़िट हब के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। इनमें ऑटोमेटेड टिकटिंग, डिजिटल शेड्यूल बोर्ड, एयर कंडिशन्ड लाउंज, एस्केलेटर, लिफ्ट, स्मार्ट सिक्योरिटी सिस्टम और चार्जिंग स्टेशन जैसी आधुनिक यात्री सुविधाएँ होंगी। इसके साथ ही रिटेल आउटलेट्स, फूड कोर्ट, बैंक्वेट हॉल, स्टूडियो अपार्टमेंट्स और ऑफिस स्पेस जैसी व्यावसायिक गतिविधियाँ भी शामिल होंगी, जिससे ये बसपोर्ट्स अपने-अपने शहरों में जीवंत आर्थिक केंद्र बनेंगे।

हर परियोजना को प्रमुख रेजिडेंशियल और कमर्शियल सेक्टर्स के आसपास रणनीति के तहत स्थापित किया गया है, जिससे यात्रियों और व्यवसायों को बेहतर कनेक्टिविटी व सुविधाएं मिलें। इन बसपोर्ट्स का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, ओवरऑल डेवलपमेंट और ओमैक्स के अनुभव पर आधारित है, जो न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर की खाई को पाटेगा बल्कि सामाजिक-आर्थिक प्रगति को भी गति देगा।

## आयकर राहत और जीएसटी सुधार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2025-26 के बजट में दी गई आयकर राहत और जीएसटी सुधार से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। भाजपा पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह कदम आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ विकास की दिशा में बड़ा बदलाव साबित होंगे।

वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले कर प्रणाली बेहद जटिल थी और वस्तुओं पर कई स्तरों पर टैक्स लगता था। उन्होंने जीएसटी से पहले के दौर के उदाहरण दिए, जब माल से लदे ट्रकों को जरूरी मंजूरी के लिए राज्य की सीमाओं पर लंबी कतारें लगानी पड़ती थीं। मंत्री ने कहा कि अब यह प्रक्रिया सहज है। जीएसटी ने इस प्रणाली को सरल बनाया है। जीएसटी 2017 में लागू किया गया था। अगली पीढ़ी के सुधारों के तहत सभी दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी कम कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार से भारत की अर्थव्यवस्था को और




बढ़ावा मिलेगा। अर्थशास्त्र के नजरिए से देखें तो हमारी जीडीपी फिलहाल 3.30 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 2.02 लाख करोड़ रुपये हमारी खपत है। अगर हमारी खपत 10 फीसदी भी बढ़ जाती है तो भी 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त खपत होगी, जो जीडीपी में योगदान देगी।

जब उनसे पूछा गया कि क्या जीएसटी सुधारों का भारतीय वस्तुओं पर ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ से कोई सीधा संबंध है। वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों की तैयारी लगभग डेढ़ साल पहले अमेरिकी चुनावों से पहले शुरू हो गई थी।

वैष्णव ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि डेढ़ साल से चल रही जीएसटी सुधार प्रक्रिया को अब अंतिम रूप दे दिया गया है। हर कदम पर प्रधानमंत्री मोदी ने हमारा मार्गदर्शन किया है। अगली पीढ़ी के इस सुधार में बाहरी कारकों की कोई भूमिका नहीं है।

# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितंबर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई।

जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

**भारत के लोगों को मिली राहत**

वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की। और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है।

सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलाफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं।



उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

**राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई का दिया आश्वासन**

मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी। इस तरह आम सहमति बनी।

**वित्त मंत्री स्वंय दर कटौती के लाभ की करेंगी निगरानी**

केंद्रीय मंत्री ने वादा किया है कि वह व्यक्तिगत रूप से व्यवसायों द्वारा उपभोक्ताओं को जीएसटी दर में कटौती के लाभ की निगरानी करेंगी। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न भागों से कई लोगों ने मुझसे कहा है कि यह एक स्वागत योग्य कदम है, और बदले में मैंने उनसे कहा है कि यदि यह आगे नहीं बढ़ रहा है, तो आप मुझसे संपर्क करें, और मैं मौके पर मौजूद रहूंगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए उद्योग जगत के कई दिग्गजों ने पहले ही इसका लाभ जनता तक पहुंचाने का वादा किया है।

**विपक्ष कर रही देश को गुमराह- सीतारमण**

सीतारमण ने आरोप लगाया कि जीएसटी पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है।

**कांग्रेस पर साधा निशाना**

उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा, जिन्होंने 2017 में लागू किए गए एकीकृत अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में चार कर स्लैब बनाए जाने का दोष बीजेपी-नेतृत्व वाले एनडीए सरकार पर मढ़ा और हालिया सुधारों में केवल दो स्लैब रखने को अपनी जीत बताया।

सीतारमण ने स्पष्ट किया कि यह बीजेपी का निर्णय नहीं था और तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ही विभिन्न कर स्लैब तय करने या किसी वस्तु पर जीएसटी दर तय करने का निर्णय नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री भी इसमें शामिल थे।

## एआई अब साइंस फिक्शन नहीं, नौकरियों के लिए बन रहा खतरा

**नई दिल्ली।** ऑर्टिफिशिय इंटेलिजेंस जल्द ही व्हाइट-कॉलर नौकरियों को खत्म कर सकता है। एआई कंपनी एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने एक बार फिर यह चेतावनी दी है। अमोदेई ने भविष्यवाणी की कि आने वाले एक से पांच वर्षों में कानून, कंसल्टिंग, वित्त और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में दोहराव वाले लेकिन विविध कार्य तेजी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के हवाले हो जाएंगे।

**एंट्री-लेवल नौकरियों में एआई निभा रही बड़ी भूमिका**

उन्होंने कहा कि अगर हम शुरुआती स्तर की व्हाइट-कॉलर नौकरियों को देखें, जैसे लॉ फर्म में पहले साल के सहयोगी, तो उन्हें दस्तावेजों की समीक्षा करनी पड़ती है। यह काम बहुत दोहराव वाला है, लेकिन हर उदाहरण अलग होता है। यही वह क्षेत्र है, जहां एआई काफी सक्षम साबित हो सकता है। उनके मुताबिक, एआई की तेजी से बढ़ती क्षमताएं न सिर्फ इन क्षेत्रों की कार्यप्रणाली को बदल देंगी, बल्कि बड़े पैमाने पर नौकरियों की प्रकृति को भी प्रभावित करेंगी।

**बिजनेस लीडर्स एआई को वेतन कटौती के रूप में देख रहे**

एंथ्रोपिक के प्रमुख ने आगे कहा कि बंद दरवाजों के पीछे, कई बिजनेस लीडर्स एआई को कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के बजाय वेतन में कटौती करने के तरीके के रूप में ज्यादा देखते हैं। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, उनमें से एक बड़ा हिस्सा इसका इस्तेमाल लागत कम करने और कम लोगों को रोजगार देने के लिए करना चाहेगा।

**एआई अब कोई साइंस फिक्शन मूवी नहीं**

अमोदेई ने कहा कि एआई अब कोई साइंस फिक्शन मूवी नहीं रह गई है, यह तकनीक आपके सामने है। उन्होंने तर्क दिया कि शुरुआती स्तर का काम में एआई पहले से ही बहुत अच्छा है और अब यह और बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका आत्मविश्वास कई मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ हुई निजी बातचीत से उपजा है। वे लोग पहले से ही एआई सिस्टम शुरू कर चुके हैं और कर्मचारियों की संख्या कम करने की अपनी योजनाओं के बारे में खुलकर बात करते हैं।

**अमोदेई  एआई को लेकर कई बार दे चुके हैं चेतावनी**

यह पहली बार नहीं जब एंथ्रोपिक के सीईओ ने एआई को लेकर खतरे की बात न की हो। मई में उन्होंने कहा था कि एआई अगले पांच वर्षों में दफ्तरों में एंट्री-लेवल की आधी नौकरियां खत्म कर सकता है। उनके मुताबिक, इस बदलाव से बेरोजगारी दर 10 से 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उन्होंने उद्योग जगत और सरकारों पर आरोप लगाया कि वे कामकाजी लोगों पर आने वाले इस बड़े खतरे को हल्का दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

**एक वर्ष के भीतर एआई पूरा कोड लिख सकता है**

अमोदेई ने कहा कि यह जोखिम केवल एंट्री-लेवल की नौकरियों तक ही सीमित नहीं है। एआई तीन से छह महीनों के भीतर 90 प्रतिशत सॉफ्टवेयर कोड और एक वर्ष के भीतर पूरा कोड लिख सकता है। उन्होंने भविष्यवाणी की कि मानव इंजीनियरों को उच्च-स्तरीय डिजाइन मापदंडों को आकार देने तक सीमित कर दिया जाएगा। वहीं एआई दूसरी बारीकियों का ध्यान रखेगा।

**एआई को लेकर तकनीकी दिग्गजों की बंटी राय**

इस विषय को लेकर कुछ तकनीकी दिग्गजों के विचार अलग हैं। एनवीडिया के प्रमुख जेन्सेन हुआंग ने अमोदेई के अनुमानों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वे एंथ्रोपिक प्रमुख की लगभग हर बात से असहमत हैं और भविष्यवाणी करते हैं कि एआई भूमिकाओं को मिटाने के बजाय उन्हें नया रूप देगा।

इसी तरह, माइक्रोसॉफ्ट की अनुभव और उपकरणों की मुख्य उत्पाद अधिकारी, अपर्णा चेन्नाप्रगदा ने तर्क दिया कि कोडिंग अब पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कई लोग कहते हैं कि कंप्यूटर साइंस पढ़ने का कोई मतलब नहीं है, कोडिंग तो खत्म हो गई है, लेकिन मैं इससे पूरी तरह असहमत हूं।

**कार्यस्थल पर एआई के प्रभाव पर छिड़ी बहस**

हालांकि, कुछ लोग अमोदेई के दृष्टिकोण का समर्थन कर रहे हैं। फोर्ड के सीईओ जिम फार्ले ने भविष्यवाणी की है कि एआई अमेरिका में आधे सफेदपोश कर्मचारियों की जगह ले सकता है।

## एम. जी. चैरियट्स प्रा. लि. लखनऊ द्वारा न्यू रेनो काइगर की भव्य लॉन्चिंग




**लखनऊ ।** रेनो लखनऊ (एम. जी. चैरियट्स प्रा. लि.) द्वारा आज उनके शोरूम, 410-412, नियर पुरानी चुंगी कानपुर रोड, कृष्णा नगर, लखनऊ पर न्यू रेनो काइगर की भव्य लॉन्चिग की गई।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ जादौन (ब्रांच हेड यूको बैंक) उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में ग्रुप के प्रबंध निदेशक आशीष अग्रवाल तथा वंदिता अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रेनो इंडिया प्रा0 लि0 की ओर से एरिया सेल्स मैनेजर जितेश सिंह सहित इन्डियन बैंक, कोटेक महिंद्रा, आईसीआईसीसआई, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, एक्सिस बैंक के मैनेजर

उपस्थित रहे। ग्राहकों ने इस मौके पर बुकिंग भी कराई।

नई रेनॉल्ट काइगर में 35 से अधिक डिजाइन, सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़ी खूबियाँ जोड़ी गई है, जो इसे और भी दमदार बनाती हैं। इसकी मुख्य विशेषताओं में

22 नए इंटीरियर और एक्सटीरियर अपग्रेड

3 डुअल टोन व 6 मोनो टोन रंगों के नए विकल्प (ओसिस ऐल्लो, शौडो ग्रे, स्टिल्थ ब्लैक, आदि) 7 नई कंफर्ट फीचर्स जैसे वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, ऑटो हैडम्लैंप्स रेन-सेंसिंग वाइपर्स (केवल मैनुअल वेरिएंट में) नई क्रूज कंट्रोल सुविधा, आइसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकर, ऑटो फोल्ड के साथ वेलकम-गुडबाय सीक्वेंस, मल्टी व्यू कैमरा है।

24 सुरक्षा फीचर्स,

6 एयरबैग्स, फ्रंट पार्किंग सेंसर्स, फॉलो-मी-होम हैंडलैम्प्स, टेक-ए-ब्रेक रिमाइंडर शामिल है।

अधिकतम 7 वर्ष अनलिमिटेड किलोमीटर की वारंटी भी शामिल है।

इस कार्यक्रम को अतिथियों और ग्रुपों ग्राहकों से अत्यंत सराहना मिली और सभी ने नई काइगर के लुक एवं फीचर्स की प्रशंसा की।

## जीएसटी सुधारों से किसानों की लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा, कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने किया दावा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीएसटी सुधारों से किसानों को सीधा लाभ मिलेगी। कृषि उत्पादन की लागत को कम होगी और समग्र उत्पादन में वृद्धि होगी। साथ ही आईआरईएफ ने कहा कि आगामी सीजन में बासमती चावल और अन्य प्रीमियम गैर-बासमती चावल किस्मों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। जीएसटी सुधारों से केंद्र का लक्ष्य कृषि उत्पादन की लागत को कम करना और समग्र उत्पादन में वृद्धि करना है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सीधे लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार जीएसटी सुधारों के माध्यम से आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।



जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की भूमिका को भी रेखांकित किया। चौहान ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित वस्तुओं, चमड़े के सामान, दूध और दूध से बने उत्पादों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं। इससे कई बहनें लखपति दीदी बन गई हैं।

इस बीच भारतीय चावल निर्यात महासंघ (आईआरईएफ) ने कहा कि जीएसटी सुधार से बढ़ी हुई मांग के कारण किसानों को मदद मिलेगी। आईआरईएफ के उपाध्यक्ष देव गर्ग ने कहा कि जीएसटी सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक धारणा बढ़ी है। आगामी सीजन में बासमती चावल और अन्य प्रीमियम गैर-बासमती चावल किस्मों की मांग बढ़ने की उम्मीद है, जो किसानों के लिए अच्छी खबर है।

उन्होंने आगे कहा कि अप्रत्यक्ष करों के पुनर्गठन से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी, विशेष रूप से आधुनिक रिटेल और उच्च मूल्य वाली वस्तुओं में। गर्ग ने यह भी बताया कि जीएसटी पंजीकरण की स्वीकृति अवधि अब घटाकर सिर्फ तीन दिन कर दी गई है। इससे नए कारोबारियों के लिए तेजी से व्यापार शुरू करना आसान होगा। उनके अनुसार सबसे अहम बदलाव यह है कि अब निर्यातकों को जीएसटी रिफंड का 90 प्रतिशत हिस्सा एक सप्ताह के भीतर मिल जाएगा।

## जिंदगी में बेहतर राह प्रदर्शित कराते है शिक्षक पीयूष सिंह चौहान

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने अपनी 16 वर्षों की अद्भुत यात्रा को उन शिक्षकों को समर्पित किया, जिन्होंने निरंतर मेहनत, समर्पण और प्रेम से इस संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

सिर्फ संस्थान के उच्चाधिकारियों ने ही नहीं बल्कि छात्र छात्राओं ने भी अपने अपने तरीके से किसी ने नृत्य तो किसी ने संगीत के माध्यम से अपने शिक्षकों का उद्बोधन किया उनके प्रति अपना प्यार प्रकट किया।

सन् 2009 में जहाँ केवल 12 शिक्षक थे, आज वहाँ 1200+ शिक्षकों का विशाल परिवार है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि ज्ञान, मूल्यों और प्रेरणा का वह सफर है, जिसने एस आर ग्रुप को उत्तर प्रदेश की शिक्षा दुनिया में एक मजबूत पहचान दिलाई है।

इस अवसर पर श्री पियूष सिंह चौहान, उपाध्यक्ष - एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने कहा:-

हमारी इस यात्रा की असली पूँजी हमारे शिक्षक हैं। उन्होंने न सिर्फ विद्यार्थियों को पढ़ाया, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए तैयार किया। हर शिक्षक एस आर परिवार की शक्ति है, जो हमारे साथ खड़ा है और भविष्य को संवार रहा है।

कार्यक्रम में शिक्षकों के योगदान को सम्मानित किया गया और संकल्प लिया गया कि एस आर ग्रुप शिक्षा की उत्कृष्टता, अनुसंधान और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की अपनी परंपरा को और मज़बूती से आगे बढ़ाता रहेगा।

## इलेक्टा भारत में कैंसर मरीजों के लिए एडैप्टिव रेडियेशन थेरेपी के क्षेत्र में परिवर्तन ला रहा है

**लखनऊ।** भारत में हर साल कैंसर के 1.4 मिलियन (14 लाख) नए मरीज सामने आते हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों में कैंसर का निदान काफी एडवांस्ड स्टेज में पहुँचने के बाद होता है। लेकिन फिर भी कैंसर के इलाज के लिए एडवांस्ड रेडियेशन थेरेपी की उपलब्धता काफी असमानतापूर्ण बनी हुई है। मुख्यतः मेट्रो शहरों के बाहर स्थिति और अधिक चिंताजनक है। एडवांस्ड रेडियेशन थेरेपी में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने और ट्यूमर को सिकोड़ने के लिए अत्यधिक उच्च तीव्रता की एक्स-रे का उपयोग किया जाता है। प्रेसिज़न रेडियेशन थेरेपी में ग्लोबल लीडर, इलेक्टा ऑन्कोलॉजिस्ट्स को एडैप्टिव रेडियेशन थेरेपी (एआरटी) का प्रशिक्षण देकर कैंसर के इलाज की एक समान उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एआरटी तकनीक में क्लिनिशियन मरीज की थेरेपी के दौरान दैनिक, हाई-क्वालिटी इमेजिंग के आधार पर इलाज की योजना में संशोधन कर सकते हैं। इस संशोधन द्वारा ट्यूमर पर ज्यादा सटीक लक्ष्य साधने में मदद मिलती है, फिर चाहे ट्यूमर की




आकृति, आकार या स्थान में बदलाव ही क्यों न हो गया हो। ट्यूमर के आकार में यह बदलाव शरीर की आंतरिक संरचना में होने वाले परिवर्तनों, जैसे किसी दिन ब्लैडर या आँतों के भरा हुआ होने और किसी दिन उनके खाली होने के कारण हो सकता है। एआरटी तकनीक द्वारा ट्यूमर पर ज्यादा बेहतर लक्ष्य केंद्रित हो पाता है, इसलिए रेडियेशन कम देना पड़ता है और अन्य अंग साईड इफेक्ट या टॉक्सिक प्रभाव के जोखिम से बच जाते हैं। भारत में हर साल कैंसर के 14 लाख नए मरीज सामने आने के कारण एआरटी जैसी तकनीक अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो परिणामों में सुधार करके बेहतर जीवन प्रदान कर सकती है। कैंसर के सभी मामलों में सिर और गले के कैंसर लगभग 30 प्रतिशत हैं, वहीं महिलाओं को आम तौर से सर्विकल कैंसर और स्तन कैंसर होता है।

लखनऊ में हाल ही में आयोजित की गई प्रायोगिक वर्कशॉप और वैज्ञानिक सिंपोज़ियम भारत में ऑन्कोलॉजी के परिवेश में एआरटी का विस्तार करने के इलेक्टा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्टा कनेक्ट नामक इस कार्यक्रम में एप्लाइड अपस्किलिंग वर्कशॉप, विशेषज्ञों द्वारा लैक्चर, पैनल वार्ताओं का आयोजन हुआ और एआरटी द्वारा किए जा रहे इलाज का लाईव प्रदर्शन किया गया।

इलेक्टा इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट, शंकर शेषाद्री ने कहा, ''इलेक्टा कनेक्ट के माध्यम से हम भारत में एडैप्टिव रेडियेशन थेरेपी के उपयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम खासकर अत्यधिक दबाव वाले इलाकों में ऑन्कोलॉजिस्ट्स को वो टूल्स और विशेषज्ञता प्रदान करना चाहते हैं, जो उन्हें प्रेसिज़न के साथ कैंसर का इलाज करने में मदद करें। एआरटी अब कैंसर मरीजों के लिए एक मानक इलाज बनता जा रहा है।''

डॉ. शरद सिंह, एचओडी, रेडियोथेरेपी, कल्याण सुपर स्पेशियल्टी कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ ने कहा, ''एडैप्टिव रेडियेशन थेरेपी उन मरीजों के लिए बहुत आवश्यक है, जिनका कैंसर एडवांस्ड स्टेज में पहुँच चुका है। यह प्रेसिज़न के साथ इलाज करने में समर्थ बनाती है, जिसके साईड इफेक्ट बहुत कम होते हैं और मरीजों को एक बेहतर जीवन प्राप्त होता है। अगर कैंसर का निदान समय पर हो जाता है, तब इस विधि की मदद से सफल परिणाम मिलने की संभावनाएं तथा पूरे देश में कैंसर केयर की समानतापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के अवसर काफी अधिक बढ़ जाते हैं।''

## सभी के लिए समान पहुंच, 20 श्रेणियों के उत्पादों पर लागू होंगे दिव्यांगजन सुलभता मानक

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिव्यांग लोगों के लिए रोजमर्रा के उत्पादों को सुलभ बनाने के लिए मसौदा मानक जारी किए हैं। इसमें बाधा मुक्त पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक डिजाइन, ब्रेल, स्पर्शनीय विशेषताएं और उन पर स्पष्ट लेबलिंग जैसे गैर-परक्राम्य नियमों का प्रस्ताव किया गया है। सरकार ने दिव्यांग लोगों के लिए रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं को सुलभ बनाने के लिए मसौदा मानक जारी किए। इन मानकों में सार्वभौमिक डिजाइन, ब्रेल, स्पर्शनीय विशेषताएं और स्पष्ट लेबलिंग जैसी अनिवार्य शर्तें शामिल की गई हैं, ताकि दिव्यांगजन इन उत्पादों तक बिना किसी बाधा के पहुंच बना सकें। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने यह ड्राफ्ट ढांचा तैयार किया है। इसे 2016 के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत लाया गया है। यह ढांचा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त पीओयूआर दृष्टिकोण पर आधारित है। इसके तहत हर उत्पाद का अनुभव योग्य, संचालित करने योग्य, समझने योग्य और मजबूत एवं टिकाऊ होना जरूरी है।

इसमें कहा गया है कि हर उत्पाद का डिजाइन समान उपयोग, सरल और सहज संचालन, त्रुटियों को सहने योग्य, न्यूनतम शारीरिक प्रयास की मांग करने वाला और व्हीलचेयर या मोबिलिटी एड उपयोगकर्ताओं के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करने वाला होना चाहिए। ड्राफ्ट में 20 प्रमुख श्रेणियों के उत्पादों के लिए नियम तय किए गए हैं। इनमें रसोई के बर्तन, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ, ग्रूमिंग आइटम्स, एडैप्टिव कपड़े, फर्नीचर, बच्चों की देखभाल से जुड़ी चीजें, मेडिकल सप्लाई, लिफ्ट और सेल्फ-सर्विस कियोस्क जैसे उत्पाद शामिल हैं। मानकों में अब डिजिटल उत्पादों और स्मार्ट तकनीकों को भी शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी डिजिटल घटकों स्क्रीन रीडर, वॉयस कंट्रोल और वैकल्पिक इनपुट डिवाइस के साथ संगत होने चाहिए, ताकि अलग-अलग क्षमताओं वाले लोग आसानी से उनका उपयोग कर सकें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी के मौजूदगी में 6 लोगों को मिला न्याय

अवधनामा ब्यूरो



तमकुहीराज तहसील में फरियाद सुनते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम ने एक-एक कर गम्भीरता के साथ शिकायती पत्रों को सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी संदर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 23 में से 06 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 09, विकास विभाग से संबंधित 05, तथा अन्य विभाग के 09 प्रकरण प्राप्त हुए।इस प्रकार कुल 46 में से 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 40 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## डीएम ने नीति आयोग के विकसित भारत स्ट्रेटजी रूम में प्रतिभाग कर साझा किए अनुभव

**देवरिया।** जिले की जिलाधिकारी, दिव्या मित्तल, ने नई दिल्ली स्थित नीति आयोग के विकसित भारत स्ट्रेटजी रूम में 4 सितम्बर को प्रतिभाग किया। इस अवसर पर देशभर के चुनिंदा जिलाधिकारियों एवं राज्य योजना विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की।

इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों ने आधुनिक उपकरणों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया । इस दौरान जिलाधिकारी देवरिया ने क्षेत्रीय स्तर से प्राप्त अनुभव एवं फीडबैक साझा किया, ताकि नीतियों को और अधिक व्यावहारिक और जन-केंद्रित बनाया जा सके। यह सम्मेलन अधिकारियों के लिए डाटा पर आधारित नीति निर्माण, सतत विकास, डिजिटल परिवर्तन और कल्याण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। दिव्या मित्तल का चयन और योगदान उनकी प्रशासनिक दक्षता, सेवा समर्पण व अभिनव सोच को दर्शाता है।

# शिक्षक दिवस पर मोतीचक के तीन शिक्षक हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार कुशीनगर में मोतीचक के बेसिक शिक्षा विभाग से 3 शिक्षक मोल?ई प्रसाद प्रजापति प्रभारी प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर, दिवाकर मणि त्रिपाठी प्रभारी प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय सिहपुर व मुन्ना सिंह प्रभारी प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विध्यालय पुरैनी को जनपद स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

कम्पोजिट विद्यालय मंगलपुर के छात्र एवं छात्राओं ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मोल?ई प्रसाद प्रजापति के नेतृत्व में 2022-23 में 02 छात्र, 2023-24 में 02 छात्र तथा 2024-25 में 02 छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए हैं।

वर्ष 2022-23 में विद्यालय की छात्रा काजल गुप्ता के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद पर विकास खण्ड स्तर पर प्रथम स्थान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रतियोगिता में चित्रकला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया था। वर्ष 2023-24 में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर विद्यालय की 2 छात्राएं निबंध प्रतियोगिता में रिया प्रथम व चित्रकला में तमन्ना खातून द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।जिनका सम्मान जनपदीय न्यायाधीश के हाथों हुआ था। कम्पोजिट विद्यालय सिहपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं ने विगत 3 वर्षो से प्रति वर्ष 01-01 छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त किए है। विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र सत्येन्द्र गुप्ता को पुरस्कार के रूप में नगद धनराशि प्राप्त हुई थी। विकास खण्ड स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चे विभिन्न खेलों में स्थान बनाकर पुरस्कृत होने का कार्य किया है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुन्ना सिंह के नेतृत्व में विद्यालय का बेहतर वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य, साफ-सफाई, कैमरा युक्त व टीएलएम आधारित शिक्षण व्यवस्था, विद्यालय प्रबंध समिति बैठक पीटीएम बैठक एवं वार्षिकोत्सव आकर्षक व भव्य समारोह में होता है। विद्यालय में नियुक्ति के समय छात्र संख्या 50 थी। वर्तमान 2025 में विद्यालय की छात्र संख्या 200 है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विगत दो वर्षो से 03 -03 छात्र चयनित हुए है। सत्र 2024-25 में जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ने जनपद में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुन्ना सिंह को एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र के रूप में सम्मानित होने का अवसर 24 जून 2025 को प्राप्त हुआ था।

विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विकास खण्ड स्तर एवं जनपद स्तर पर बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर पुरस्कृत होने का कार्य किया गया है। तीनों शिक्षकों के सम्मानित होने पर शिक्षक संघ ने बधाई दी है।

## नो हेलमेट नो फ्यूल का फ़रमान बेअसर कर रहे पेट्रोल पंपों के कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आदेश पर जिले में नो हेलमेट नो फ्यूल चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को पुलिस टीम किछौछा स्थिति जायसवाल पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल लेते हुए लोग दिखे।

बसखारी थाना क्षेत्र के किछौछा स्थित जयसवाल पेट्रोल पंप पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान के तहत बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते कई लोग दिखे जिसमें पुलिस वालों ने पेट्रोल पंप कर्मी और बिना हेलमेट पेट्रोल लेने वाले युवक को हेलमेट की उपयोगिता को समझाते हुए पंप कर्मियों को चेतावनी दी की अगर बिना हेलमेट पेट्रोल देते हुए पकड़े जाने पर आपके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** महिला कल्याण विभाग, देवरिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिकों का आयोजित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेमपुर, देवरिया में किया गया। कार्यक्रम में मंशा सिंह, जेण्डर स्पेस्लिट, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन देवरिया द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाओं से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराते हुए किशोर एवं किशोरियों को इन क्लीनिकों के कार्य संचालन, परामर्श सेवाओं, स्वास्थ्य परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, नशा मुक्ति परामर्श तथा प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अभिसरण से एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसका विषय था मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन।

इस अवसर पर नीतू भारती, केन्द्र प्रशासक, वन स्टाप सेन्टर द्वारा द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों एवं कुप्रथाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय समझाए गए। कार्यक्रम में मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक वन स्टाप सेन्टर द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बंधित कानून की जानकारी दी गयी।

महिला कल्याण विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिभागी किशोरियों को निश्शुल्क सेनेटरी पैड्स का वितरण भी किया गया। इसका उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता को व्यवहारिक रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा किशोरियों के स्वास्थ्य की रक्षा करना था। इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोर-किशोरियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## आवास विकास कालोनी की बदहाली को लेकर डीएम से की शिकायत

**अमेठी।** नगर पंचायत के अंतर्गत आवास विकास कालोनी नागरिक सुविधाओं के मामले में बदहाली की आंसू बहा रही है। आवास विकास कालोनी में रहने वाले परिवारों ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में डी एम संजय कुमार चौहान से मिलकर नागरिक समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया।

नगर पंचायत में संचालित संगठित विकास योजना के अन्तर्गत 1987में आवास विकास कालोनी का निर्माण हुआ था। वर्तमान में कालोनी के अन्तर्गत सभी सड़कें जर्जर है। नालियां भी जर्जर हैं। बाईपास के निर्माण के समय कार्यदाई संस्था ने नाली को बंद कर दिया है।आवास विकास कालोनी से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। बारिश के बाद नालियों में जल जमाव होने से गंदा पानी लोगों के घरों तक घुस रहा है।

# देवरिया में पीईटी परीक्षा के पहले दिन केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

- परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के पहले दिन शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। यह परीक्षा दो दिवसीय है, जो दो पालियों में सम्पन्न हो रही है।

आज पहले दिन दोनों अधिकारियों ने केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केन्द्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए और परीक्षार्थियों को निर्बाध वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले।दोनों अधिकारियों ने विभिन्न केन्द्रों पर अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों से संवाद कर परीक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जनता के खोए 175 मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को सौंपा



मोबाइल मिलने के बाद एसपी के साथ स्वामी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनता के खोए व गुम हुए मोबाइलों के संबंध में मिली शिकायती पत्रों के आधार पर पुलिस 175 मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल की कीमत 40 लाख रुपए बताई जा रही है।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त जनशिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कुल 175 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई, बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल क़ीमत लगभग 40 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल सेटों को पुलिस कार्यालय के सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब युवती का नहर में मिला शव

**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** जामो थाना क्षेत्र के शाहपुर रेसी मायास गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां के निवासी धर्मराज मौर्य की 19 वर्षीय पुत्री आरती मौर्य का शव नहर में मिला है। आरती गुरुवार की दोपहर को खेत जाने के लिए घर से निकली थी। वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की। उन्होंने जामो थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भी तलाश की, लेकिन युवती का पता नहीं चल सका।

शनिवार की सुबह युवती का शव घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर मिला। शव मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के अनखरा गांव के पास शारदा सहायक खंड 49 नहर में था। ग्रामीणों ने शव देखा और मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# आवास सम्बंधी समिति के सभापति पीएन पाठक ने दिल्ली में बैठक लिया



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश आवास संबंधी संयुक्त समिति के सभापति कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पीएन पाठक के नेतृत्व में नई दिल्ली के द्वारका स्थित उत्तर प्रदेश के राज्य सम्पत्ति विभाग के अति विशिष्ट अतिथि गृह (इंद्रप्रस्थ) के रखरखाव और उसके मरम्मत कार्य के लिए राज्य सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई और स्थलीय निरीक्षण किया गया और उसमें मिलीं खामियों को अति शीघ्र दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक पीएन पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार देश में राज्य सम्पत्ति विभाग से बने भवनों को सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कराकर उसके रखरखाव सम्बंधित सुझाव अधिकारियों से लेकर कारवाई करतीं हैं समिति के सदस्यों के साथ बैठक के बाद भवन का निरीक्षण किया और भवन के रख रखाव के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया।

इस दौरान विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, विधायक श्रीमती पूनम शंखवार, विधायक श्रीराम सिंह, राज्य सम्पत्ति विभाग के विशेष सचिव राजाराम द्विवेदी, अनु सचिव महेंद्र वर्मा, व्यस्था अधिकारी अवनीश राठौर आदि मौजूद रहे।

## बलिवन गांव की सात सौ मीटर पिच सड़क की उखड़ गई हैं गिट्टियां

**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के बलिवन गांव की तकरीबन सात सौ मीटर पिच सड़क की गिट्टियां उखड़ गई हैं।इसके चलते यह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई हैं।बरसात के मौसम में इस सड़क से गुजरना एक टेढ़ी खीर है।इसे लेकर ग्रामीण परेशान हैं।लेकिन उनकी बात कोई नहीं सुनने वाला है। इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

बता दें कि बलिवन चौराहा से गांव होते हुए पिच सड़क मिश्रौली, चौरंगी चक होकर वन चौराहा तक गई है। वहां यह सड़क भवानी छापर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग में मिल गई हैं।वहीं यह सड़क मिश्रौली गांव से पश्चिम होते हुए नरकटिया, भोपतपुरा होकर चकिया कोठी चौराहा पर जाकर भिंगारी बाजार-भवानी छापर मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई है।स्थिति यह है कि बलिवन खास गांव निवासी शिवकुमार तिवारी के घर से सत्य नारयण जायसवाल के घर तक तकरीबन सात सौ मीटर पिच सड़क की गिट्टियां पूरी तरह से उजड़ गई हैं। इसके कारण यह सड़क दो फिट गड्ढे में तब्दील हो गई हैं।

# अन्नदाताओं का सम्मान बढ़ाया मोदी ने : रतनपाल सिंह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की वर्तमान कार्यकारिणी के 4 वर्ष पूरे होने पर किसान मोर्चा द्वारा आयोजित चार साल बेमिसाल उत्सव के अंतर्गत रुद्रपुर विधानसभा के ग्राम- कोरवा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग और आर्युवेदिक विभाग के चिकित्सकों ने किसान परिवारों के 345 लोगो का निःशुल्क जांच कर दवा वितरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य रतनपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों में रहने वाले लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अच्छे डॉक्टरों से सम्पर्क के लिए टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से परामर्श सेवाएं शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के द्वारा किसानों का सम्मान बढ़ाया है।सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रो में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया है, प्रदेश के अंदर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो को मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित करके अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही है।

# शिक्षक दिवस पर विधायक राकेश प्रताप व सीडीओ ने 32 शिक्षकों को सम्मानित किया

- शिक्षा के साथ बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास जरूरी : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) गौरीगंज में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के विधायक राकेश प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल और अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, संग्रामपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 शिक्षकों को प्रमाणपत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 14 शिक्षकों और विभिन्न शैक्षिक आयोजनों में सहयोग प्रदान करने वाले 8 शिक्षकों को शील्ड, प्रमाणपत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकासखंड गौरीगंज क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि बच्चों को न केवल शिक्षा बल्कि नैतिक मूल्यों के साथ स्थानीय स्तर के व्यवसाय और वन विलेज-वन बिजनेस की अवधारणा से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावक-शिक्षक बैठकों पर विशेष जोर दिया और इसमें विशेष रूप से माताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों में उच्च नैतिक मूल्यों का विकास ही राष्ट्र निर्माण की नींव है।

# शानेशौकत के साथ मनाया गया ईद -ए-मिलाद -उन-नवी का जश्न

- पुलिस की सुरक्षा के बीच देर शाम तक निकलते रहे जुलूस
- जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने किया अंजुमनों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** ईद-ए-मिलाद -उन नवी का पर्व जिले में शांति सौहार्द और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। अंजुमनों के भारी भरकम जुलूस पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मनाए गए। ईद -ए-मिलाद -उन-नवी का पर्व शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। अंजुमनों की ओर से अमेठी,जायस , जगदीशपुर, वारिस गंज और बाजार सुकुल में आकर्षक सजावट की गई थी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस देर शाम तक निकलते रहे। जुलूस में घुड़सवार भी शामिल हुए।

जुलूस में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की भारी संख्या में शिरकत रही। हाथों में झंडे और बैनर लिए लोग हुजूर की आमद मरहबा और नारे तकबीर जैसे उद्घोष करते हुए नात-ए-पाक पढ़ते चल रहे थे। कस्बे में जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। शरबत, हलवा और मिठाई की सबीलें लगाकर आने-जाने वालों का सत्कार किया गया। इसौली रोड पर आयोजित जश्न-ए-मिलादुन्नबी के मंच से मौलाना नूरुल हसन नूरी, महमूद आलम और मौलाना मोहम्मद उमर ने सीरत-ए-पाक पर रौशनी डालते हुए कहा कि हजरत मोहम्मद की शिक्षाएं इंसानियत, भाईचारे और मोहब्बत की सबसे बड़ी रहनुमाई हैं। उन्होंने लोगों से पैगंबर के जीवन और उसूलों को आत्मसात करने की अपील की। जुलूस के दौरान पूरे नगर और आसपास का इलाका जश्न के माहौल में डूबा नजर आया। पुलिस प्रशासन ने शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। इस मौके पर सैय्यद मकसूदुल हसन, शहबान अहमद, मोज्जिस अब्बास, तसलीम, सोहराब खान, आगाशाही सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जगदीशपुर संवाद के अनुसार कस्बे में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए। नमाज के बाद विशाल जुलूस निकाला गया। पूरे कस्बे को रंग बिरंगे गुब्बारों व झंडों से सजाया गया था। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। जुलूस में शामिल लोग झंडे लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे।

डीएम संजय चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एएसपी हरेन्द्र कुमार के साथ ही एसडीएम मुसाफिरखाना भी मौजूद रहे। संग्रामपुर संवाद के अनुसार में ईद मिलाद-उन-नबी पर संग्रामपुर क्षेत्र के तुलापुर भैरोपुर, डेहरा, पूरे खुशियाल, मेंहदा, बदलापुर, पूरे पठान, टीकरमाफी, चण्डेरिया सहित कई मस्जिदों से जुलूस निकाला गया।

शब्बीर अली ने बताया कि इस्लामिक मान्यता के अनुसार रबी-उल-अव्वल 12वीं के दिन पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसी कारण हम लोग इस पर्व को हर साल मनाते हैं। वहीं अमेठी कस्बे में ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व भाईचारे के साथ मनाया गया। कस्बे में बड़ी संख्या में मुसलमानों ने गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला। जगह-जगह स्टाल लगाकर फल व पानी का वितरण किया गया।

### भीम आर्मी भी जुलूस में शामिल हुई

**अमेठी।** नगर अमेठी में जुलूस में शामिल भीड़ के लिए जगह जगह काउंटर लगाकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की ओर से मस्जिद के गेट पर अंजुमनों का स्वागत किया गया। बरियापुर,मरफापुर, बेनीपुर, रायपुर फुलवारी की अंजुमनें जुलूस में शामिल हुईं। फैजान खान, अल्तमश खान,परवेज खान,रेहान , एडवोकेट मो कुद्दूस, सरताज जायसी आदि मुस्लिम लीडर जुलूस में शामिल रहे। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष मो इश्तियाक के नेतृत्व में जुलूस का भव्य आयोजन किया गया। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी, अरुण कुमार शास्त्री,भजन अम्बेडकर, आशीष कोरी आदि युवा नेता जुलूस में शामिल हुए।

अवधनामा



# गर्रा तथा खन्नौत नदी में बढ़ते बाढ़ प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ जनपद में गर्रा तथा खन्नौत नदी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बाढ प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद के विभिन्न तटीय एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर नदी के जलस्तर का जायजा लिया गया तथा उपस्थित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नदी के जलस्तर पर सतत निगरानी रखी जाए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात टीमें अलर्ट मोड में रहें। निचले एवं प्रभावित इलाकों के निवासियों को समय-समय पर सचेत किया जाए।

किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने हेतु लगातार जागरूक किया जाए। संवेदनशील इलाकों में गश्त एवं पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। आपदा की स्थिति में पुलिस व प्रशासनिक टीमें समन्वय बनाकर कार्य करें। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आकस्मिक घटना पर तत्परता के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, नदी के जलस्तर व बाढ से सम्बन्धित सटीक जानकारी हेतु सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारियों/ थाने से सम्पर्क बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें।

# समूह सखी ने मिशन प्रबंधक पर लगाए गंभीर आरोप

- जांच टीम पहुंची चित्तौरा दोनों पक्षों के दर्ज किए बयान

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद के विकास खंड चित्तौरा में कार्यरत एक समूह सखी ने चित्तौरा ब्लॉक के मिशन प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाय हैं जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तथा महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजे गए हैं जिसको संज्ञान में लेते हुए डीएम ने ज़िला कार्यक्रम अधिकारी और डीसी एनआरएलएम की संयुक्त टीम को आज ब्लाक भेजकर मामले की जांच करवाई गई।

डीएम एसपी मुख्य विकास अधिकारी और राज्य महिला आयोग को शिकायती पत्र के माध्यम से कुरवारी निवासी महिला नंदिनी ने मिशन प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि विकास खंड चित्तौरा पर वो दो हज़ार बारह से समूह सखी के पद पर कार्य कर रही है इसी ब्लाक के मिशन प्रबंधक अशफाक अंसारी लगातार मुझे प्रताड़ित करते हुए मेरे कार्य में बाधा पहुंचाते हैं प्राथमिक को बिना साक्ष्य कहीं भी बुला लेते हैं तथा प्रार्थनी के प्रश्न करने पर सबके सामने बेइज्जत करते हैं इतना की नहीं मेरे निजी फोन कर धमकी देते हैं बिना किसी कारण आए दिन सखी समूह की बैठक बुला लेते हैं उसमें थोड़ा भी देर होने पर सामूहिक रूप से सभी के सामने जलील करने का प्रयास करते हैं दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाया जाता है लेकिन उन्हें पढ़ने से वंचित रखा जाता है पूछने पर यह धमकी दी जाती है की ज्यादा नेतागीरी करोगी तो तुमको पद से बर्खास्त कर दिया जाएगा इतना ही नहीं प्रबंधक द्वारा मुझपर पूरी नजर भी रहती है इनके द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। इसके विरुद्ध जांच होने के बाद कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।इसी बात को गंभीरता से लेते हुए आज डीसी एनआरएलएम धनंजय सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा एडीओ आईएसबी सत्यव्रत श्रीवास्तव एडीओ महिला ज्योति सिंह ने सभी पक्षों को बुलाकर अलग अलग बयान दर्ज करवाकर आगे कार्यवाही के लिए भेजा गया।

### मिशन प्रबंधक पर आरोप निराधार

विकास खंड चित्तौरा पर आज मिशन प्रबंधक पर समूह सखी द्वार लगाए गए आरोपों की जांच में बुलाई गई अन्य महिला सखियों ने बताया कि मिशन प्रबंधक पर लगाए गए सभी आरोप निराधार और झूठे हैं इनके द्वारा किसी के साथ कोई दिक्कत नहीं है सिर्फ एक ही को ज़्यादा परेशानी होती है सभी सखियों को कभी भी कोई कठिनाई नहीं आई है और रही बात शोषण की तो विकलांग मिशन प्रबंधक जो खुद अपने पैरों पर बिना बैसाखी के खड़ा नहीं हो सकता वो शोषण कैसे कर सकता है।

### जांच कमेटी ने दर्ज किए बयान

विकास खंड चित्तौरा पर आज समूह सखी द्वारा मिशन प्रबंधक पर लगाए गए आरोपों की जांच करने पहुंचे जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा और डीसी एनआरएलएम धनंजय सिंह ने बताया कि पीड़ित समूह सखी के साथ साथ अन्य समूह सखियों को बुलाकर अलग अलग बयान दर्ज किया गया है और उनके द्वारा लिखित में भी ले लिया गया है इसकी रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जा रही है।

## डीएम एवं एसएसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पी.ई.टी. के सकुशल संचालन के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया, परीक्षा केंद्र में बने कंट्रोल रूम को देखने के साथ-साथ सी.सी.टी.वी. कैमरों इत्यादि को जिलाधिकारी ने देखा, जिलाधिकारी ने इस दौरान डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, दाऊ दयाल महिला पी.जी. कॉलेज, वी.डी.एम. म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज, ए.के. कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा भी मौजूद रहें।

## रोजगार एवं षिषिक्षु मेला कल

**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** सभी को सूचित किया जाता है कि शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वामी नगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप)/रोजगार मेला का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक किया जायेगा जिसमें प्रतिष्ठित अधिष्ठान म्समउमदज्र छवपकं डवजीमतेवद छवपकं द्वारा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जयेगा। शिशिक्षु मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों की मूल एवं छायाप्रति त्मेनउम के साथ लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

## बाराहवफात जुलूस में 33 व्यक्तियों को लिया हिरासत में एवं 14 मोटरसाईकिल सीज



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** थाना उत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत बाराहवफात के जुलूस की समाप्ति के बाद 40 से 50 नययुवक गैर परम्परागत मार्ग से वापिस जा रहे थे जिनकों थाना उत्तर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए स्थानीय पुलिस टीम द्वारा 14 मोटरसाईकिलों को सीज करते हुए कुल 33 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है। जिनके विरूद्ध की जा रही है तथा

## घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** घर जा रहे युवक को तीन युवकों शराब के नशे में रास्ते में रोककर पिटाई कर दी। मारपीट में युवक गंभीर घायल हो गया। साथ ही आरोपी घायल को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना क्षेत्र के गांव जरौली कलां निवासी वकील अली का पुत्र शकील 31 अगस्त दोपहर को बाजार से घर आ रहा था। आरोप है कि उसी के गांव निवासी सुनील, धीरेंद्र व बल्ला ने शराब के नशे में उसे रोक लिया। साथ ही उसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में शकील गंभीर घायल हो गया। आरोपी गांव वालों को आता देख जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल युवक के पिता ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि घायल युवक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी का सामान बेचने जा रहे दो युवक तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान शुक्रवार देरशाम चोरी का सामान बेचने जा रहे दो युवकों को तमंचा-कारतूस सहित गांव छितरई थाना पचोखरा जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विजय उर्फ धोनी व रोहित निवासी संवाई एत्मादपुर थाना एत्मादपुर आगरा हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से तलाशी के दौरान तीन पंप जनरेटर, दो रसोई के एडजेस्ट पंखे, टूल्स रिंच पाना, दो बिजली गैंग बक्स, बिजली का तार, कॉपर तार व तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ....



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** श्री गणेश पूजा महोत्सव के नौवें दिन शनिवार को भी विविध कार्यक्रम हुए। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ....की धुन पर भक्तों ने झूमते हुए मंगलकामना की। सुबह विशेष हवन-पूजा किया गया। देररात तक श्रद्धालु दर्शनों के लिए उमड़ते रहे। एटारोड स्थित राधानगर कॉलोनी, न्यू इंद्रानगर कॉलोनी, जैनगली तथा थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव रसूलाबाद आदि को विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत प्रतिमा संग शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। भक्त फाग खेलते हुए गणेश जी के भजनों पर जमकर झूमे। श्रद्धालु अपनी-अपनी गणेश प्रतिमाओं को हल्ला गाड़ी के साथ नाचते हुए अनवारा घाट स्थित यमुना में विसर्जन के लिए ले गए।

## जमीयत उलेमा ए हिंद पंजाब पीड़ितों के लिए खाना कपड़ा अनाज दवाई इकट्ठा करके पंजाब भेजेगा

**शिकोहाबाद।** जमीयत उलेमा ए हिंद जिला फिरोजाबाद की एक प्रेस वार्ता मस्जिद मेवा फरोशान सदर बाजार फारूकी गेट पर बुजुर्ग सरपरस्त हजरत मौलाना शफी कासमी साहब, जिला सदर जमीयत उलेमा ए हिंद मुफ्ती हुजैफा ने की। बताया के पंजाब में बाढ़ से हालात बेहद खराब हो चुके हैं लोग खाने पीने से परेशान है खुले में अपनी रातें बच्चों के साथ गुजार रहे हैं, दवाइयां के लिए परेशान हैं, मवेशी पानी में बह गए हैं और जो मर गए हैं उनसे बीमारियां फैल रही है जिसकी वजह से पंजाब में लोग बेहद परेशान हैं। इसलिए जमीयत उलेमा ए हिंद फिरोजाबाद ने यह फैसला लिया है कि फिरोजाबाद में कैंप लगाकर। मस्जिदों से ऐलान करके पंजाब पीड़ितों के लिए खाना कपड़ा अनाज दवाई इकट्ठा करके फिरोजाबाद से पंजाब के लिए फिरोजाबाद प्रशासन के साथ रवाना करेंगे। फिरोजाबाद की सभी आवाम से धर्म गुरुओं ने अपील की है कि हमारे वतन के भाइयों की मदद के लिए आगे आए और ज्यादा से ज्यादा मदद करें। अल्लाह मदद करने वालों से खुश होता है और इसका कई गुना करके देता है। करबला कमेटी अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान ने कहा कि यह धर्म गुरुओं द्वारा बहुत अच्छी पहल है।

# परी रसोई बाढ़ पीड़ितों को वितरित कर रही भोजन

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद दो नदियों से घिरा हुआ है और वर्तमान समय में नगर निगम क्षेत्र के कई मोहल्ले में बाढ़ का पानी घुस गया है लोग अपनी छतों पर आशियाना बनाए हुए हैं ऐसी संकट की घड़ी में जनपद के समाज से भी विनय अग्रवाल ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है और गाड़ी के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के मोहल्ले में बाढ़ पीड़ितों को गाड़ी के माध्यम से भोजन पहुंच रहे हैं इससे पहले भी चाहे कोरोना काल रहा हो या बाढ़ का मामला विनय अग्रवाल की परी रसोई के माध्यम से लोगों को निशुल्क भोजन वितरण करने का काम किया गया है इस बार भी उनके इस सराहनीय कार्य को लेकर लोगों में चर्चा है और उनकी सराहना हो रही है। बाढ़ को देखते हुए विनय अग्रवाल परी नमकीन बालों की ओर से परी आपकी रसोई के द्वारा महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में भोजन का वितरण किया गया इस वितरण कार्यक्रम में पीयूष मिश्रा वरुण मिश्रा मनोज अग्रवाल अभिषेक गुप्ता आदि परी टीम का सहयोग रहा परी आपकी रसोई के संचालक विनय अग्रवाल ने बताया कि जब तक महानगर वासियों को बाढ़ से राहत नहीं मिल जाएगी तब तक उनकी ओर से यह सेवा जारी रहेगी।

# इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद की वेबसाइट का री-लॉन्चिंग समारोह

- 12 रबीउल अव्वल का पैगाम मोहम्मद साहब की शिक्षा को पहलाना है

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** लखनऊ के इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में एक ऐतिहासिक मौके पर इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद की वेबसाइट की री-लॉन्चिंग समारोह आयोजित हुवा। जिसका उदघाटन इमाम ईदगाह, काजी शहर लखनऊ, मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली साहब के हाथों संपन्न हुआ। इस मौके पर वेबसाइट की पहली लॉन्चिंग 2022 में मौलाना सैयद राबे हसनी नदवी रहमतुल्लाह अलैह (नाजिम नदवतुल उलमा, लखनऊ, अध्यक्ष आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ) के करकमलों द्वारा हुई थी। अब इसे नई सुविधाओं और अपडेट्स के साथ फिर से पेश किया गया है।

इस अवसर पर इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद के डायरेक्टर मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने कहा की इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद गत 15 वर्षों से शिक्षा, समाज सेवा और जागरूकता के विभिन्न प्रोग्रामों आयोजित करता रहता है, आज के दिन जिसमे मोहम्मद साहब की पैदाइश हुई है इस माह मे उनकी शिक्षा को पहलाने के लिए आज इस वेब साइट की री लॉन्चिंग की गई है। इस अवसर पर डॉ. सऊदउल हसन, सदस्य बोर्ड मौलाना नईमुर्रहमान, सिद्दीकी (सदस्य सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड) एवम इस्लामिक सेंटर सोशल मीडिया डेस्क के इंचार्ज मौलाना शाहजी खान नदवी, और ꣳ.ꣵ.ꣿ के मैन ब्रांच लखनऊ के दारोगा मिनहाज अली खान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौलाना खालिद रशीद साहब ने इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच समाज में अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम फैलाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा की यह जमाना इनफार्मेशन तलाशने का जमाना है ऐसे वक्त मे जरुरत को देखते हुवे यह वेब साइट लॉन्च की गई है मेरी दुआ है कि यह सेंटर आगे भी( खिदमत-ए-खल्क) यानी मानवता की सेवा करता रहे और इस्लामी तालीम को आम करने में सफल हो। इस ऐतिहासिक री-लॉन्चिंग के साथ, इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद ने डिजिटल दुनिया में एक और मजबूत कदम रखा है, जो भविष्य में इस्लामी शिक्षा और सामाजिक सेवा को और आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षाधिकारियों ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** फिरोजाबाद क्लब में शिक्षा विभाग एवं डिजिटल लाइव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तस्मे श्री गुरुवे नमः कार्यक्रम में विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के लिए, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहभागिता प्रदान करने के लिए श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को उप शिक्षा निदेशक बृजेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, डॉ राम कैलाश यादव, अविनाश सिंह ने गुरु महिमा सम्मान के प्रशस्ति पत्र को प्रदान करके सम्मानित किया गया।

अश्वनी कुमार जैन को यह सम्मान अपने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करने, जनपद में विभिन्न विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के साथ जनपद में आयोजित होने वाली शासकीय कार्यों में दिए गए दायित्वों का पूर्ण निर्वहन करने के लिए प्रदान किया।अश्वनी कुमार जैन ने बृजेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र कुमार,आशीष कुमार पाण्डेय , डॉ राम कैलाश यादव, अविनाश सिंह, जय प्रकाश सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया।

## पितरों की स्मृति में प्रत्येक व्यक्ति पौधा लगाने का संकल्प ले

**शिकोहाबाद।** स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव विवेक यादव ''रुद्राक्ष मेन'' ने कहा भारतीय संस्कृति ने हमेशा कहा है -''मातृ देवो भव, पितृ देवो भव'' माता-पिता, पूर्वज ही हमारे प्रथम गुरु है। पिण्डदान, तर्पण, श्राद्ध केवल कर्मकाण्ड नहीं बल्कि कृतज्ञता और आत्मबोध की साधना है। आइये इस पितृ पक्ष पर हम सब मिलकर पूर्वजो की स्मृति मे पूर्वज स्मृति वाटिका पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन माँ रुद्राणी धाम रूरिया, सिरसागंज मे पौधे रौपित कर अपने जीवन मे सेवा, विनम्रता, संस्कार की धारा को प्रवाहित करे एवं पौधे रौपित करने का संकल्प ले।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

प्रथम शुद्धिपत्र

**कार्य का नामः निविदा संख्या 08/W/BWS/CB/LKO/2025–26 दिनांक 28.08.2025** के लिए अनुमोदित डिजाइन, रेखाचित्रों और विनिर्देशों के अनुसार न्यूनतम 5.0 मिमी मोटी चिकनी, स्पिरिट–आधारित गैर–प्रतिक्रियाशील ग्रेफाइट– जिरकोन रिफ्रैक्टरी कोटिंग प्रदान करना और लगाना ठेकेदार की अपनी मशीनरी और संयंत्र, सामग्री, ईंधन, गैस, बिजली और अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग करना, निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों के अनुसार कार्य पूरा करना सुनिश्चित करना, ब्रिज वर्कशॉप/एनआर/चारबाग/लखनऊ में स्थित उत्तर रेलवे सुविधा केंद्र के परिसर में रेलवे अधिकारियों की देखरेख में कार्य का निष्पादन सुनिश्चित करना। के स्थान पर पढ़ा जाए **कार्य का नामः– ठेकेदार की अपनी सामग्री, ईंधन, गैस, बिजली और अन्य आवश्यक संसाधनों का उपयोग करके एक खोखले धातु के बाहरी आवरण के भीतर सभी आवश्यक मिश्रण, रैमिंग, प्रेसिंग और बेकिंग सहित अनुमोदित डिज़ाइन, रेखाचित्र और विनिर्देशों के अनुसार पूर्व–मिश्रित रिफ्रैक्टरी लाइनिंग प्रदान करना और लगाना, निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों के अनुसार कार्य पूरा करना सुनिश्चित करना, ब्रिज वर्कशॉप/एनआर/चारबाग/लखनऊ में स्थित उत्तर रेलवे सुविधा केंद्र के परिसर में रेलवे अधिकारी की देखरेख में कार्य का निष्पादन सुनिश्चित करना।** 2709/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीएम ने किया पीईटी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व सम्बंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को प्रथम पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7370 ने तथा द्वितीय पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7462 ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया।आज रविवार को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

डीएम ने मदर एंथेना स्कूल, जीलॉट पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर व लॉर्ड कृष्णा स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि सुचिता पूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशानुरूप परीक्षा को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 07 सितंबर यानी आज भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रथम पाली प्रातः 10 से 12 तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03 से 5 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा में कुल 39,360 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारी, परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।


कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या- 592/न0पा0प0/2025-26 दिनांक- 06/09/2025

ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

**Tender Reference Number - 2025-26/09 ET**

| क्र. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 10-09-2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 10-09-2025 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 10-09-2025 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 12-09-2025 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 12-09-2025 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 12-09-2025 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 30-09-2025 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 30-09-2025 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्तें व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 10.09.2025 प्रातः 09.00 बजे से देखा का सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष

# शहर में रही जुलूस-ए-मुहम्मदी की धूम

- शहर को दुल्हन की मानिंद सजाया गया
- हर देश में गूंजेगा या रसूलल्लाह की सदाओं से गूंज उठा शहर

**अवधनामा ब्यूरो**





**इटावा।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ल. की यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर जुलूस कमेटी उर्दू मोहल्ला बड़ी मस्जिद चौक से हर साल की तरह इस साल भी अपनी पूरी शानो शौकत से शाम को जुलूस उठाया गया और जश्ने-ईद-मीलादुन्नबी सल्ल.बहुत ही अदबो-एहतराम के साथ मनाया गया। शहर को दुल्हन की मानिंद सजाया गया। कदीमी जुलूस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। जूलुस अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जूलुस में शामिल उलमा-ए-इकराम आदि लोगों का साफा पहनाकर स्वागत किया। जुलूस को रवाना करने से पहले कारी सरफराज़ आलम निज़ामी व कारी शाहबाज़ अनवर व मौलाना शाहनूर रज़ा मौलाना याकूब साहब ने कुरान-ए- पाक की तिलावत की। मदरसों के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में हरे परचम लिये सरो पर अदब के साथ सभी लोग टोपियां लगाये आकर्षक का केन्द्र रहे। उलमाए इकराम व बच्चो ने नात शरीफ पेश कर अपनी मोहब्बत का सुबूत पेश किया। हर देश में गूंजेगा या रसूलल्लाह की सदाओं से गूंज उठा शहर। जूलुस व उलेमाओं का शहर में जगह-जगह लोगों ने इस्तक़बाल किया। जुलूसे-मुहम्मदी में जिस तरह लोगों ने अपने नबी सल्ल.के लिऐ मोहब्बत पेश की और मौजूदगी दर्ज कराई किसी ऐतिहासिक मंज़र से कम नहीं थी। जुलूस में खूबसूरत चौकिया, थरमाकौल से बनाई गई काबे शरीफ, मदीना शरीफ की चौकिया जो अपनी ओर लोगों को खींच रही थी जुलूस कमेटी की तरफ से चौकी व झांकी वाले हज़रात को शील देकर सम्मानित किया गया। जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ ऊर्दू मोहल्ले मे सलातो सलाम और दुआ के बाद पूरा हुआ। जुलूस के अध्यक्ष कुंवर रफत अली खान ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व सभी लोगों का जूलुस में सहयोग के लिये शुक्रिया अदा किया। जुलूस में कारी सरफराज़ कारी शहबाज़, हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद अकबरी मौलाना याकूब, मौलाना उबैदुर्रहमान खान, हाफ़िज़ अरशद बरकाती, मौलाना शाहनूर रज़ा, मौलाना सैय्यद एजाज़ हुसैन , शफ़ीक़ अहमद सेकेट्री, डॉ शमशुद्दीन सईदी, ज़मीर हसन, साजिद अली अशरफी, अज़हर फरीदी, एस.एम मुस्तकीम, आरिफ मेव पूर्व सभासद राजा खानज़ादा, सिकंदर मेव, सग़ीर खान, शफ़ी अहमद बालक, फ़हीम वारिस, तनवीर अंसारी, जब्बार अंसारी, ज़मीर अंसारी, अज़हर जुहैब फैय्याज, फरहान खान, ज़ाकिर राईन, हनीफ खान, इरफ़ान बरकाती, मो.राशिद, फरीद खां, अरशद उल्ला, रिज़वान कुरैशी, रेहान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब रेनुकूट में शिक्षक दिवस समारोह सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेनुकूट।** रोटरी क्लब रेनुकूट द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से जुड़े एवं क्षेत्र के सम्मानित शिक्षकों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। क्लब अध्यक्ष रो. सुनील कांत पांडे ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि ÷शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो पीढ़ियों को संस्कार और ज्ञान देकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।सीनियर रोटेरियन डॉ. प्रेमलता ने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित किया। रो. संजय रूंथला ने विशिष्ट अतिथि छाया सिरोही के शैक्षणिक जीवन एवं अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। रो. शशांक शेखर ने मुख्य अतिथि वीना वाष्णेय का परिचय कराते हुए उनके लंबे शैक्षणिक कार्यकाल एवं योगदान को सराहा। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। समारोह में प्रमुख रूप से श्रीमती छाया सिरोही, सरस्वती मैडम, डॉ. स्मिता सिंह, प्रतिभा सिंह, अर्चना राठौर, रेनु मिश्रा प्रदीप यादव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए क्लब सचिव अजित अस्थाना ने सभी आगंतुकों, शिक्षकों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया। अंत मे सभी ने मिलकर केक काटा एवं रात्रिभोज का आनंद लिया। रोटरी क्लब रेनुकूट के सभी सदस्यों के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## प्रान्तीय अध्यक्ष का व्यापारियों ने किया स्वागत

**इटावा।** प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के इटावा पहुँचने पर शनिवार को व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। प्रान्तीय कार्य समिति की बैठक नगर के एक पैलेस पर सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कहा की रासायनिक खादों के इस्तेमाल होने के कारण प्राकृतिक रूप से अनेकों केमिकल अनियमितता होने वाली उपज में उत्पन्न हो चुकी है,जिससे खाद पदार्थो के मानक बदल गए हैं तब कृषि उपज से खाद्य पदार्थ बनाने वाला व्यापारी किस प्रकार दोषी हो सकता है।सर्वेश चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में मनमाने तरीके से गृहकर बढ़ाया जा रहा है,जिसे रोकने के लिए व्यापार मण्डल एक बड़े आन्दोलन की तैयारी करेगा। आलोक दीक्षित जिला अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार जीएसटी व इनकमटैक्स देने वाले सभी व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर देने चाहिए।

# एमनीव विज़न स्कूल के गौरव प्रियदर्शन शाक्य का SGFI में चयन

**वहाज अली निहाल**

- चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा






**इटावा** एमनीव विज़न स्कूल में चल रही सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 के तीसरे दिन खिलाड़ियों के जोश, जुनून और तकनीकी कौशल ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में एक ओर जहाँ रोमांचक मुकाबले देखने को मिले तो वहीं दूसरी ओर एमनीव विज़न स्कूल के कक्षा 8 (सेक्शन एडवेंचर) के छात्र प्रियदर्शन शाक्य, पिता देवेन्द्र कुमार एवं माता श्रीमती ज्योति शाक्य का एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के लिए चयन, पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बना। प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न वर्गो में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। अंडर-17, अंडर-48 किलोग्राम वर्ग में शौर्य सिंह ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि अंडर 14 वर्ग में आदिति प्रभात वर्मा और अंबी मौर्य ने शानदार खेल दिखाया। साथ ही अंश कुमार, सक्षम, युवराज, देव यादव और असित ने भी अंडर-17 वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। संेट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लखीमपुर खीरी (ईस्ट ज़ोन)से ओंकार भारद्वाज ने अंडर 14 गर्ल्स 38+किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में पहुँचकर सराहना पाई, जबकि सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल के अंश चौधरी ने अंडर-19 बॉयज़ अंडर 45 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। शनिवार को पूरे दिन आयोजन स्थल हाय्या की गूंज और दर्शकों की तालियों से उत्साहित रहा। खिलाड़ियों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और तकनीकी दक्षता से यह सिद्ध कर दिया कि यह प्रतियोगिता केवल शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और खेल भावना की भी परीक्षा है। रेफरी पैनल और तकनीकी निर्णायकों ने अत्यंत निष्पक्षता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप मुकाबलों का संचालन किया। आयोजन स्थल पर मेडिकल, सुरक्षा, तकनीकी सहायता और दर्शकों के लिए सभी व्यवस्थाएँ व्यवस्थित रहीं। सीबीएसई के ऑब्ज़र्वर शिव कुमार और राष्ट्रीय खेल समिति के सदस्य निखिल हंस की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। दोनों ने खिलाड़ियों के जोश, अनुशासन और खेल भावना की सराहना की और कहा कि यह मंच युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। एमनीव विज़न स्कूल के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह खेल युवाओं को अनुशासन, धैर्य और सम्मान सिखाता है, जो जीवन की हर चुनौती का सामना करने में सहायक होता है। शनिवार को शाम से सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों की शुरुआत हो चुकी थी, जिनका सभी को बेसब्री से इंतज़ार है। ताइक्वांडो की यह भव्य प्रतियोगिता हर दिन नए कीर्तिमान रच रही है और खिलाड़ियों के उत्साह से भरपूर माहौल को और ऊँचाइयों तक ले जा रही है।

## वर्षा की विदाई, रबी की बुवाई की तैयारियां तेज

**भरुआ सुमेरपुर, अवधनामा संवाददाता।** खेतों में कांस के फूलने और लोमड़ी की आवाज से किसानों ने मान लिया है कि अब मानसून विदा हो चुका है। मशहूर मौसमी कवि घाघ की कहावत ÷बोली लुखरी फूला कांस, अब वर्षा की छोड़ो आस÷ किसानों के लिए संकेत बन गई है। किसानों ने सरसों, मटर, चना, तोइया और मसूर जैसी रबी की फसलों की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र के इंद्रपाल यादव, राजा सिंह, उदयभान यादव, मान सिंह भदौरिया, ऐनुद्दीन व अन्य किसानों ने बताया कि हालात पूरी तरह से घाघ की कहावत के अनुरूप हैं। असंचित क्षेत्रों में पितृपक्ष से रबी फसलों की बोआई शुरू हो जाएगी।

## पुलिस की मौजूदगी में किसानों को मिला डीएपी



**भरुआ सुमेरपुर, अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को कस्बे के क्रय-विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र पर डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ और हंगामे की स्थिति को देखते हुए पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में लाइन लगवाकर खाद का वितरण किया गया। शाम तक दोनों केंद्रों पर आया एक-एक ट्रक डीएपी पूरी तरह खत्म हो गया। पीसीएफ केंद्र प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि वितरण शासन की गाइडलाइन के मुताबिक हुआ। वहीं सहकारी समिति प्रभारी शुभम तिवारी ने बताया कि सुबह से शाम तक खाद का वितरण पुलिस की निगरानी में कराया गया।

## लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा आज लायंस स्कूल में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**सोनभद्र/रेणुकूट, अवधनामा संवाददाता।** लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा आज लायंस स्कूल में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हमारे पूर्व रिटायर्ड लायन साथी, लायन आर.एस. गौतम जी के सुपुत्र शिवम गौतम जी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के 230बच्चों को क्लास एलकेजी से लेकर क्लास 5 तक बच्चों के बीच उपयोगी उपहार सामग्री का वितरण किया। यह कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से 11:00 बजे तक संपन्न हुआ। उपहार प्राप्त कर बच्चे अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित दिखे। बच्चों की मुस्कान और खुशी शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। लायंस क्लब रेणुकूट का मानना है कि यदि हमारे छोटे से प्रयास से किसी के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारे सेवा कार्य का सबसे बड़ा पुरस्कार है। क्लब निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्य निरंतर करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। इस कार्यक्रम के सहयोग में क्लब सचिव लायन बृजेश जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष लायन नवीन जोशी जी उपस्थित रहे।

# एबीवीपी सोनभद्र ने निकाली रॉबर्ट्सगंज मसाल जुलूस यात्रा

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** रामस्वरूप विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा हमले और पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP), सोनभद्र इकाई ने शुक्रवार शाम रॉबर्ट्सगंज नगर में एक जोरदार मसाल जुलूस यात्रा निकाली।

यात्रा के माध्यम से विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अनियमितताओं, विधि पाठ्यक्रमों की मान्यता की कमी, छात्रों के लिए बने भवनों पर अवैध कब्जे, और कोर्ट के आदेशों की अनदेखी जैसे गंभीर मुद्दों पर तीव्र विरोध दर्ज किया गया।

ABVP की प्रमुख माँगें इस प्रकार हैं 1. लाठीचार्ज घटना में पुलिसकर्मियों व बाहरी गुंडों सहित सभी दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। किसके आदेश पर लाठीचार्ज किया गया यह सभी प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं जिनका उत्तर अतिशीघ्र सार्वजनिक किया जाए। 2. विधि छात्रों के वर्तमान को भ्रम में रखकर भविष्य के साथ खिलवाड़ कर नवीनीकरण व अनुमति के बिना विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन की समग्रता से तथ्यात्मक जांच की जाए व पूरी प्रक्रिया में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित किया जाए। विलम्ब शुल्क के नाम पर अर्थदण्ड के रूप में बड़ी धनराशि की उगाही, सामाजिक कल्याण के नाम पर लिए जाने वाले शुल्क,निर्धारित मानक आदि की भी सघनता से जांच कर रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने तक विश्वविद्यालय को सील किया जाए।

3. उच्च शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा दर्ज कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर रामस्वरूप विश्वविद्यालय पर कार्यवाही आरम्भ की जाए। चांसलर, वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार सहित अन्य दोषियों की गिरफ्तारी हो।

4. श्री रामस्वरूप विश्वविद्यालय ने लगभग 6 बीघे सरकारी भूमि (नाली, तालाब, बंजर व चकमार्ग) पर अवैध कब्जा कर लिया था। राजस्व जांच के बाद मामला तहसीलदार कोर्ट पहुँचा, जिसने 25 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय प्रबंधन पर ?27.96 लाख जुर्माना लगाते हुए कब्जा हटाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 15 दिन में जुर्माना अदा कर स्वयं अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया है।कब्जा हटाने हेतु बुलडोजर कार्यवाही की जाए। ABVP पदाधिकारियों ने क्या कहा-शशांक मिश्रा (प्रदेश सह मंत्री, ABVP) ने कहा छात्रों की आवाज़ को दबाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्र हितों की रक्षा के लिए ABVP हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

सौरभ सिंह (विभाग संयोजक) ने कहा, यह मसला केवल एक विश्वविद्यालय का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के छात्रों के भविष्य से जुड़ा है। ललितेश मिश्रा (जिला संयोजक) ने चेतावनी दी यदि आगामी 48 घंटों के भीतर प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो ABVP प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे- प्रान्त जनजाति कार्य प्रमुख मनमोहन, प्रान्त कार्यसमिति सदस्य अनमोल सोनी, तहसील संयोजक राहुल जलान पूर्व जिला संयोजक सौरभ चौबे और मृगांक दुबे, अतुल पांडे, मनीष पटेल, आशुतोष मोदनवाल, सत्यम शुक्ला, अभय सिंह, आलोक सोनकर, हर्ष चौबे, आनंदजीत सिन्हा, नितेश पांडेय, अनिकेत सिंह, श्याम पाठक, शशांक मिश्रा, केतन, साहिल पांडेय, शिवेंद्र यादव, अंकित भट्ट, सक्षम पांडेय, विकास पांडेय, आयुष पाठक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ओबरा तहसील में जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें। भूमि से संबंधित प्रकरणों का संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लेने के बाद निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने एसपी अशोक कुमार मीणा, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, आदि अधिकारियों के साथ 61 शिकायतें सुनते हुए मौके पर चार प्रकरणों को निस्तारित किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** शक्तिनगर एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शिक्षक दिवस 2025 का आयोजन आवासीय परिसर स्थित मनोरंजन केंद्र में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शक्तिनगर टाउनशिप स्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के अमूल्य योगदान को सम्मानपूर्वक सराहा गया। इस आयोजन में टाउनशिप स्थित आठ विद्यालयों संत जोसेफ विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय, टाइनी टॉट्स विद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, अंबेडकर विद्यालय, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों के स्वागत के साथ की गई। इसके पश्चात एक संक्षिप्त वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका को दर्शाया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम और विद्यार्थियों के विकास में उनकी भूमिका की सराहना की। इसके उपरांत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रधानाचार्यो और सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स एंड मेंटेनेंस), जोसेफ बास्टियन ने अपने संदेश में कहा, शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, दृष्टिकोण और मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनटीपीसी सिंगरौली की ओर से हम उनके इस निरंतर योगदान की सराहना करते हैं और उनके प्रयासों को सम्मान करते हैं। कार्यक्रम का समापन फिल्म प्रदर्शन के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम, एसएसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (PET-2025) के दृष्टिगत जिलाधिकारी शुभ्रांन्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रीफिंग करते हुये बताया गया कि किसी भी प्रकार का कोई भी गैजेट (पर्स), प्रतिबंधित वस्तु इत्यादि परीक्षा केंन्द्रों में नहीं जायेगी एवं उन्होंने परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं, पुलिस बल की ड्यूटी, यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा अवधि में केन्द्रों के आसपास किसी प्रकार की भीड़भाड़ न होने पाए एवं यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

### कंस मेले की तैयारियों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** थाना मौदहा क्षेत्र के कंस मेले की तैयारियों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मीरा तालाब, अलाव मैदान व देवी चौराहा का भ्रमण कर मेला कमेटी सदस्यों से वार्ता की और सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर शांति एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा पुलिस बल के सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। मेला के दौरान यातायात व पार्किंग व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व थाना प्रभारी समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### एडीएम व एएसपी ने पुलिस बल की ब्रीफिंग कर कंस मेले की तैयारियों की समीक्षा की



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** ऐतिहासिक कंस मेला आयोजन को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को थाना मौदहा क्षेत्र में अंर्तजनपदीय व बाह्य जनपद से आए पुलिस बल की ब्रीफिंग की। बैठक में मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन, शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिंदुवार चर्चा की गई। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की जानकारी दी। स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए एंबुलेंस व मेडिकल टीम तथा त्वरित कार्रवाई हेतु क्यूआरटी की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने ड्यूटी में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में कराया दंगा नियंत्रण एवं बलवा ड्रिल अभ्यास



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड मौदहा में दंगा नियंत्रण एवं बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया। अभ्यास में दंगा नियंत्रण जोनल टीम व पुलिस बल शामिल रहे। अधिकारियों ने कर्मचारियों को एन्टी-राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड व लेग गार्ड जैसे उपकरणों की जानकारी दी और इनका उपयोग कर त्वरित कार्रवाई का अभ्यास कराया। दंगा नियंत्रण किट का निरीक्षण कर अधिकारियों ने बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुलिस बल को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और विभाग की गरिमा बनाए रखने की हिदायत दी गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी यातायात सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाइक सवार खड़े ट्रक से टकराया, मौत

**भरुआ सुमेरपुर, अवधनामा संवाददाता।** शनिवार रात फैक्ट्री एरिया की ओर से कस्बे की तरफ आ रहा बाइक सवार नशे की हालत में हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी भरत तिवारी (30) पुत्र शिवराम के रूप में हुई है। बताया गया कि उसने हेलमेट नहीं लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**भरुआ सुमेरपुर, अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का शनिवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के समीप स्थापित रंगबाज महाराज की प्रतिमा के नेतृत्व में सभी मूर्तियों ने कस्बे में नगर भ्रमण किया। जुलूस हाईवे से होते हुए तपोभूमि प्रांगण पहुंचा, जहां तालाब में क्रमवार सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कस्बे में गणेश प्रतिमा की स्थापना सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय के समीप रंगबाज महाराज के रूप में हुई थी। इसके बाद रामलीला मैदान, धर्मेश्वर बाबा व नई बस्ती में भी प्रतिमाएं स्थापित की गई। विसर्जन के दौरान सुरक्षा का जिम्मा थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने संभाला।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 07 सितम्बर, 2025



# सीएम योगी ने किया यूपी टी-20 लीग सीजन-3 का समापन

## मेरठ मेवरिक्स और काशी रूद्रास के बीच हुआ फाइनल मुकाबला

- मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से भेंट कर बढ़ाया उत्साह
- योगी बोले यूपी को बीसीसीआई से मिलनी चाहिए 4 और टीमें
- हर जिले में स्टेडियम और हर पंचायत में ओपन जिम बनाने की योजना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 'उत्तर प्रदेश टी-20 लीग' सीजन-3 क्रिकेट मैच के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से भेंट की और मेरठ मेवरिक्स व काशी रूद्रास के बीच आयोजित फाइनल मैच का अवलोकन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शक्ति और सामर्थ्य दोनों हैं। यहां सबकुछ सम्भव हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए देश में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। देश में 'खेलो इण्डिया', 'फिट इण्डिया' जैसे अभियान पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। खेल व खेल संस्कृति को और विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल नीति-2025 लागू की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय भारत का है और खेल व खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे भी अच्छा प्लेटफॉर्म मिलेगा। 'उत्तर प्रदेश टी-20 लीग' ने उभरती प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान किया है। इतनी बड़ी जनसंख्या व सामर्थ्य के राज्य उत्तर प्रदेश का खेलों में प्रतिनिधित्व और बढ़ना चाहिए। इसके दृष्टिगत उन्होंने बी0सी0सी0आई0 से कहा कि उत्तर प्रदेश से कम से कम 04 टीमें और होनी चाहिए। खेल क्षेत्र में लोगों को सक्रियता के साथ आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लखनऊ व कानपुर में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वाराणसी में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है, जिसका 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इस वर्ष के अंत तक यह स्टेडियम क्रियाशील हो जाएगा। इसी प्रकार अयोध्या में भी एक स्टेडियम निर्माणाधीन है। गोरखपुर में एक अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में मेजर ध्यानचन्द के नाम पर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर जनपद में स्टेडियम, हर विकास खण्ड में मिनी स्टेडियम और हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान व ओपन जिम युद्धस्तर पर निर्मित करा रही है। उभरते खिलाड़ियों को सरकार निरन्तर प्रोत्साहित कर रही है। अच्छे खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में अच्छे मानदेय पर रखा जा रहा है। ज्ञातव्य है कि 'उत्तर प्रदेश टी-20 लीग' सीजन-3 का आयोजन 17 अगस्त से 06 सितम्बर, 2025 तक किया जा रहा है। इस टी-20 लीग में वाराणसी, गोरखपुर, नोएडा, मेरठ, लखनऊ और कानपुर की टीमें शामिल हैं। आज मेरठ मेवरिक्स व काशी रूद्रास के मध्य फाइनल मैच हुआ। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बी0सी0सी0आई0 के मानद उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 निधिपति सिंघानिया, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डी0एस0 चौहान, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश कुमार अवस्थी तथा क्रिकेट जगत से जुड़े पदाधिकारी व लोग उपस्थित थे।

## शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय मील का पत्थर होगा

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस निर्णय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षक ही नहीं बल्कि शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइए तक को लाभ मिलेगा। यह सुविधा लगभग नौ लाख शिक्षक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी और आकस्मिक परिस्थिति में उन्हें राहत देगी।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षक जगत की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां उनका यह निर्णय शिक्षा उनकी मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है वहीं शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके योगदान के प्रति सरकार की सच्ची कृतज्ञता है।

# महिला पीजी कॉलेज अलीगंज में पोषण माह व्याख्यान

अवधनामा ब्यूरो

- सही खानपान से जीवन सुधार पर बल

**लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज, अलीगंज, लखनऊ में मनाए जा रहे पोषण माह के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यानमाला श्रृंखला के तहत बेहतर जीवन के लिए सही खानपान विषय पर - पंतनगर से एमेरिटस प्रोफेसर रीता रघुवंशी द्वारा दिया गया।इस व्याख्यान में प्रोफेसर रीता रघुवंशी पोषण के महत्व और इसके हमारे जीवन पर प्रभाव के बारे में चर्चा की। गर्भस्थ शिशु से वृद्धावस्था तक पोषण व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। सही भोजन यदि गर्भावस्था में भी न लिया जाए तो वह नवजात शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित करता है और वह शिशु जन्म पर्यंत दूसरों पर बोझ के सामान होता है। इस व्याख्यान में प्रोफेसर रीता रघुवंशी ने पोषण के महत्व और इसके हमारे जीवन पर प्रभाव के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सही खानपान हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है।

प्रोफ़ेसर रघुवंशी ख्यातिप्राप्त राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पोषण संस्थानों में सदस्य हैं ।उन्होंने पोषण के क्षेत्र में होने वाली नवीनतम शोध सार को महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों के साथ बहुत ही सरल शब्दों के साथ प्रभावी तरीके से साझा किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने उनके द्वारा की दिए गए बहुमूल्य समय और व्याख्यान के लिए उनको धन्यवाद दिया और बताया कि किस प्रकार से थोड़ी मेहनत से जंक फूड से बेहतर विकल्प बच्चों को दिए जा सकते हैं।उनमें मैदा की जगह चोकर युक्त आटा और मोटे अनाज का प्रयोग किया जा सकता है।

गृह विज्ञान विभाग की ही प्रवक्ता प्रोफेसर शिवानी श्रीवास्तव एवं डॉक्टर हेमलता पाण्डेय द्वारा आयोजित किया गया।

## कारागारों में सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश

**लखनऊ।** कारागार मुख्यालय सभागार, लखनऊ में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कारागार विभाग की प्रशासनिक एवं सुधारात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। कारागार मंत्री ने कारागारों में ओवरक्राउडिंग की समस्या एवं समाधान हेतु नए जेलों एवं बैरकों के निर्माण की प्रगति को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और जेलों के आधुनिकीकरण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बैठक में कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी कार्यशीलता, स्टोरेज क्षमता एवं पावर बैकअप की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। कारागार मंत्री ने निर्देश दिए कि निगरानी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए नियमित काउंसलिंग, योग, ध्यान एवं मनोवैज्ञानिक सहायता की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

# छात्रों ने उच्चशिक्षा से सम्बन्धित सारगर्भित जानकारी प्राप्त की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'यूनिवर्सिटी फेयर' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर आस्ट्रेलिया, कनाडा, साइप्रस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, जापान, कजाकिस्तान, सिंगापुर, इंग्लैण्ड, अमेरिका एवं भारत के 130 से अधिक विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उच्चशिक्षा हेतु एडमीशन, स्कॉलरशिप व उपलब्ध पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे कि 12वीं कक्षा के बाद छात्र अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चुनाव कर सकें और स्वयं को उसके लिए तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकें। इस यूनिवर्सिटी फेयर में कक्षा 11 व 12 के हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया। 'यूनिवर्सिटी फेयर' की खास बात रही कि इसमें छात्रों को विदेश में उच्चशिक्षा, स्कॉलिस्टिक एप्टीट्यूट टेस्ट (सैट) एवं एडवांस प्लेसमेन्ट (एपी) प्रोग्राम की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। यूनिवर्सिटी फेयर में छात्रों के झुंड विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्टाल पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करते नजर आये और उत्साह व जिज्ञासा से भरपूर छात्रों के बीच शैक्षणिक चर्चा-परिचर्चाओं का दौर देखने को मिला।

# यूपी सरकार और IIT खड़गपुर में करार

- सेफ सिस्टम अप्रोच से सड़कें होंगी सुरक्षित
- IIT खड़गपुर देगा तकनीकी सहयोग
- ओवरस्पीडिंग और दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए यूपी में लागू होगा सेफ सिस्टम अप्रोच
- IIT खड़गपुर बनेगा तकनीकी भागीदार
- सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता: सीएम योगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह रूश्न दुनिया भर में मान्यता प्राप्त सेफ सिस्टम अप्रोच को लागू करने के लिए किया गया है–यह एक प्रमाण-आधारित ढांचा है, जो ट्रैफिक चोटों और मृत्यु दर को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है।

यह MoU उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट इवेंट के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में सम्माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

इस साझेदारी की आवश्यकता को MoRTH 2023 रिपोर्ट द्वारा रेखांकित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 23,652 मौतों और 44,500 से अधिक दुर्घटनाओं का रिकॉर्ड है, जो पूरे देश में सबसे अधिक हैं। राज्य में मृत्युदर 2022 की तुलना में 4.7 प्रतिशत बढ़ी है, और केवल ओवरस्पीडिंग के कारण लगभग 70 प्रतिशत मौतें हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सड़क दुर्घटनाओं ने COVID-19 महामारी से भी अधिक जानें ली हैं, और यह हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसे पार करने के लिए, हमें अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्रवाई योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू करना होगा। सड़क सुरक्षा केवल बुनियादी ढांचे के उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार में बदलाव और कानूनों का कड़ाई से पालन भी आवश्यक है। हमें प्रमुख जोखिम कारकों–ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर ड्राइविंग, हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग न करना–को संबोधित करना होगा, साथ ही नियमित ड्राइवर परीक्षण, मेडिकल फिटनेस जांच और आधुनिक तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करना होगा। IIT खड़गपुर के साथ यह साझेदारी हमारे सड़क सुरक्षा उपायों के तकनीकी कार्यान्वयन को मजबूत करेगी।

## समाचार पत्र वितरक समिति के टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन संपन्न



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति का नगर निगम द्वारा रूमी गेट पुलिस चौकी के निकट स्थान निर्धारित किया गया। आज उसी स्थान पर टीन सेट का कार्य आरंभ से पूर्व आचार्य राजेश शुक्ल एवं पंडित कार्तिक शुक्ल द्वारा भूमि पूजन वैदिक विधि विधान से नीरज बोरा (विधायक), अनुराग मिश्रा (पार्षद) एवं प्रदीप कुमार वर्मा चौक डिपो (अध्यक्ष) द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर रिद्धि किशोर गौड़, शालू टंडन, अंकुर दीक्षित, नीरज अवस्थी, गोपाल नाथ शर्मा, उमाशंकर मिश्रा, राजेंद्र सिंह, दया शंकर, सतीश वर्मा, गोपाल,दिनेश चंद कश्यप, संजय अवस्थी, अनुराग पांडे,व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## चौक में धूमधाम से मना गणपति जन्मोत्सव



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** गणपति जन्मोत्सव इस बार घर-घर उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। चौक स्थित बान वाली गली में आचार्य राजेश शुक्ल एवं पंडित कार्तिक शुक्ल की वैदिक विधि से श्री आसाराम गुप्ता एवं प्रदीप कुमार वर्मा ने धूमधाम से गणपति पूजन कराया। विशेष बात यह रही कि नदी में प्रदूषण न हो, इसके लिए भगवान गणेश जी का नगर भ्रमण कराने के बाद गौशाला में एक पात्र में तीर्थों का जल भरकर मंत्रोच्चारण के बीच विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में पंकज वैश्य, सौरभ गुप्ता, गौरव, सुभांशु, लकी शुक्ल, राजलक्ष्मी, पूजा, ज्योति, आकांक्षा, आरती, आयुष, लक्ष्मी, राज किशोर, सुजीत, हरिओम, मुन्ना वैश्य, कुसुम, सौम्या, पलक, हिमांशु, सीता, प्रियांशु, मुस्कान सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए और गणपति पूजन में सहभागिता की।

## मौलाना मोहम्मद अली हैदर की मजलिस आज

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** शाही मस्जिद रईस मंज़िल के पेश इमाम व आसिफी मस्जिद के नायब इमाम और हजरत गुफरानमाब के परपोते अयातुल्लाह अली शब्बर मुजतहिद के बड़े बेटे मौलाना मोहम्मद अली हैदर नक़वी मरहूम की मजलिस रविवार को इमामबाड़ा गुफरानमाब चौक में सुबह 10 बजे होगी। मजलिस को मौलाना रजा हुसैन खिताब करेंगे। मजलिस बाद अंजुमन गुंचाए मेहदिया सहित कई अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगे। महिलाओं की मजलिस उनके निवास रईस मंजिल में दोपहर एक बजे होगी।

## जश्ने रिसालत व जश्ने इमामत आज

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** फ़लक से दुरुद सलाम आ रहे है, रसूल आ रहे हैं इमाम आ रहे हैं। हजरत रसूले खुदा (स) और इमाम जाफर सादिक (अ.स) की विलादत के सिलसिले में मस्जिद शहदरा, मोहान रोड नियर बुधेश्वर चौराहा में रविवार 7 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे जश्ने मुरसले आज़म व जश्ने इमाम जाफ़र-ए-सादिक (अ.स) मनाया जाएगा। जश्न से पहले जोहर की नमाज़ और हदीसे किसा होगी। जश्ने महफ़िल को मौलाना सैयद अतहर अब्बास ख़तिाब करेंगे। इसके बाद शायर नज़रान-ए-अक़ीदत पेश करेगे। कार्यक्रम का आयोजन ज़ायरीन-ए-कर्बला ने किया है।

# लखनऊ विवि ने विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया

- योगी सरकार विश्वविद्यालयों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य बना रही है: उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)-2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त करते हुए कई श्रेणियों में ऊँची रैंक हासिल की है। यह इस बात का प्रतीक है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में न कि सिर्फ उच्च शिक्षा का उन्नयन और उच्चीकरण हो रहा है बल्कि उ0प्र0 उच्च शिक्षा का एक बड़ा हब बनने की दिशा में अग्रसर भी हो रहा है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस अवसर पर सभी कुलपतियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रदेश सरकार के शिक्षा सुधारों, गुणवत्ता उन्नयन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रत्यक्ष परिणाम है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि एनआईआरएफ-2025 में मिली यह उपलब्धि प्रदेश की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और विद्यार्थियों के परिश्रम का सजीव प्रमाण है।

# रोज़गार महाकुंभ के सफल समापन, श्रम एवं सेवायोजन विभाग मिशन मोड में

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार सुनिश्चित करने हेतु कौशल अंतर (स्किल गैप) एक महत्वपूर्ण मुद्दा है इसको दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस में श्री अनिल राजभर, मंत्री जी, श्रम एवं सेवायोजन विभाग के नेतृत्व में अधिकारियों के एक दल ने ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित 'विश्व कौशल केंद्र' (वर्ल्ड स्किल सेंटर) का भ्रमण किया।

ओडिशा सरकार के श्रम एवं ईएसआई मंत्री श्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। दोनों मा.मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में अपने विभागों द्वारा की गई नई पहलों पर चर्चा की। श्री अनिल राजभर ने श्री गणेश राम सिंह खुंटिया को अटल आवासीय विद्यालय, रोज़गार मिशन, सभी रोज़गार गतिविधियों में महिलाओं को शामिल करने और हाल ही में संपन्न रोज़गार महाकुंभ के बारे में बताया। उन्होंने श्री गणेश राम सिंह खुंटिया को उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालय देखने के लिए आमंत्रित भी किया।

इसके उपरान्त मंत्री विश्व कौशल केंद्र (वर्ल्ड स्किल सेंटर) का दौरा करने के लिए रवाना हुए, जो उन्नत कौशल प्रदान करने और वैश्विक स्तर पर रोजगार योग्य युवाओं को तैयार करने वाला भारत का पहला और अपनी तरह का अनूठा प्रमुख कौशल संस्थान है। 18 मंजिली इस इमारत में 52 कौशल प्रयोगशालाएं हैं। टीम ने युवाओं को भवन निर्माण से संबंधित पहलुओं - लिफ्ट और एस्केलेटर संचालन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन, विद्युत प्रौद्योगिकी, एकीकृत भवन प्रबंधन आदि पर प्रशिक्षण देने के लिए कौशल प्रयोगशालाओं का दौरा किया है। आधिकारिक टीम ने आतिथ्य प्रबंधन के प्रशिक्षुओं के साथ भी बातचीत की है। डब्ल्यूएससी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रश्मिता पांडा आईएएस, मंत्री और अन्य अधिकारियों को विभिन्न कौशल प्रयोगशालाओं में ले गई और प्रत्येक प्रयोगशाला में प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में बताया। मंत्री जी द्वारा इन कौशल प्रयोगशालाओं के कामकाज की सराहना की गयी और उत्तर प्रदेश में निर्माण श्रमिकों के लिए इनमें से कुछ स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की गयी।

इसके उपरान्त टीम ने 'कौशल विकास संस्थान' स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया, जो भुवनेश्वर से लगभग 35 किमी दूर स्थित है। यह एक भारत सरकार का संगठन है और यह तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों द्वारा स्थापित भारत का पहला एसडीआई भी है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड , ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड , गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, और बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि एकत्रित की गई।

# मस्जिद का क़याम, हिजरत और भाईचारा सीरते नबवी स0 के अहम पहलू : नदवी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सोशल एण्ड एजूकेशनल एवेयरनेस फोरम के तत्वावधान में आज एक अहम इल्मी और दीनी कार्यक्रम, मीटिंग हॉल, नूर कॉम्प्लेक्स, मुकारिम नगर, डालीगंज, लखनऊ में आयोजित किया गया। इस बैठक का केंद्रीय विषय था रबीउल अव्वल में नबी स0 के जन्म के अतिरक्त अन्य ऐतिहासिक घटनाएँ'। कार्यक्रम की शुरुआत सैयद अबुल हसन खुबैब की तिलावत कुरआन से हुई। इस अवसर पर मौलाना जकी नूर अजीम नदवी ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा किः रबीउल अव्वल के महीने में केवल नबी अकरम स0 का जन्म ही नहीं हुआ, बल्कि इसी मुबारक माह में इस्लामी इतिहास की नई बुलंदियों का कारण बनने वाली महान घटना हिजरत भी पेश आई। इसी महीने मस्जिदे कुबा और मस्जिद नबवी की नींव रखी गई। फिर नबी स0 ने इस्लाम की सबसे बड़ी विशेषता भाईचारे पर आधारित इस्लामी समाज के निर्माण के लिए मुहाजिरीन और अंसार के बीच 'भाईचारे' का वह नमूना पेश किया जो किसी भी समाज की तरक्की और खुशहाली का सबसे बड़ा जरिया है। इसी माह में खलिाफते राशिदा का कयाम भी हुआ और सहाबा किराम ने दुनिया को दिखा दिया कि नबी के बाद इंसानियत की रहनुमाई और तरक्की की नींव कैसे रखी जा सकती है। असेवानिवृत्त जस्टिस महमूद अहमद खान ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया और मुसलमानों को शिक्षा तथा हिजरत के उद्देश्यों को समझकर अपनी जिंदगी में ढालने की नसीहत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्वान प्रोफेसर डॉ. मुशीर हुसैन सिद्दीकी ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि नबी करीम स0 की सीरत पढ़ना, उसे आम करना और खास तौर पर राष्ट्रीय भाइयों को इससे अवगत कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## जानसठ में बनेगा महर्षि कश्यप स्मारक

**लखनऊ।** योगी सरकार ने मुज़फ़्फ़रनगर जनपद को बड़ा तोहफ़ा देते हुए मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा जानसठ में भगवान महर्षि कश्यप का भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 1 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर सरकार ने सहमति जताते हुए बजट जारी कर दिया है। जानसठ क्षेत्र पहले से ही धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष पहचान रखता है। महर्षि कश्यप स्मारक के निर्माण से यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन की गतिविधियों से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार व व्यवसाय के अवसर बढ़ेंगे। प्रदेश सरकार का यह निर्णय पिछड़े वर्ग और समाज की भावनाओं को सम्मान देगा।

## बलरामपुर गार्डन में 22वां पुस्तक मेला : तीसरा दिन

# काव्य समारोह संग 60 साल की काव्य यात्रा का विमोचन

- एक ओर गीता दूसरी तरफ असल जासूसी और अपराधिक कथाएं



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में चल रहे 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का तीसरा दिन उत्सवी माहौल लिए भीड़ भरा रहा। पुस्तक प्रेमी मनपसंद किताबों में उलझे दिखायी दिये। चौथे दिन के कार्यक्रमों में कल कई चर्चित किताबों का विमोचन होगा। यहां नयी किताबों में राजकमल प्रकाशन समूह चार्ली चैप्लिन की आत्मकथा, सीमा कपूर की यूं गुजरी अब तलक, जावेद अख्तर की सीपिया, गुलज़ार के 500 गीतों का संग्रह गुनगुनाएं और अनूपमणि त्रिपाठी की व्यंग्य पुस्तक सांपों की सभा पाठकों को पसन्द आ रही हैं। प्रभात प्रकाशन स्टाल पर असली जासूसी दुनिया से एफबीआई जासूसी के कौतुकपूर्ण कारनामे, सीआईए के अनसुने सच, केजीबी के अनसुने सच जैसी एन चोक्सन की कई किताबों के संग और अपराधिक पृष्ठभूमि से उपजी सच्ची घटनाओं से बृजलाल की डेढ़ बिस्वां जमीन आम पाठकों की पसंद में सबसे आगे हैं। मेले में अपूर्व शाह एक इंची भगवद्गीता लाएं हैं तो दिव्यांश पब्लिकेशंस में सबसे बड़ा आठ खण्डों और करीब चार हजार पृष्ठों का ओशो गीता दर्शन का नया संस्करण भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। नीरज बताते हैं आचार्य चतुरसेन की वयं रक्षामः, वैशाली की नगरवधू, भगत सिंह की मेरी जेल डायरी तथा हिन्द युग्म की किताबों में विनोद कुमार शुक्ल की दीवार में एक खिड़की, केवल जड़ें हैं, मानव कौल की संयम दिव्यप्रकाश दुबे की यार पाप, अक्टूबर जंक्शन, और शुगर डैडी अधिक बिक रही हैं। आज कार्यक्रमों में नवसृजन संस्था का काव्य समारोह नरेन्द्र भूषण, आचार्य ओम नीरव, डा.शिव मंगल सिंह, रवींद्रनाथ तिवारी, डा.सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक श्री राजेश द्विवेदी, हरि प्रसाद अग्रवाल, चन्द्रपाल सिंह, त्रिवेणी प्रसाद, उपेन्द्र वाजपेयी की उपस्थिति में अनिल किशोर शुक्ल निडर की वाणी वन्दना से आरम्भ हुआ। कार्यक्रम में डा.योगेश, मन्जू सक्सेना एवं देवेश द्विवेदी देवेश द्वारा संपादित साझा काव्य-संग्रह वह तुम हो के रचनाकारों का काव्यपाठ हुआ। समाज की विसंगतियों को रेखांकित डा.वीना उदय रचित काव्य संग्रह निनाद पर चली परिचर्चा में डा.दिनेश चन्द अवस्थी, सुधाकर अदीब, समीक्षक पद्म कांत शर्मा प्रभात, सौम्या मिश्रा, संदीप अनुरागी, डा.अमिता दुबे, डा.उदय प्रताप सिंह व संचालक डॉ.अर्चना सिंह ने विचार व्यक्त किये।शायर संजय मिश्रा शौक़ की अध्यक्षता में चले दिव्यांश और सर्वोदय प्रचार प्रसार ट्रस्ट के कार्यक्रम में जय नारायण मिश्र पी. जी. कॉलेज के प्राचार्य डा. विनोद चंद्र की उपस्थिति में संयोजक सोमनाथ कश्यप, संचालक धीरज मिश्र, अनुपम श्रीवास्तव, अभिषेक सहज, अमित अवस्थी, बलवंत सिंह, हर्षित मिश्र, ज्ञान प्रकाश आकुल, आदर्श सिंह निखिल, चंद्रेश शेखर आदि ने काव्य पाठ किया।